e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 64
गुरुवार
06.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12। मूल्य 4 आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
कलह पर विजय पाने के लिए मौन से बड़ा कोई अस्त्र नहीं!

ताजा खबरों के लिए देखें

**रोजा का समय**
इफ्तार (06.03.25) : शाम 5.56 बजे
सेहरी (07.03.25) : सुबह 4.43 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## श्रम विभाग के अंतर्गत नवचयनित 49 प्रशिक्षण अधिकारियों को सीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र

# नियुक्तियों का कारवां बढ़ता रहेगा : हेमंत सोरेन

### मुख्यमंत्री बोले

- नौजवानों को हुनरमंद बनाने एवं रोजगार से जोड़ने के लिए उठाये जा रहे हैं कई कदम
- आईटीआई जैसे तकनीकी संस्थानों को बना रहे मजबूत एवं संसाधनयुक्त
- युवाओं को रोजगार से जोड़कर राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध
- बदल रहे जमाने के अनुरूप अपने हुनर को नहीं निखारेंगे तो काफी पीछे रह जायेंगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हाथों 49 नव चयनित प्रशिक्षण पदाधिकारियों को जब नियुक्ति पत्र मिला तो उनके चेहरे की मुस्कान देखते ही बन रही थी। खुशियों से भरा यह अवसर था- झारखंड मंत्रालय में श्रम, प्रशिक्षण, नियोजन एवं कौशल विकास विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि नियुक्तियों का यह कारवां बढ़ता रहेगा। युवाओं को रोजगार से जोड़कर राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने नव चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज से सरकार की एक अभिन्न अंग के रूप में जिम्मेदारियों से भरे नए सफर की आप शुरुआत कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि आप प्रशिक्षण देकर युवाओं के हुनर को इस तरह से निखारेंगे कि उन्हें रोजगार के लिए मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्हें रोजगार के भरपूर अवसर प्राप्त होंगे। वे अपने हुनर तथा क्षमता की बदौलत देश -विदेश में मान सम्मान और गर्व के साथ कार्य कर अपने परिवार और राज्य का नाम आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई बार पॉलीटेक्निक संस्थानों के विद्यार्थियों ने मुलाकात कर पठन-पाठन एवं प्रशिक्षण को लेकर हो रही समस्याओं से अवगत कराया था। इसी बात को संज्ञान में लेकर आईटीआई संस्थानों को मजबूत और संसाधनयुक्त बनाने का कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में आईटीआई संस्थानों में पढ़ाई और प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में प्रशिक्षण पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हुनर का कोई मोल नहीं होता है। हुनर तो अनमोल है। अगर आपके पास हुनर हो तो आपको रोजगार के लिए दौड़ने की जरूरत नहीं है।

### मुख्यमंत्री ने आईटीआई संस्थानों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का पाठ्यक्रम शामिल करने पर दिया जोर, इलेक्ट्रिक वाहनों के मरम्मत संबंधी कोर्स भी किये जाएं शुरू

#### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को आईटीआई पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे जीवन का अहम हिस्सा बनता जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए तकनीक काफी आगे बढ़ चुका है। आज कृषि हो या उद्योग अथवा कोई और क्षेत्र- हर जगह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल तेज होता जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से अब आप अपने को अलग नहीं रख सकते हैं। ऐसे में हमारे नौजवान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में आगे बढ़ें, इसके लिए आईटीआई संस्थानों के पाठ्यक्रम में इसे शामिल करने की जरूरत है। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों की मरम्मत का प्रशिक्षण देने के लिए भी कोर्स संचालित करने पर जोर दिया।

#### प्रखंड स्तर पर कौशल विकास के प्रशिक्षण की है व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अब प्रखंड स्तर पर ही कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। मेरा नौजवानों से आग्रह है कि वे कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में आएं और अपने को दक्ष बनाएं। आपकी दक्षता आपके करियर को नई दिशा देगी।



#### युवाओं को एंटरप्रेन्योर एवं स्टार्टअप शुरू करने के लिए तैयार करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हम एक ऐसी व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जहां युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर ना सिर्फ उन्हें रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं बल्कि उनके हुनर को इस तरह से निखारने का प्रयास हो रहा है कि वे एक एंटरप्रेन्योर के रूप में आगे आकर अपना स्टार्टअप स्थापित कर सकें। इससे ना सिर्फ वे रोजगार प्राप्त करेंगे बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार से जोड़ने में सफल होंगे।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव,मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, श्रम विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, श्रमायुक्त संजीव कुमार बेसरा एवं कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

#### प्रशिक्षण में नई-नई तकनीकों के इस्तेमाल पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तेजी से तकनीकें बदल रही हैं। औद्योगिक जगत में अत्याधुनिक मशीनों का इस्तेमाल हो रहा है। मजदूरों के कार्य भी मशीनों के जरिए हो रहे हैं। ऐसे में अगर समय के अनुरूप आप अपने हुनर को नहीं निखारेंगे तो जमाने से काफी पीछे रह जाएंगे। रोजगार प्राप्त करना आपके लिए बड़ी चुनौती बन जाएगी। हमारा प्रयास है कि नई-नई तकनीको के माध्यम से आपको प्रशिक्षण मिले ताकि रोजगार के रास्ते आपके लिए हमेशा खुले रहें।

#### कौशल विकास के साथ रोजगार उपलब्ध करा रही है सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं का कौशल विकास के साथ उनके रोजगार के लिए भी कार्य कर रही है। कैंपस प्लेसमेंट और रोजगार मेला तथा कई अन्य माध्यमों से पिछले वर्ष 50 हजार से अधिक युवाओं को देश-विदेश के संस्थानों में सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराया गया। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि किसी एक व्यक्ति के बलबूते राज्य आगे नहीं बढ़ सकता है। सभी की भागीदारी से झारखंड जैसे राज्य का सर्वांगीण विकास संभव है।

## शहीद सीआरपीएफ जवान के घर पहुंचे डीजी, दी श्रद्धांजलि



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हुए नक्सली हमले में जिले के शहीद जवान महिमानंद शुक्ला के घर सीआरपीएफ के डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह बुधवार को दोपहर पहुंचे. इस दौरान सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के कई आला अधिकारी भी मौजूद थे. 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हुए लैंड माइंस विस्फोट में पलामू के लाल महिमानंद शुक्ला गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे. इस विस्फोट में उनके दोनों पैर उड़ गए थे. गंभीर हालत में उन्हें रायपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था. जहां उनका निधन हो गया.बुधवार को सीआरपीएफ के डीजी के साथ झारखंड के आईजी साकेत सिंह, झारखंड एडीजी अमोल वी होमकर, आईजी सुनील भास्कर, डीआईजी वाईएस रमेश, सीआरपीएफ डीआईजी पंकज कुमार, पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने उनके घर पर श्रद्धांजलि दी. इस दौरान डीजी ने शहीद महिमानंद शुक्ला के परिजनों से मुलाकात की. करीब 20 मिनट तक बच्चों से बातचीत की और भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा. शहीद महिमानंद की बेटी ने आईजी को बताया कि वह फैशन डिजाइनर बनना चाहती है. इस दौरान झारखंड सेक्टर के आईजी साकेत कुमार सिंह ने अपना नंबर परिजनों को दिया.

## क्विक न्यूज

### झारखंड में भाजपा विधायक दल का नेता चुनने के लिए भूपेंद्र यादव और के लक्ष्मण पर्यवेक्षक नियुक्त

**नई दिल्ली :** झारखंड विधानसभा को जल्द ही नेता प्रतिपक्ष मिलने जा रहा है। भाजपा संसदीय बोर्ड ने बुधवार को विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक के तौर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और सांसद डॉ. के. लक्ष्मण को नियुक्त किया है। दोनों जल्द ही झारखंड जाएंगे और भाजपा विधायक दल के नेता का चयन करेंगे। राष्ट्रीय मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी।दोनों पर्यवेक्षक जल्द ही झारखंड जाएंगे और विधायकों से रायशुमारी करने के बाद विधायक दल के नेता का चयन करेंगे। भूपेंद्र यादव केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री हैं और डॉ के लक्ष्मण ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। वे सांसद भी हैं।पिछले साल झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस गठबंधन ने राज्य की 81 में से 56 सीटें जीती थीं और सरकार बनाई थी। भाजपा गठबंधन को 24 सीटें मिली थीं।

### सिविल सर्जन के खिलाफ प्रदर्शन, डॉक्टर नर्सों ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

**कोरबा :** जिले के जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर दीपक जायसवाल पर डॉक्टरों और नर्सों ने मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए आज बुधवार को जमकर हंगामा किया है। डॉक्टर नर्सों ने सिविल सर्जन के खिलाफ नारे बाजी कर रैली निकाल कर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे तथा कलेक्टर आकाश छिकारा से सिविल सर्जन डॉ दीपक जसवाल की शिकायत की। शिकायत करने वाली सीनियर नर्स सालोमी बोस ने बताया कि वो केजवल्टी वार्ड पर ड्यूटी पर थी उस समय सिविल सर्जन डॉक्टर दीपक जसवाल पहुंचे और कहा कि सिस्टर आप की नेता गिरी नहीं चलेगी, मैं तुम्हे निपटा दूंगा ट्रांसफर कर दूंगा। मेरा कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता।

### विद्युत स्पर्शघात से बस पर सवार चार लोगों की मौत

**नवादा :** बिहार में नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड में बिजली का तार टूटने से बुधवार को 4 लोगों की मौत हो गई। घटना राजीव नगर के पास हुई है। सभी लोग नालंदा जिले के राजगीर से बस द्वारा गया खिजरसराय रोड की तरफ जा रहे थे। घटना उस समय हुई जब रास्ते में एक गिरे हुए पेड़ को हटाने का प्रयास किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक बिजली का तार टूट गया। तार की चपेट में आने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि एक व्यक्ति की मौत अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, सभी यात्री एक बस में सवार थे। अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

### राज्य बजट में शिक्षा क्षेत्र पर किया जाएगा विशेष फोकस मुख्यमंत्री सैनी

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और शिक्षा क्षेत्र में किए जाने वाले सुधारों पर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025-26 के राज्य बजट में शिक्षा क्षेत्र पर विशेष फोकस किया जाएगा, जिससे प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। इसके लिए सभी कुलपतियों से सुझाव भी आमंत्रित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने संकल्प पत्र में संकल्प लिया है कि हम भारत के किसी भी सरकारी कॉलेज से मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति के हरियाणा के विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे, इसके लिए भी जल्द से जल्द रूपरेखा तैयार की जाए।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केदारनाथ रोपवे परियोजना को दी मंजूरी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार ने बुधवार को उत्तराखंड में दो रोपवे परियोजनाओं को मंजूरी दी। इनमें सोनप्रयाग से केदारनाथ (12.9 किलोमीटर) और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी (12.4 किमी) रोपवे परियोजनाएं शामिल हैं, जिनपर कुल 6,811 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इन दो महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के निर्माण की समयसीमा चार से छह वर्ष निर्धारित की गई है। वैष्णव ने बताया कि गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी तक 12.4 किमी लंबी रोपवे परियोजना को भी डीबीएफओटी प्रारूप पर विकसित किया जाएगा, जिसपर कुल लागत 2,730.13 करोड़ रुपये आएगी। वर्तमान में हेमकुंड साहिबजी की यात्रा गोविंदघाट से 21 किमी की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और इसे पैदल या टट्टुओं या पालकियों द्वारा पूरा किया जाता है। प्रस्तावित रोपवे की योजना हेमकुंड साहिबजी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों और फूलों की घाटी में आने वाले पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गई है, और यह गोविंदघाट तथा हेमकुंड साहिब जी के बीच सभी मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा।मंत्रिमंडल ने बुधवार को 3,880 करोड़ रुपये के पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम में बदलाव को भी मंजूरी दे दी। इसके कार्यक्रम के तहत किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाओं का वितरण किया जाना है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया,कैबिनेट में पशुधन स्वास्थ्य से संबंधित निर्णय लिया गया है। योजना के पशु औषधि घटक के तहत उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पशु औषधि एलएचडीसीपी योजना में जोड़ा गया नया घटक है।

## सोने की तस्करी करते पकड़ी गई डीजीपी की बेटी, जेल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री रान्या राव को सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।अभिनेत्री पुलिस महानिदेशक (पुलिस आवास निगम) रामचंद्र राव की बेटी हैं। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने सोमवार रात केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) पर सोने की तस्करी के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया।अभिनेत्री के ऊपर 14.8 किलोग्राम सोना रखने का आरोप था। उन्हें मंगलवार शाम जज के सामने पेश किया गया, जिसके बाद अभिनेत्री को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह आदेश वित्तीय अपराधों के लिए एक स्पेशल कोर्ट के जज ने जारी किया। न्यायिक हिरासत में लिए जाने से पहले अभिनेत्री का बॉरिंग अस्पताल में मेडिकल परीक्षण हुआ। अधिकारियों के अनुसार, रान्या ने दावा किया कि



वह बिजनेस के लिए दुबई जा रही थीं।

डीआरआई ने पाया कि वह पिछले 15 दिनों में चार बार दुबई की यात्रा कर चुकी है, जिसके बाद एजेंसी ने उनकी गतिविधियों पर नजर रखना शुरू कर दिया। इस खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई अधिकारी 3 मार्च को रान्या के आने से दो घंटे पहले एयरपोर्ट पर पहुंच गए।

### रान्या हमारे साथ नहीं रहती : डीजीपी रामचंद्र राव

डीजीपी रामचंद्र राव ने इस मामले को लेकर कहा, रान्या हमारे साथ नहीं रह रही है। वह अपने पति के साथ अलग रह रही है। पारिवारिक मुद्दों के कारण इनके बीच कुछ समस्या हुई होगी। खैर कानून अपना काम करेगा। मेरे करियर में कोई काला धब्बा नहीं है। मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कहा कहना चाहता।

## टेबल टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी शरत कमल ने की संन्यास की घोषणा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय टेबल टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी शरत कमल ने बुधवार को घोषणा की कि वह आगामी डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई के बाद पेशेवर टेबल टेनिस से संन्यास ले लेंगे।



42 वर्षीय शरत कमल भारत के सबसे सफल टेबल टेनिस खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उन्होंने पांच ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व किया है और एशियाई खेलों व कॉमनवेल्थ खेलों में कई पदक जीते हैं। शरत कमल ने इंस्टाग्राम पर लिखा,चलिए 40 साल पहले से शुरू करते हैं, जब मैं दो साल का था। तब मैंने पहली बार रैकेट अपने हाथ में पकड़ा था, मुझे नहीं पता था कि यह मेरा सबसे लंबा साथी बन जाएगा। मैं इसे पूरी तरह से छोड़ नहीं रहा हूं लेकिन यह निश्चित रूप से बड़ी भीड़ के सामने बड़ी टेबल पर हमारे लिए अंत है। अब अपने रैकेट को थोड़ा आराम देने का समय है।शरत कमल ने 2003 में अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीता था, जो उनके रिकॉर्ड 10 राष्ट्रीय खिताबों में पहला था। इसके बाद 2004 में कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस चैंपियनशिप में पहला अंतरराष्ट्रीय पदक हासिल किया।चेन्नई में जन्मे इस दिग्गज खिलाड़ी ने 2010 में आईटीटीएफ प्रो टूर खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बनने का गौरव हासिल किया।

## अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से 9 अगस्त तक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** बाबा बर्फानी के दर्शन के लिएअमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त 2025 हर साल होने वाली प्रसिद्ध अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त 2025 तक चलेगी.इस साल पवित्र अमरनाथ यात्रा की अवधि 38 दिनों की होगी.मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक 15 मार्च 2025 से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जिसमें पहले आओ और पहले पाओ के आधार पर परमिट जारी किए जाएंगे. दिशानिर्देशों में बताया गया है कि 13 साल से कम उम्र के बच्चे और 75 साल से अधिक उम्र के लोग रजिस्ट्रेशन के लिए पात्र नहीं होंगे. अमरनाथ यात्रा शुरू करने से पहले सभी यात्रियों को अनिवार्य हेल्थ सर्टिफिकेट दिखाना होगा. हर तीर्थयात्री को केवल एक ट्रेवल परमिट की अनुमति होगी, जिसे ट्रांसफर नहीं किया जाएगा. अमरनाथ यात्रा हर साल लगभग 45 से 60 दिनों तक चलती है. पिछले वर्ष यह 29 जून को शुरू हुआ था और 19 अगस्त रक्षाबंधन के दिन तक चला था. पिछले साल अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण 17 अप्रैल को शुरू हुआ था.

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# सर्किट हाउस में अंतरराज्यीय जिला समन्वय समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के स्थानीय सर्किट हाउस में अंतरराज्यीय समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें पलामू एवं औरंगाबाद के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में आसन्न पर्व-त्योहार, आसन्न नगर निकाय चुनाव, आसन बिहार विधानसभा आम चुनाव, सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थ, शराब, स्प्रीट, आग्नेयास्त्र आदि प्रतिबंधित सामग्री/वस्तुओं की आवाजाही, नक्सली गतिविधि, ओवरलोड एवं बिना चालान बालू, पत्थर एवं अन्य खनिजों का परिवहन, नक्सली गतिविधियों आदि की रोकथाम को लेकर कड़े कदम उठाते हुए आपसी समन्वय से छापेमारी अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। दोनों जिलों के जिलाधिकारियों द्वारा अंतरराज्यीय समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने का निर्णय लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को संयुक्त अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने का निदेश दिया गया। दोनों जिलों के सभी संबंधित विभागों एवं सीमावर्ती क्षेत्र के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी को संयुक्त अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों की रोकथाम तथा संलिप्त व्यक्ति एवं असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। झारखंड के पलामू जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं औरंगाबाद जिले जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में संयुक्त अभियान चलाई जाएगी। होली के पूर्व तक अवैध शराब, स्प्रीट को लेकर संयुक्त अभियान चलाकर प्रतिबंध लगाने के लिए सक्रिय व सकारात्मक प्रयास किये जाएंगे। पर्व-त्योहारों के मद्देनजर निकलने वाली जुलूस के निर्धारित मार्ग का संयुक्त रूप से सत्यापन करने एवं संवेदनशील स्थानों पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। इसके लिए अभी से ही सकारात्मक दृष्टिकोण से प्रयास करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही बालू एवं अन्य खनिजों की आवाजाही, माल ढुलाई पर जीएसटी का भुगतान किए जाने संबंधी विशेष रणनीति के तहत कार्य करने की सहमति बनी।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

बैठक में पलामू उपायुक्त शशि रंजन, औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहू, पलामू के वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, औरंगाबाद के वन पदाधिकारी, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, औरंगाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी, पलामू एवं औरंगाबाद के परिवहन पदाधिकारी, छतरपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मेदिनीनगर सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हुसैनाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, जिला खनन पदाधिकारी सहित सीमावर्ती थानों के थाना प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

# धुरकी पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर हत्या कांड का किया खुलासा, हत्यारा गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** गढ़वा जिले के धुरकी थाना क्षेत्र के शारदा गांव के पीपरखाड टोला में डायन-बिसाही के अंधविश्वास के कारण हुई वृद्ध की निर्मम हत्या का धुरकी पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर ही खुलासा कर दिया। मुख्य आरोपी राजेश्वर बैठा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते रविवार को पुतूर गांव निवासी 70 वर्षीय रामधनी बैठा की हत्या उनके ही भतीजे राजेश्वर बैठा ने टांगी से हमला कर किया था। बताया जाता है कि आरोपी के भाई, जो होमगार्ड थे, उनकी मौत के बाद घर के अन्य सदस्य लगातार बीमार चल रहे थे। इसी के चलते राजेश्वर बैठा को शक था कि उसके चाचा (मृतक) तंत्र-मंत्र कर रहे हैं। जिससे उसके परिवार पर मुसीबतें आ रही हैं। इसी अंधविश्वास में आकर उसने गुस्से में इस वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्यनारायण सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित किया गया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व और त्वरित निर्णय क्षमता के कारण पुलिस ने 24 घंटे के भीतर अपराधी को दबोच लिया। हत्या में प्रयुक्त टांगी और खून से सने कपड़े भी बरामद किए गए हैं। हालांकि, आरोपी ने साक्ष्य मिटाने के लिए घटना के समय पहने गए कपड़ों को जला दिया था, लेकिन पुलिस की सूझबूझ से केस का खुलासा जल्द हो गया। बताते चले, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार अपनी तेज़ और निष्पक्ष कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। उनकी अगुवाई में धुरकी थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत बनी हुई है। अपराध नियंत्रण और त्वरित न्याय दिलाने में उनकी विशेष भूमिका रहती है। इस घटना में भी उनकी तेज कार्रवाई और सूझबूझ ने पुलिस की तत्परता का परिचय दिया। अपराधियों में भय का माहौल बना है, वहीं आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। छापेमारी दल में डीएसपी सत्येंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, एसआई बिकु कुमार रंजक, सुभाष कांत अकेला, शैलेंद्र कुमार यादव, अजय कुमार यादव सहित पुलिसकर्मी शामिल थे।

# बजट में पलामू प्रमंडल की अनदेखी, 24 मार्च को होगा विधानसभा का घेराव : रूचिर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, जिला सचिव सह पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी, किसान नेता प्रमोद बिहारी पाठक, सोहैल अख्तर नौजवान संघ के जिला सचिव अभय कुमार भूइंया, उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी ने प्रेस बयान जारी कर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के द्वारा लाया गया बजट में पलामू जिला की अनदेखी करने एवं पिछले दिनों शिवाजी मैदान में जिला स्तरीय कृषि मेला में अपने ही किए हुए वादों से मुकरने का आरोप लगाया। उन्होंने कृषि मेला में पलामू के जनता के साथ यह वादा किया जिसमें मुख्य रूप से पलामू जिला में कृषि विश्वविद्यालय खोलने, कोयल नदी में बियर का निर्माण कराने, कोल्ड स्टोरेज, कृषि उपज पर आधारित प्रोसेसिंग प्लांट सहित पलामू जिला में महुआ फसल के उत्पादन से बनने वाले देसी शराब की प्रोसेसिंग की व्यवस्था करने ,बालू घाटों को चालू करने की बात कही थी जो एक अच्छी पहल थी इससे पलामू वासियों को लाभ मिलता एवं रोजगार के अवसर सृजित होते परंतु ठीक इसके विपरीत उन्होंने बजट पेश करने समय इन बातों का कोई ख्याल नहीं रखा एवं पलामू को उपेक्षित किया गया। कोल्ड स्टोरेज खुलने से यहां के किसानों में खुशहाली होती और अपने फसल के उपज को ऑने पौने दामों में नहीं बेचते। वही पलामू जिला में महुआ का फल गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोग काफी चुनते हैं जिससे महुआ से बनने वाले देसी शराब की प्रोसेसिंग खुलने से इन छोटे गरीब एवं मध्यम परिवार को काफी मुनाफा मिलता और रोजगार का एक नए सृजन होता। और बीयर बनने से मेदनी नगर वासियों को पानी की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ता। झारखंड के मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री इस पर ध्यान दें। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद इन सभी जन मुद्दों को लेकर के 24 मार्च को विधानसभा घेराव करेगी।

# श्री सर्वेश्वरी समूह में शिवलिंग एवं चरण पादुका का मनाया गया स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सर्वेश्वरी समूह नगर ऊंटारी में शिवलिंग एवं चरण पादुका स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर पूज्य गुरुपद बाबा संभव राम जी ने समाधि स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना कर 24 घंटे के अखंड कीर्तन का शुभारंभ किया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ अघोरा ना परो मंत्र नास्ति तत्वं गुरु परम का जाप किया और भक्ति रस में सराबोर होकर झूमते-गाते हुए कीर्तन में भाग लिया। इस पावन दिवस पर समूह द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। समाज सेवा की मिसाल कायम करते हुए समूह द्वारा निःशुल्क साड़ी वितरण भी किया गया। जिससे अनेक लोगों को लाभ मिला। इस पवित्र आयोजन में समूह के कई गणमान्य सदस्य एवं भक्तगण उपस्थित रहे। मौके पर शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव, आनंद जायसवाल, प्रशांत सहाय, नागेंद्र प्रसाद, मनोज देव, नवीन कांत सिंहा, राजेंद्र यादव, रंजन कुमार, नवनीत सिंहा, दुर्गेश कुमार, अनूप श्रीवास्तव, परशुराम गुप्ता, नरेंद्र श्रीवास्तव, झूलन लाल, पारस नाथ सिंहा, श्रीकांत सिंहा, प्रभात रंजन सहाय, आशा श्रीवास्तव, नीतू देवी, प्रियंका सहाय, प्रिया कुमारी, दुर्गा कुमारी, नीलम कुमारी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तीकरण जागरूकता अभियान से पंचायत में अच्छी गुणवता की होगी पहचान : बीडीओ



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को प्रखंड पथरा पंचायत सचिवालय परिसर में प्रदान संस्था रांची के टीम आगमन पर पथरा पंचायत सचिवालय में हुसैनाबाद मुखिया संघ अध्यक्ष नरेश कुमार ने आए हुए विभिन्न जिलों से दीदियों को माला पहनाकर एवं कांपी कलम देकर सम्मानित किया मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनिल कुमार वर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण से पंचायतों में गुणवत्ता में विकास होगा ! वही मुखिया संघ अध्यक्ष नरेश कुमार पासवान ने कहा कि क्षेत्र में स्वस्थ्य रहने के लिए जैविक खाद का उपयोग करे। भुपेश कुमार भूमापक ने कहा कि पिछले चालिस वर्षो से भारत के विभिन्न राज्यों में कार्य करती आ रही है, हमारा कार्य कृषि गरीबी भुंख मुक्त पंचायत न्यूट्रीशन महिला सशक्तीकरण महिला शिशु स्वास्थ्य ग्रामीण व्यवस्था किसान विकास के ऊपर कार्य कर रही है। यह ज्ञान की अदान प्रदान यात्रा एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट भूखमुक्त पंचायत प्रोग्राम के तहत प्रदान के पांच जिलों से नागरिक सहायता केन्द्र एन सीके के 15 दीदीयों के साथ प्रोग्राम किया गया। उन्होने आगे कहा कि यहां कृषि तकनीक जैविक खेती पंचायत प्रबंधन स्कीम का सही उपयोग जल संसाधन अच्छी तरीका ज्ञान एंव गुणवता की जानकारीअतिआवश्यकता है। मौके पर भुपेंद्र कुमार भुपक राज्यनितीकी विशेषज्ञ प्रदान राची माधुरी देवी गुमला सरिता कुमारी बसिया गुमला चम्पा देवी अडकी खुटी रुबी देवी पदमा हजारी बाग हिरामणी देवी लोगरदागा शयराबानो जीरीडिह बोकारो उषा देवी प्यारी साहु गायत्री देवी मुनीता उरांव रीता कुमारी आशा तोपनो सहित अन्य लोग मौजुद थे।

# भंडार ग्राम का अति महत्वपूर्ण रोड जिस पर किसी का ध्यान नहीं



**आलोक पांडेय@प्रभात मंत्र**

**बिश्रामपुर( पलामू) :** बिश्रामपुर प्रखंड स्थित भंडार ग्राम का अति महत्वपूर्ण रोड कार्य किसी जनप्रतिनिधि ने पूर्ण करने का कार्य नहीं किया। आजादी के बरसों बीत जाने के बाद भी जहां विकास की चारु ओर बात की जा रही है, वही अधूरे कार्य को देखकर ऐसा लगता है ग्रामीण क्षेत्र की जनता की तकलीफ देखने वाला कोई नहीं, टोना मुख पथ से लेकर भंडार, झरहा ग्राम बस्ती होते हुए द्वारपार बाबा तक की रोड की दूरी लगभग 4 किलोमीटर का है, यह रोड आगे जंगल के रास्ते होते हुए आरापुर, तुलबुल, हताई तक के लोगों का आना-जाना इसी रास्ते होता है, आगे जाकर यह रोड बिश्रामपुर, पड़वा औरंगाबाद मुख्य पथ में जाकर मिल जाती है। दूरी कम होने के कारण ज्यादातर लोग तकलीफ झेलते हुए अपना गंतव्य की ओर सफर करते हैं, बरसात आने पर यह रोड का हालात कीचड़ होने के कारण और भी ज्यादा कठिन बन जाती है वही स्कूली बच्चे, बीमार व्यक्ति को इस रास्ते होकर गुजरना काफी कठिन बन जाती है। अगर बात करें जनप्रतिनिधि की तो चुनाव में भोट के लिए हर जनप्रतिनिधि ग्रामीण क्षेत्र का दौरा करते हैं,शायद इसी क्रम में अति आवश्यक कार्य भी जनप्रतिनिधि को दिखाई देता है पर चुनाव जीतने या हारने के बाद ग्रामीण क्षेत्र का शुद्ध लेने वाला कोई नहीं,अगर यह रोड भंडार ग्राम का तीन मोहान से लगभग 4 किलोमीटर ब्रह्ममोरिया रोड में कालीकरण करते हुए सरकार की माध्यम से जोड़ दी जाती है तो सामाजिक दृष्टि कोन से अति महत्वपूर्ण कार्य मानी जाएगी।

# ब्लॉक परिसर में यूआईडी कार्ड बनाने का कार्य प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन ब्लाक परिसर में यूआईडी आधार कार्ड बनाने की शुरुआत हो गई है। यह जानकारी यूआईडी के ऑपरेटर आशीष कुमार ने दी। ऑपरेटर ने बताया कि पहले के ही तरह अब ब्लॉक परिसर में यूआईडी आधार कार्ड बनाए जाएंगे। अब प्रखंड वासियों को आधार कार्ड बनवाने या सुधार करने के लिए कहीं दूर-दूर भटकना नहीं पड़ेगा। बच्चे, बड़े, बुजुर्ग अपने नजदीकी प्रखंड परिसर में ही आकर अधार कार्ड बनवा सकते हैं।

# अवधेश कुमार सिंह कॉलेज जपला में एक राष्ट्र एक चुनाव पर संभाषण प्रतियोगिता का होगा आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** स्थानीय अवधेश कुमार सिंह कॉलेज जपला में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपना विचार सह संभाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एके सिंह कॉलेज के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिला अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों तथा अन्य सभी छात्र -छात्राओं को एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपना विचार या संभाषण देने के लिए सभी को आमंत्रित किया जाता है। इसके लिए माय भारत पोर्टल पर सभी का रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। प्रतिभागियों की आयु 24 फरवरी 2025 को 18 से 25 वर्ष तक होना चाहिए तभी आप इस यूथ पार्लियामेंट में भाग ले सकते हैं। पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिला का ए के सिंह कॉलेज जपला केंद्र पर यूथ पार्लियामेंट 18 व 19 मार्च 2025 को आयोजित होगा। इसके पूर्व वे विकसित भारत आपके लिए क्या मायने रखता है? इस विषय पर 1 मिनट का वीडियो बनाकर (https:mybharat.gov.in/mega_events/viksit-bharat-youth-parliament) लिंक के माध्यम से अंतिम तिथि 9 मार्च 2025 को 11ः00 बजे पूर्वाह्न तक अनिवार्य रूप से अपलोड करना है। इसके बाद आपको निश्चित तिथि को ए के सिंह कॉलेज जपला केंद्र पर वन नेशन वन इलेक्शन टॉपिक पर 3 मिनट में अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। यह ऑफलाइन दो दिवसीय कार्यक्रम 18 और 19 मार्च 2025 को ए के सिंह कॉलेज जपला केंद्र पर आयोजित होगा। जिसमें टॉप 10 चयनित प्रतिभागी राज स्तरीय यूथ पार्लियामेंट में भाग लेंगे विशेष जानकारी हेतु प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह से मोबाइल नंबर 96614 21464 पर संपर्क कर सकते हैं।

# प्रमुखता से छपी खबर पर बीडीओ ने लिया संज्ञान, कार्य एजेन्सी पर किया एफआईआर

**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अंतर्गत विशुनपुर पंचायत के कठौतीया आगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य वर्ष 2021- 22 वित्तीय वर्ष में आगनबाडी भवन निर्माण कार्य की शिलान्यास निवर्तमान विधायिका पुष्पा देवी के द्वारा किया गया था। इस आंगनबाड़ी भवन लगभग तीन वर्ष गुजरने के बाद भी कार्य को अधूरा रह गया। इस भवन की प्राक्कलित राशि 6लाख 12 हजार रुपये लागत से बना था। जबकी बाल विकास विभाग एवं मनेरगा के संयुक्त से बन रहा था। विगत दो सप्ताह पूर्व मनरेगा लोकपाल श्री शंकर प्रसाद यादव ने पंचायत भ्रमण के दौरान मामला समाने आया की भवन की लगभग लगभग बाहर हजार रुपये छोड़ कर सारी पैसा निकासी कर ली गई है। यह मामला जाँच के बाद उजागर हुआ। उपायुक्त में तत्काल संज्ञान लेते हुए जाँच के रिपोर्ट के आधार पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री राम नारायण खलको के आदेश दिया कि कार्य एजेन्सी पर तत्काल करवाई करने को कहा। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री राम नारायण खलको ने सोमवार को सबंधित पदाधिकारी बीपीओ, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव के अलावा रोजगार सेवक पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई के लिए उप विकास आयुक्त व पलामू उपायुक्त के पत्र लिखी गई है।

# जनप्रतिनिधि, प्रखंड समन्वयक व जेई की मिलीभगत से सरकारी पैसा का बंदरबाट

## जल नल का नवनिर्माण कागज़ों पर दिखाकर मरम्मती कर सरकारी पैसा का निकासी किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** जहां एक तरफ़ सरकार पंचायतों की विकास के लिए पंचायत प्रतिनिधियों का चुनाव हर पांच वर्ष पर कराती हैं लेकिन जनप्रतिनिधि योजनाओं का निर्माण कागज पर खानापूर्ति कर सरकारी पैसा का बंदरबाट करने का काम कर रहे हैं ऐसा ही हाल चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के अवसाने पंचायत के टोला दूबा में पंचायत समिति के कोटे से लगभग दो लाख की लागत से जल नल योजना का नवनिर्माण किया गया हैं। जबकि वहां पर पहले से ही जलमीनार का नव निर्माण किया गया था उसी जलमीनार का नया रूप कागज़ों पर देकर जल नल का नवनिर्माण कर दिया गया हैं। वहीं स्थानीय ग्रामीण में विदेशी भुईयां, बुधन भुईयां, जनेश्वर भुईयां, मुनेश्वर भुईयां, अर्जुन भुईयां, गंगा सिंह, विगन भुईयां, दुखराज भुईयां ने आरोप लगाया कि जल नल का निर्माण पूर्व में ही किया गया था जहां पंचायत समिति के कोटे से एक माह पूर्व में जल नल नवनिर्माण के जगह पर जल नल का मरम्मती किया गया है जिसमें लाभुक अभिमन्यु सिंह द्वारा एक लाख रुपए की निकासी भी कर ली गई हैं जिससे यह साबित होता हैं कि जनप्रतिनिधि,प्रखंड समन्वयक और जेई की मिलीभगत व साठगांठ से सरकारी पैसा का दुरुपयोग किया जा रहा हैं। इधर इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप दास ने कहा कि जानकारी नहीं थीं जानकारी मिली हैं तो जांच कर त्वरित कार्रवाई करेंगे।वहीं इस मामले में प्रखंड समन्वयक ने कहा कि जेई के कहने अनुसार लाभुक को जल नल योजना में एक लाख का भुगतान किया गया हैं।

## छतरपुर में कैंप कार्यालय 6 को,

# कैंप कार्यालय का अधिकाधिक लाभ उठायें स्थानीय लोग : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन की पहल पर पलामू में अनुमंडल स्तर पर कैंप कार्यालय का अधिष्ठापन किया जा रहा है। पहला कैंप कार्यालय हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में 27 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया। जबकि दूसरा कैंप कार्यालय 6 मार्च 2025 को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में आयोजित होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। उपायुक्त शशि रंजन ने कैंप कार्यालय के दौरान जिले के विभिन्न विभागों के सभी पदाधिकारियों को कैंप कार्यालय में पहुंचने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि कैंप कार्यालय में लोगों को विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएगी। पदाधिकारी आमलोगों की समस्याएं सुनेंगे एवं उसका त्वरित समाधान करेंगे। त्वरित समाधान योग्य मामले नहीं रहने की स्थिति में निर्धारित समयावधि में समस्याओं का निष्पादन करेंगे और इसके लिए संबंधित व्यक्ति को अवगत करायेंगे। उन्होंने कहा कि कैंप कार्यालय के अधिष्ठान से जिला स्तरीय प्रशासनिक पदाधिकारी लोगों के नजदीकी अनुमंडल में ही समस्याएं सुनकर निदान कर रहे हैं। लोग जिला में जाने से बच पा रहे हैं। इससे उनका अर्थ और समय दोनों की बचत हो रही है, जिसका वह अपने उत्थान में उपयोग कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि कैंप कार्यालय के दौरान विकास योजनाओं की भी समीक्षा होगी। इससे संबंधित अनुमंडल क्षेत्र के विकास योजनाओं के प्रगति का आकलन होगा। वहीं संबंधित विभागों को पदाधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण से संचालित योजनाओं का भौतिक सत्यापन हो सकेगा और कमियों को दूर करने एवं विकास कार्यों को गति देने में मदद मिलेगी। विदित हो कि प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय का आयोजन किया जाना है। वहीं प्रत्येक माह के चतुर्थ गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय अधिष्ठापित होना है। मार्च माह में द्वितीय गुरुवार को अवकाश घोषित है। ऐसे में उपायुक्त के स्तर पर प्रथम गुरूवार को ही कैंप कार्यालय आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी के तहत *छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में 6 मार्च 2025 को 11 बजे से कैंप कार्यालय अधिष्ठापन की तैयारी की गई है।

**कैंप कार्यालय में कई सेवाएं कराई जाएगी उपलब्ध**

उपायुक्त शशि रंजन ने स्थानीय लोगों से अपील किया है कि संबंधित कैंप कार्यालय में पहुंचकर किसी भी सरकारी योजना का लाभ, शिकायत या समस्या का समाधान अवश्य कराएं। कैंप कार्यालय में कई सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें मुख्य रूप से परियोजनाओं एवं योजनाओं की भूमि चिन्हित, हस्तकत एवं विवाद समाधान किया जाएगा। वहीं वन भूमि के बदले अन्य भूमि/ सरकारी भूमि स्थानांतरण, बिजली बिल संबंधी शिकायतों का समाधान, पेयजल समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। वहीं इससे संबंधित शिकायतों का त्वरित निष्पादन कर आमजनों को सरकार की योजनाओं से अच्छादित करने का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि कैंप कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सर्जन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभ प्रदान किया जाएगा।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### रांची जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता 20 मार्च से, 18 मार्च तक प्रविष्टि स्वीकार

**रांची** : रांची जिला वॉलीबॉल संघ 20 मार्च से रांची जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले में वॉलीबॉल को बढ़ावा देना और प्रतिभावान खिलाड़ियों को चिन्हित करना है। प्रतियोगिता में केवल रांची जिले की टीमें ही भाग ले सकती हैं। इच्छुक टीमें आयोजन समिति के पदाधिकारियों से संपर्क कर 18 मार्च तक अपनी प्रविष्टि जमा कर सकती हैं।सभी मुकाबले ऑक्सीजन पार्क स्थित वॉलीबॉल मैदान में खेले जाएंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो आगे जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### होमगार्ड मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची** : झारखंड होमगार्ड और अग्निशमन विभाग की खेलकूद प्रतियोगिता छह मार्च से शुरू होगी। यह प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी और इसका आयोजन धुर्वा स्थित होमगार्ड मैदान में किया जाएगा। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार शामिल होंगे, जबकि समापन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति रहेगी। इस प्रतियोगिता में कुल 450 प्रतिभागी भाग लेंगे और एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल सहित 10 खेलों का आयोजन किया जाएगा।

### झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 12 मार्च को, प्रोजेक्ट भवन में होगा आयोजन

**रांची** : झारखंड सरकार की मंत्रिपरिषद की बैठक 12 मार्च को पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में आयोजित की जाएगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने इस संबंध में आधिकारिक सूचना जारी की है।

# 1 लाख 36000 करोड़ लेकर रहेंगे और झारखंड की जनता भी इसके लिए तैयार है : कल्पना सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा सत्र के सातवें दिन गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन पूरे तेवर में दिखी । उन्होंने भाजपा के विधायक नीरा यादव को जमकर फटकार लगाई । कल्पना सोरेन ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोर्ट हो या रोड हो राज्य की जनता अब लड़ने को तैयार है और आप सब भी इसके लिए तैयार रहिए। झारखंड का 1 लाख 36000 करोड़ रूपया हम लेकर रहेंगे और इसके लिए जनता भी पूरी तैयारी कर ली है । उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा 16 से 18 साल तक झारखंड में राज्य किया जो स्थिति बना कर रखी है वह किसी से छिपी नहीं है । अब यह बता दें कि जो झारखंड का खजाना है, वह किस तरह से ले जाएंगे रोड से ट्रेन से या हवाई जहाज से उड़ा कर ले जाएंगे आपको यह बताना होगा। आप बोलते इन्वेस्ट कर रहे हैं तो यह इन्वेस्ट कहां कर रहे हैं किस रास्ते में कर रहे हैं जनता सब जान चुकी है। अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी यह बात कह दी है अगर अपनी जमीन ,अपनी इज्जत ,अपना ईमान, अपना घर ,धन यहां से अगर बाहर ले जाया जाएगा तो यहां की जनता उसे जाने नहीं देगी। इसके लिए लड़ने को तैयार हैं और आप भी इसके लिए तैयार रहिए। बस इतना जान लीजिए कि हम अपना 1 लाख 36000 करोड रुपए लेकर रहेंगे । वहीं भाजपा विधायक नीरा यादव ने कहा कि मैं विश्वास दिलाती हूं कि हम सब आपका साथ देंगे, लेकिन आपको यह बताना होगा कि 136000 करोड रुपए केंद्र के पास है या और किसी के पास।

## सदन में प्रदीप यादव अपने ही सरकार को घेरते नजर आये

रांची। झारखंड विधानसभा बजट सत्र के सातवे दिन झामुमो , कांग्रेस दोनों अपने ही सरकार को घेरते नजर आए। मामला है एक इंजीनियर को लेकर कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने सवाल उठाया मामला है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की स्वर्णरेखा परियोजना से जुड़ा है। इस परियोजना के तहत रांची और लोहरदगा में एलएंडटी कंपनी ने काम किया था, लेकिन कंपनी को भुगतान करने के बजाय फर्जी खाते के जरिए बीस करोड़ रुपये से अधिक की अवैध निकासी कर ली गई। इसी घोटाले को प्रदीप यादव ने उठाया। उन्होंने कहा कि मुख्य अभियंता, कार्यपालक अभियंता और अन्य अधिकारियों की मिलीभगत से यह फर्जीवाड़ा हुआ, जिसका खुलासा खुद वित्त विभाग की रिपोर्ट में भी किया गया है। इसके बावजूद सरकार ने सिर्फ (कैशियर) संतोष कुमार पर एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया, जबकि असली गुनहगारों को बचाया जा रहा है। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक रामेश्वर उरांव, हेमलाल मुर्मू, स्टीफन मरांडी , झामुमो विधायक मथुरा महतो ने साफ कहा कि ड्रॉइंग एंड डिस्बर्सिंग ऑफिसर कार्यपालक अभियंता होता है, ऐसे में उसकी जिम्मेदारी तय किए बिना सिर्फ छोटे कर्मचारी पर कार्रवाई करना सरासर गलत है। इसलिए बड़े अधिकारी पर मामला दर्ज कराये ताकि खुलासा हो कि और कौन कौन दोषी है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अगर सरकार ठोस जवाब नहीं देती है, तो सदन की ओर से निर्देश जारी करना होगा। मंत्री योगेंद्र महतो और शुदीव्य सोनू ने सदन में कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और जरूरत पड़ने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार की ओर से 7 दिन का वक्त मांगा, जिसके बाद स्पीकर ने मामले को एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया। बता दे कि कांग्रेस के विधायक दल के नेता प्रदीप यादव अपने ही गठबंधन की सरकार को सदन में आजकल घेर रहें हैं। दो दिन पहले झामुमो के मंत्री हफीजुल हसन क़ अल्पसंख्यक मामलों पर घेरते दिखे।

## विधानसभा स्पीकर की मनमानी के कारण भाजपा ने किया सदन से वॉकआउट : बाबूलाल मरांडी



रांची। प्रदेश भाजपा के विधायकों ने आज बजट पर चल रहे वाद विवाद के बीच सदन से वॉकआउट किया। सदन के बाहर मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष सदन को मनमाने ढंग से चलाना चाहते हैं। सत्ता पक्ष को बोलने में तरजीह दी जाती है, आसन के द्वारा ज्यादा समय दिए जाते हैं ।कहा कि वहीं जब विपक्ष के सदस्य जब बोलने केलिए खड़ा होते हैं तो बार बार टोका टोकी की जाती है। कहा कि आज भी कुछ ऐसा ही हुआ। भाजपा विधायक नीरा यादव जब सदन में बोल रही थी तो सत्ता पक्ष के विधायकों ने टोका। कहा कि दुर्भाग्य जनक यह है कि आसन से उनको संरक्षण प्राप्त हुआ। नीरा यादव ने स्पीकर महोदय से टोका टोकी में बर्बाद समय के बदले समय की मांग की तो अध्यक्ष ने अस्वीकृत कर दिया। यह पूरी तरह से मनमानी है।सत्ता पक्ष के इशारे पर विपक्ष की बातों को दबाने की साजिश है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। भाजपा के विधायकों ने आज इस मुद्दे पर विरोध दर्ज करते हुए सदन से वॉकआउट किया। झामुमो द्वारा खनिजों की नाकेबंदी की घोषणा* के सवाल पर मरांडी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह झामुमो की पुरानी आदत है।ये सब केवल कोयले की अवैध ढुलाई केलिए दिखावा है।उन्होंने कहा कि आज प्रतिदिन धनबाद, बोकारो से 400...500ट्रक कोयले की अवैध ढुलाई हो रही। जिसे राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन का पूरा संरक्षण प्राप्त है।केंद्र सरकार पर बकाए की बात पर कहा कि बार बार ब्रेकअप मांगने के बाद भी झामुमो यह नहीं बताता कि कब का कितना बकाया है।

## डीजी सीआरपीएफ जीपी सिंह ने डीजीपी अनुराग से किया शिष्टाचार मुलाकात की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड में जीपी सिंह, भापु से, महानिदेशक, सीआरपीएफ ने अनुराग गुप्ता, भापुसे, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनो पदाधिकारियों ने झारखण्ड में नक्सल विरोधी अभियानों को तेज करने और नक्सल विरोधी रणनीतियों को परिष्कृत करने एवं हाल के दिनों में प्राप्त सफलताओं पर व्यापक रूप से चर्चा की तथा दोनों ने एक दूसरे को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान डॉ संजय आनन्दराव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, झारखण्ड, साकेत कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक, सीआरपीएफ, झारखण्ड, अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, झारखण्ड, इन्द्रजीत माहथा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, एसटीएफ, झारखण्ड जगुआर तथा अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नक्सली मुठभेड़ में घायल जवान को देखने डीजीपी पहुंचे अस्पताल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की घटनाएं हुई । बताया जा रहा है कि जिले के जराइकेला थाना क्षेत्र के बलीबा गांव की है, जहां नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाते हुए आईईडी विस्फोट किया। इस धमाके में सीआरपीएफ के तीन जवान घायल हो गए हैं। इनमें से दो जवानों को मामूली चोटें आईं, जबकि एक जवान को गंभीर चोट लगी है।घायल जवानों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया और अतिरिक्त बल तैनात कर दिया गया है। घायल जवान को रांची के राज अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिसे देखने डीजीपी अनुराग गुप्ता भी पहुंचे और उनकी हाल चाल जाना। डीजीपी ने कहा कि नक्सली अब खत्म हो चुके हैं जो दो चार बचे हैं वह भी दो चार दिन में खत्म हो जायेगें। समय है आत्मसमर्पण कर दें।

## जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा कांके प्रखंड के शिक्षकों को किया गया टैब का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज के कर कमलों द्वारा कांके ब्लॉक के 91 लक्षित स्कूल के प्रभारी को टैब वितरण किया गया। कार्यक्रम में अपनी गरिमामई उपस्थिति से कांके ब्लॉक के शिक्षकों को शिक्षा के विकास व छात्रों के हित पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को प्रोत्साहित किए एवं अपने हाथों से कुछ स्कूल के प्रभारी को टैब दिए ,तदोपरांत क्ष्क्ष्क्ष, ष्ट्रक्ष्क्ष के सहयोग से अन्य प्रभारी को टैब वितरण किया गया । इस अवसर पर सभी सीआरपी बीआरपी ने अपनी महती भूमिका निभाते हुए शिक्षकों को टैब उपलब्ध कराया . इस अवसर पर मुख्य रूप से अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी राजेश कुमार , चितरंजन कुमार ,दिनेश प्रसाद ,डाक्टर यास्मीन जहां, कृष्णा प्रसाद , सुमन सुरभि , कुमार सिकंदर, रविंदर ठाकुर, जैनुल अहमद, अरविंद मिश्रा उपस्थित रहे।

## रांची में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन 12 को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची में कवि सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से 12 मार्च की रात 9 बजे से हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में होली के अवसर पर होने वाले आयोजन को लेकर कवि सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया और मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बुधवार को बताया कि इस वर्ष भी उत्साह एवं उमंग के पावन पर्व होली के अवसर पर कवि सम्मेलन आयोजित की जाएगी। इसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त हास्य कवि सुनील पॉल (लाफ्टर चैलेंजर), ठहाको के सरदार जानी बैरागी, हास्य व्यंग कवि रमेश मुस्कान, इटावा वीर रस के कवि गौरव चौहान, श्रृंगार रस की प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. भुवन मोहिनी और हास्य-व्यंग्य के कवि शशिकांत यादव पहुचेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार आयोजन में समिति की ओर से चार नए सदस्यों अंजय सरावगी, हरिशंकर कनोडिया, निर्भय शंकर हरित एवं चंद्र प्रकाश धेलिया को जोड़ा गया है। वहीं समिति के सचिव अनिल कुमार अग्रवाल ने बताया कि कवि सम्मेलन मे प्रवेश निःशुल्क है और महिलाओं के बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है। दर्शकों के लिए एलईडी भी मैदान में लगाए जाएंगे।

## राज्य सरकार ने गुरूजी के नाम को भुनाया : नीरा


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : भाजपा की विधायक डॉ नीरा यादव ने बुधवार को भोजनावकाश के बाद बजट पर वाद-विवाद में हिस्सा लेते हुए कहा कि राज्य सरकार ने गुरूजी शिबू सोरेन के नाम को भुनाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने गुरूजी के नाम पर युवाओं को क्रेडिट कार्ड देने की योजना पूरी नहीं की और युवाओं को अयोग्य बताकर लाभ से वंचित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने बेरोजगार युवाओं को न तो नौकरी दी और न ही बेरोजगारी भत्ता ही दिया, जबकि मंत्रियों के लिए 70 करोड़ रुपए का आलीशान बंगला बनाया गया है। विधायक ने कहा कि हमारी सरकार में कमल क्लब के जरिए युवाओं को खेल से जोड़ा जा रहा था, जिसे इस सरकार ने योजना का नाम बदलने के बाद पूरी तरह बंद कर दिया। यह युवाओं के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि राज्य में रोजगार को लेकर एक नीति बननी चाहिए।

नीरा यादव ने कहा कि झामुमो ने जेपीएससी और जेएसएससी को लेकर कैलेंडर बनाने की बात कही थी, लेकिन यह बात भी कोरी साबित हुई। विधायक ने सरकार पर पेट्रोल सब्सिडी के नाम पर भी लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया। विधायक ने कहा कि बजट की इतनी बड़ी राशि से उम्मीद थी कि लोगों को बहुत कुछ मिलेगा, लेकिन सरकार पिछले बजट के पैसे को ही खर्च नहीं कर पाई है।

नीरा यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड को पलकों पर बिठाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व के मनमोहन सरकार में जहां रेलवे को झारखंड को केवल 457 करोड़ रुपए मिले थे वहीं एनडीए सरकार में 7309 करोड़ रुपए दिया गया। वर्ष 2014 में जहां झारखंड में केवल रांची में एयरपोर्ट था अब जमशेदपुर और देवघर से उड़ानें शुरू हो गई हैं। झारखंड में केंद्र सरकार ने 2444 किमी के एनएच सड़क का निर्माण किया। मुद्रा योजना के तहत 74600 करोड़ रुपए का लोन महिला उद्यमियों को दिया गया, जबकि पीएमएसवाई योजना के तहत झारखंड में एक दिन में 900 से 1100 घरों में गृह प्रवेश कराया गया।

## कॉमेडके-यूनिगेज यूजीईटी 2025 की प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन की तारीख घोषित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : पिछले पांच दशकों में कर्नाटक ने हायर एजुकेशन में अपने आप को हमेशा आगे रखा है, जिसने देश के सभी कोनों से बड़े बड़े सपने देखने वाले इंजीनियरों को आकर्षित किया है। राज्य में कई अच्छे कॉलेज हैं, जहां अलग-अलग तरह के कोर्स उपलब्ध हैं। यहां के छात्रों को अच्छी नौकरियां भी मिलती हैं। इस स्ट्रोंग एजुकेशन सिस्टम की वजह से स्किल्ड लोग तैयार हो रहे हैं, जो देश और विदेश में कामयाबी हासिल कर रहे हैं।कॉमेडके यूजीइटी-यूनिगेज 2025 प्रवेश परीक्षा शनिवार, 10 मई, 2025 को आयोजित की जाएगी।

यह परीक्षा कर्नाटक के 150 से ज्यादा इंजीनियरिंग कॉलेजों और देशभर के 50 से ज्यादा प्राइवेट और सेल्फ- फंडेड यूनिवर्सिटीज में प्रवेश के लिए होती है। इसे कुपेका और यूनिगेज से जुड़े संस्थानों में बी.ई-बी.टेक में एडमिशन के लिए आयोजित किया जाता है। यह ऑनलाइन परीक्षा भारत के 200 से ज्यादा शहरों में 400 से अधिक सेंटर पर होगी। इसमें 1,20,000 से ज्यादा छात्र शामिल हो सकते हैं। देशभर के छात्र इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# महिलाओं का स्वास्थ्य उनके सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है : एसडीएम उत्कर्ष




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : महिला सशक्तिकरण को ध्यान रखते परिवर्तन संस्था द्वारा बुधवार को श्रीशक्ति कार्यक्रम का आयोजन मारवाड़ी कॉलेज में किया गया। श्री शक्तिः जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले विशेषकर छात्राओं को लीगल राइट्स सत्र के जरिये महिलाओं और नागरिकों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गयी। इसके अलावा साइबर सुरक्षा जागरूकता, ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं साइबर अपराधों से बचाव के उपाय, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी सत्र के जरिए भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी।

उपस्थित एक्सपर्ट्स के द्वारा स्टूडेंट्स के कई सवालों का निराकरण भी किया गया। मौके पर अतिथि के तौर पर रांची एसडीएम उत्कर्ष कुमार, सब-डिविज़नल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) आदित्य पांडेय, मारवाड़ी कॉलेज प्राचार्य डॉ मनोज कुमार, डीएसओ शिवेंद्र कुमार सिंह, डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद, डॉ. विनय भरत सहायक प्रोफेसर (विभागाध्यक्ष), डॉ सरिता लकड़ा (एसपीओ टीआरआईएफ, रांची स्वास्थ्य और स्वच्छता चिकित्सा), निखार बरनवाल (सहायक लोक अभियोजक, गृह कारा एवं आपदा विभाग), पंकज कुमार सिंह (साइबर सुरक्षा, रांची), मनीष मिश्रा (पुलिस कराटे कोच रांची), डॉ एसपी महतो (प्रोफेसर प्रभारी, मारवाड़ी कॉलेज रांची) राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी अनुभव चक्रवर्ती एवं परिवर्तन सचिव श्रेया तिवारी और उनकी टीम भी मौजूद थी।

**स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण एक-दूसरे से कनेक्ट:** उद्घाटन सत्र के दौरान एसडीएम रांची उत्कर्ष कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण एक दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं।

महिलाओं का स्वास्थ्य उनके सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। कई तरीके ऐसे हैं जिनसे महिला सशक्तिकरण और उनके स्वास्थ्य को और मजबूत किया जा सकता है।

# उज्जवला योजना केंद्र की महज चुनावी योजना : वित्त मंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : बजट सत्र में बुधवार को भोजनावकाश के बाद बजट पर हुए वाद-विवाद का जवाब देते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि उज्जवला योजना केंद्र सरकार की केवल चुनाव जीतने वाली योजना थी। उन्होंने कहा कि 38 लाख 44 हजार 961 करोड़ रुपए की यह योजना केंद्र सरकार ने बंद कर दी। उन्होंने कहा कि इससे गरीबों का चूल्हा बंद हो गया। उन्होंने कहा कि झारखंड को दी जानेवाली अनुदान की राशि में केंद्र सरकार धीरे धीरे कमी करती जा रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य में पेयजलापूर्ति के लिए जल जीवन मिशन के तहत बकाया छह हजार करोड़ रुपए नहीं दिए। इसके अलावा वृद्धावस्थार, विधवा और दिव्यांग लोगों की पेंशन के लिए भी एक अरब 41 करोड़ रु. केंद्र ने नहीं दिया। वित्ता मंत्री ने कहा कि मनरेगा का काम कर जीविका चलानेवाले लोगों की राशि को भी केंद्र सरकार ने रोक रखा है। उन्होंने कहा कि इसके तहत मैटेरियल के मद में छह सौ करोड़ और मजदूरी के मद में 500 करोड़ केंद्र ने झारखंड को नहीं दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष कहता है कि केंद्र सरकार राज्य को भरपूर पैसे दे रही है, यह कहना बिल्कुल निराधार है। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष मार्च तक बजट की सभी राशि खर्च कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व से ही राज्य में राजस्व संग्रह की स्थिति खराब है। उन्होंने कहा कि 2019-20 में राजस्व संग्रह 75.75 प्रतिशत था, जबकि सिर्फ जनवरी माह तक ही यह 65.54 प्रतिशत तक पहुंच गया है। वर्ष के अंत तक 80 से 85 प्रतिशत हो जाएगा।

वित्त मंत्री ने विपक्ष पर राज्य के अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जातियों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पूर्व की अर्जुन मुंडा सरकार में एसटी और एससी की स्थिति में सुधार के लिए अनुसूचित जनजाति परामर्शदातृ परिषद का गठन किया गया था, लेकिन तत्कालीन रघुवर सरकार ने इसे सक्रिय नहीं किया। वित्त मंत्री ने कहा कि भाजपा का जनजातीय प्रेम केवल उसके घर में खाना खाने तक ही सीमित है।

## विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देगे : अबुआ अधिकार मंच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अबुआ अधिकार मंच का एक प्रतिनिधिमंडल अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें विश्वविद्यालय के शिक्षक विहीन4 कॉलेजों (मॉडल डिग्री कॉलेज वाना सिमडेगा, महिला कॉलेज लोहरदगा, महिला कॉलेज सिमडेगा ,मॉडल डिग्री कॉलेज घागरा में शिक्षक नियुक्त करने की मांग को लेकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए अभिषेक शुक्ला ने कहा के रांची विश्वविद्यालय के लिए यह बहुत ही दुभायगपूर्ण बात है के विश्वविद्यालय के चार महाविद्यालय में एक भी शिक्षक नहीं है जबकि यहा पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं की संख्या लगभग 2500 है। इन महाविद्यालय में शिक्षक नहीं होना यह साफ साफ दर्शाता है की अपने छात्र छात्राओं को लेकर विश्वविद्यालय कितना गंभीर है। उन्होंने आगे कहा के इन चार महाविद्यालय में शिक्षक नहीं होने का असर सीधा यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के भविष्य पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा के विश्वविद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं के प्रति यह उदासीन रवैया अबुआ अधिकार मंच द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा के विश्वविद्यालय के तरफ से इस समस्या के समाधान का हर संभव प्रयास किया जा रहा है । जल्द ही शिक्षकों को नियुक्त कर इस समस्या का निदान कर दिया जाएगा।

## रमजान इबादतों,रहमतों,बरकतों व गुनाहों से माफी का है महीना : कमरुल हक



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमजान का पाक महीना चल रहा है। लोग भूखे प्यासे रहकर दिन भर रोजा रख रहे हैं और रात में तरावीह अदा कर रहे हैं।आज रमज़ानुल मुबारक का पांचवा रोजा है। मुस्लिम समुदाय में चारों ओर रमजान को लेकर काफी चहल पहल है.रमजान के पाक मौके पर मुस्लिम रहनुमा लाखों दिलों में राज करने वाले गरीबों लाचारों के मसीहा कमरुल हक रिज़वी ने बताया कि रमजान का महीना साल में एक बार आता है। ये महीना खैरो बरकत,रहमत और मगफिरत का महीना है। हुजूर(स.अ) इस महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करते थे। इस महीने में अगर कोई एक फर्ज अदा करता है तो उसे 70 फर्ज के बराबर सबाब मिलता है।रमजान के महीने में अल्लाह शैतानों को कैद कर देते हैं,और इमान वालों के अमल का इनाम बढा देते हैं। हुजूर(स.अ) इस महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करते थे। दिन और रात का ज्यादातर हिस्सा इबादत में ही गुजरता था। इसके अलावा वो बेकार की बातों से परहेज फरमाते थे। इस महीने के तीन हिस्से हैं। पहला दस दिन रहमत का है, दूसरा दस दिन मांफी का है और तीसरा और आखिरी दस दिन जहन्नुम से आजादी का है। इस महीने में ज्यादातर लोग सदका और जकात करते हैं। इसी महीने में अल्लाह ने रोजा को फर्ज किया है। जो भी अल्लाह की रजा के लिए पूरे महीने रोजा रखेगा अल्लाह उनकी गुनाहों को माफ फरमा देंगे। जितने भी लोग आकिल और बालिग हैं उन पर रोजा फर्ज है।वहीं कलाम अंसारी कहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा सबाब हासिल करने के लिए लोगों को गरीबों लाचारों को सदका और खैरात करना चाहिए। इससे बहुत सबाब मिलता है। इसके अलावा रोजेदार को इफ्तार कराने से भी बड़ा सबाब मिलता है। नबी(स.अ) फरमाते हैं कि किसी रोजेदार को इफ्तार कराने से रोजा रखने के बराबर सबाब मिलता है। वो कहते हैं कि हर मालदार आदमी पर जकात फर्ज होता है। इसे गरीबों में बांटना चाहिए। और अपने गुनाहों की माफी मांगनी चाहिए।

## कॉम्फी ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दर्द प्रबंधन में अग्रणी और अग्रणी अमृतांजन हेल्थकेयर ने 2011 में 'कॉम्फी' ब्रांड लॉन्च किया, जिसमें बेहतर और किफायती स्त्री स्वच्छता उत्पादों की आवश्यकता को पहचाना गया। कॉम्फी 100 करोड़ का ब्रांड है, जिसने लाखों महिलाओं को प्रतिस्पर्धी मूल्य पर सैनिटरी नैपकिन, टैम्पोन, मासिक धर्म कप और मासिक धर्म दर्द रोल-ऑन सहित मासिक धर्म देखभाल समाधानों की पूरी श्रृंखला के साथ सशक्त बनाया है। भारत की 355 मिलियन मासिक धर्म वाली महिलाओं में से केवल 36% ही वर्तमान में सैनिटरी नैपकिन का उपयोग करती हैं। इन आँकड़ों के पीछे असली महिलाएँ और लड़कियाँ हैं, खासकर ग्रामीण इलाकों की, जिनके पास अक्सर गुणवत्तापूर्ण मासिक धर्म देखभाल उत्पादों तक सीमित पहुँच होती है।

## 100 नमक के लेबोरेटरी टेस्ट में टाटा नमक को सबसे शुद्ध माना गया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा नमक, 1983 से भारत का प्रमुख आयोडीन युक्त नमक ब्रांड रहा है और इसने अपने प्रोडक्ट की शुद्धता की अपनी विरासत को कायम रखा है। लेबोरेटरी में हुए टेस्ट के दौरान, टाटा नमक देश भर के 100 नमक में सबसे शुद्ध नमक के रूप में उभरा है। इससे टाटा नमक, देश में शुद्धता और क्वालिटी के मानक के रूप में स्थापित होता है। टाटा नमक, बेहतरीन क्वालिटी मुहैया कराने के प्रति प्रतिबद्ध रहा है और यह नमक उद्योग में श्रेष्ठता का प्रतीक है। इस पहल के ज़रिये, टाटा नमक, आत्मविश्वास से अपनी श्रेष्ठता का दावा करता है, जिसकी तुलना देश भर के नमकों से की जाती है। इसलिए टाटा नमक उन उपभोक्ताओं के लिए पहली पसंद रहा है, जो शुद्धता और बेहतरीन क्वालिटी चाहते हैं ।

## नवनियुक्त झामुमो जिलाध्यक्ष को दी बधाई

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अजीजुल इस्लाम को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। पार्टी के नए पुराने पदाधिकारी और कार्यकर्ता बधाई देने उनके आवास पर पहुंच रहे हैं। इधर बुधवार को पार्टी के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल, पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज ठाकुर एवं झामुमो नेता विकास साह ने जिला अध्यक्ष अजीजुल इस्लाम के आवास पर पहुंचकर बधाई दी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दिया। जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली से भी मुलाकात कर बधाई दी। इस दौरान तीनों नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया और केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष एम के फैजी की गिरफ्तारी के खिलाफ में एसडीपीआई का विरोध प्रदर्शन

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):**एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम के फैजी की ईडी द्वारा अनुचित गिरफ्तारी के खिलाफ एसडीपीआई पाकुड़ ने विरोध प्रदर्शन कर कड़ी आपत्ति जताई है।प्रदेश अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य मो0 हंजेला शेख ने इसे केंद्र की बीजेपी सरकार की प्रतिशोध की राजनीति तथा एसडीपीआई की आवाज को दबाने की नाकाम कोशिश बताया। फैजी साहब की गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित है और पार्टी को कमजोर करने का प्रयास है जो सफल नहीं हो पाएगा। कई बड़े राजनीतिक दल रहने के बावजूद एसडीपीआई देश के हर कोने में जमीनी स्तर बढ़ रही है तथा वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ एसडीपीआई द्वारा की गई रैली, प्रदर्शन तथा कार्यक्रम से घबराकर ईडी ने केंद्र की हुकूमत के इशारे पर यह कदम उठाई है।वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष हबीबुर रहमान ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष को बिना शर्त तुरंत रिहा किया जाए अन्यथा आंदोलन और तेज होगा।प्रदर्शन में मुख्य रूप से उपस्थित थे पाकुड़ जिला अध्यक्ष अमीर हमजा, उपाध्यक्ष ओबैदुर रहमान,जिला सचिव मो0 इस्माइल,प्रखंड अध्यक्ष अहेदुल शेख तथा दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे

## हास्य कलाकारों ने किया दर्शकों का भरपूर मनोरंजन

**पाकुड़िया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के शिव मंदिर कमेटी मोंगलाबांध के द्वारा आयोजित शिवरात्रि महोत्सव के सातवें दिन मंगलवार देर रात्रि को पुरुलिया के मशहूर बंगला हास्य कलाकार काला चांद फांका चांद नाइट प्रोग्राम आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि महेशपुर विधानसभा विधायक प्रो स्टीफन मरांडी की पुत्री युवा नेत्री पिंकी उपासना मरांडी पहुंची। उद्घाटन मुख्य अतिथि पिंकी उपासना मरांडी ने फीता काट कर किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का स्वागत मंदिर कमेटी के अध्यक्ष दीपक साहा, संचालक कार्तिक पाल सहित कमेटी के अन्य सदस्यों ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मंच से युवा नेत्री पिंकी उपासना मरांडी ने संबोधित करते हुए कहा कि मोंगलाबांध में प्रतिवर्ष शिवरात्रि के अवसर पर इतनी बड़ी कार्यक्रम की जाती है। इसके लिए कमेटी के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं।उन्होंने सभी दर्शकों एवं ग्रामीणों का इस भव्य आयोजन में सम्मिलित होकर शोभा बढ़ाने को लेकर भी बधाई दिया। उन्होंने मंदिर कमेटी के सदस्यों सहित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह का धार्मिक आयोजन में हमारी ओर से हमेशा पूर्ण सहयोग रहेगा। सहित लोगों में जागरूकता को लेकर झारखंड सरकार के अन्य धार्मिक सहयोग के विषय में भी जानकारी दिया। प्रोग्राम में सर्वप्रथम बाबा भोलेनाथ के गीतों से प्रारंभ हुआ इसके बाद मुख्य बंगला हास्य कलाकार काला चांद फांका चांद एवं सहयोगी कल्याणी दास मंगल पांडेय, विश्वजीत, संजना सहित अन्य सदस्य कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक हास्य सीन को दर्शाया गया ।

## ग्रामप्रधानों की बैठक कर पेसा कानून पर किया गया विचार विमर्श

# राज्य व केंद्र सरकार जल्द से जल्द पेसा कानून, सरना धर्म कोड लागू करें : रमेश उरांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** बुधवार को गुमला जिला के अंतर्गत भरनो प्रखंड के मारासिली पंचायत में ग्राम प्रधान संघ के प्रखंड अध्यक्ष बंधन उरांव के अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि रमेश उरांव ग्राम प्रधान महासंघ प्रदेश अध्यक्ष मुख्य रूप से शामिल थे। इस बैठक में विभिन्न राजस्व गांव से आए हुए। सभी ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने विचार रखें और कहा गया कि हेमंत सरकार जल्द से जल्द पेसा कानून लागू करें।और केंद्र सरकार सरना कोड जल्द से जल्द लागू करें।अन्यथा पूरे झारखंड में जोरदार रूप से आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश उरांव ने कहा कि झारखंड राज्य अलग हुए।लगभग 25 वर्ष हो गया। परंतु अभी तक पेसा कानून लागू



करने के लिए पहल नहीं हुई है। जो झारखंड वासियों के लिए दुर्भाग्य की बात है हेमंत सरकार से काफी उम्मीद है कि जल्द से जल्द पेसा कानून हु -बहू लागू करें। और केंद्र सरकार सरना आदिवासियों के लिए सरना कोड जल्द से जल्द लागू करें। जनगणना होने से पूर्व और परिसीमन लागू होने से पहले श्री उरांव ने यह भी कहा कि भारत देश में 10 राज्यों में पेसा कानून लागू होना है जिसमें आठ राज्यों में सरकार में नियमावली बनाकर पेसा कानून को लागू कर दिया गया है। खासकर हेमंत सरकार के कार्यकाल में पेसा कानून नियमावली का प्रारूप बनकर तैयार है लेकिन सरकार लागू कराने मे चुप्पी साधे हुए हैं। इस विषय पर सरकार को गंभीर होना चाहिए। इसलिए की झारखंड के जानताओं ने दोबारा हेमंत सरकार के हाथों में कमान सौपी है। बैठक का संचालन प्रखंड ग्राम प्रधान संघ के सचिव जय राम खड़िया ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संघ के प्रखंड अध्यक्ष बंधना उरांव, जयराम खड़िया, मंगरा उरांव ललित उरांव ,बुधला उरांव ,रॉबिन सोरेन ,लोहरा उरांव, रथु मुंडा, सुखराम पहान, घणेनाथ करमाली,जेठू मुंडा, कैलाश बेदिया, परदेसिया उरांव मंगरी देवी पंचायत के मुखिया सुकेश उरांव, अरविंद भगत, इत्यादि सैकड़ो की संख्या में ग्राम प्रधान मुख्य रूप से शामिल थे। संघ के प्रखंड अध्यक्ष बंधन उरांव के अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि रमेश उरांव ग्राम प्रधान महासंघ प्रदेश अध्यक्ष मुख्य रूप से शामिल थे। इस बैठक में विभिन्न राजस्व गांव से आए हुए। सभी ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने विचार रखें और कहा गया कि हेमंत सरकार जल्द से जल्द पेसा कानून लागू करें।और केंद्र सरकार सरना कोड जल्द से जल्द लागू करें।अन्यथा पूरे झारखंड में जोरदार रूप से आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश उरांव ने कहा कि झारखंड राज्य अलग हुए।लगभग 25 वर्ष हो गया। परंतु अभी तक पेसा कानून लागू करने के लिए पहल नहीं हुई है। जो झारखंड वासियों के लिए दुर्भाग्य की बात है हेमंत सरकार से काफी उम्मीद है कि जल्द से जल्द पेसा कानून हु -बहू लागू करें। और केंद्र सरकार सरना आदिवासियों के लिए सरना कोड जल्द से जल्द लागू करें। जनगणना होने से पूर्व और परिसीमन लागू होने से पहले श्री उरांव ने यह भी कहा कि भारत देश में 10 राज्यों में पेसा कानून लागू होना है जिसमें आठ राज्यों में सरकार में नियमावली बनाकर पेसा कानून को लागू कर दिया गया है। खासकर हेमंत सरकार के कार्यकाल में पेसा कानून नियमावली का प्रारूप बनकर तैयार है लेकिन सरकार लागू कराने मे चुप्पी साधे हुए हैं। इस विषय पर सरकार को गंभीर होना चाहिए। इसलिए की झारखंड के जानताओं ने दोबारा हेमंत सरकार के हाथों में कमान सौपी है। बैठक का संचालन प्रखंड ग्राम प्रधान संघ के सचिव जय राम खड़िया ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संघ के प्रखंड अध्यक्ष बंधना उरांव, जयराम खड़िया, मंगरा उरांव ललित उरांव ,बुधला उरांव ,रॉबिन सोरेन ,लोहरा उरांव, रथु मुंडा, सुखराम पहान, घणेनाथ करमाली,जेठू मुंडा, कैलाश बेदिया, परदेसिया उरांव मंगरी देवी पंचायत के मुखिया सुकेश उरांव, अरविंद भगत, इत्यादि सैकड़ो की संख्या में ग्राम प्रधान मुख्य रूप से शामिल थे।

## शांतिनगर चर्च में मसीही समुदाय के लोगों ने राख बुध पर्व मनाया

**खलारी :** खलारी शांतिनगर स्थित चर्च में बुधवार की सुबह मसीही समुदाय के लोगों ने राख बुध पर्व मनाया. मौके पर फादर ऑस्कर टोप्पो ने मिस्सा पूजा कराकर राख बुध पर्व की शुरूआत की. मौके पर फादर ऑस्कर टोप्पो ने कहा कि राख बुध मनाकर लेंट की शुरूआत की जाती है. आज से चालीसवें दिन बाद ईस्टर पर्व मनाया जाएगा. ईस्टर के बाद उपवास परहेज समाप्त हो जाएगा. उन्होने संदेश देते हुए कहा कि राख, ख्रीस्त विश्वासियों के आन्तरिक पश्चाताप का बाहरी चिन्ह है. शरीर का निर्माण मिट्टी से हुआ और एक दिन यह पुनः मिटटी में मिल जाएगा. कहा कि इस राख को धारण कर ख्रीस्त विश्वासी उपवास, प्रार्थना, पुण्य का काम और दान-धर्म के द्वारा यीशु ख्रीस्त के



शिक्षा का पालन करे और उसके अनुसार अपना जीवन बिताएं. अंत में खजूर पर्व के दौरान व्यवहार में लाए गए खजूर की डाली को राख बनाकर फादर ऑस्कर टोप्पो तथा डॉ. सिस्टर निर्मला सामुवेल के द्वारा उपस्थित सभी लोगों के माथे पर लगाया गया. साथ ही बुधवार को ही शाम में आने वाले मसीही विश्वासियों के लिए भी इसी तरह का कार्यक्रम किया गया और मिस्सा पूजा की गई. अंत में लोगों को परम प्रसाद दिया गया. इस अवसर सर जॉन, सरोज डूंगडूँग, अलबीना तोपनो, जॉयसी, अंजना, एलिस, प्रवीण, तानिश कुजूर, समीर मिंज, पारसनाथ उराव, रोबिन तोपनो, सुशील कश्यप, संगीता टोप्पो, बिनोद टोप्पो, प्रिया रजनी खालखो, नूतन मिंज, सुषमा कश्यप् सहित काफी संख्या में मसीही विश्वासी उपस्थित थे।

## क्षेत्र की विकास ही हमारी प्राथमिकता : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को सिल्ली विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में 10 लाख रुपये की लागत से होने वाली विकास योजनाओं का शिलान्यास किया । उन्होंने सांसद मद से हालमाद में 400 फीट पीसीसी पथ निर्माण एवं डुमरटांड़ में चबूतरा निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।इस दौरान राजकीय कृत मध्य विद्यालय,हालमाद पहुंचे ,जहां प्रिंसिपल पुनूम कुजूर ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री का गुलदस्ता देकर स्वागत किया । शिक्षकों एवं छात्रों ने स्कूल समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। सांसद एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष को स्थानीय लोगों ने जोरदार ढंग से स्वागत किया। भ्रमण के दौरान मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने अवैध बालू परिचालन एवं अवैध बालू खनन की शिकायत की। वहीं चोकेसेरेंग के ग्रामीणों ने भी बालू के अवैध रूप टेंडर की शिकायत की। उन्होंने मौके डीएसपी को दूरभाष पर बात अवैध बालू परिचालन एवं खनन पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास के लिए संगठित और जागरुक रहने की जरुरत है ?।निर्माण कार्य



योजनाओं की ग्रामीण उन्होंने बताया कि रांची संसदीय क्षेत्र में कुल 5 विधानसभा क्षेत्र में 7 करोड़ रुपए की लागत से 2000 हाईमास्ट लाइट लगाई जा रही है।मौके पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज, मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक , पतराहातू मंडल अध्यक्ष भगीरथ महतो, कृष्ण सागर दुबे, वासुदेव महतो, सृष्टिधर प्रजापति, राधानाथ महतो ,हरेंद्र प्रमाणिक आदि समेत सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## सदर अस्पताल में जल्द शुरू होगा आंख का ऑपरेशन : सिविल सर्जन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** सदर अस्पताल में आंखों का ऑपरेशन जल्द शुरू होगा। मोतियाबिंद सहित अन्य समस्याओं से ग्रसित मरीजों के आंखों का ऑपरेशन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल ने कहा कि सदर अस्पताल में आंखों का ऑपरेशन शुरू कराने की दिशा में तेज गति से काम चल रहा है। अस्पताल में बेहतरीन और कीमती मशीनों का इंतजाम किया जा रहा है। डॉ राम प्रसाद यादव सेवा में उपलब्ध होंगे। सिविल सर्जन ने कहा कि हर महीने कम से कम 50 ऑपरेशन का लक्ष्य रखा जाएगा।ताकि साल में कम से कम 600 ऑपरेशन किया जा सके। इससे आंख की बीमारी से जूझ रहे गरीब मरीजों को विशेष तौर पर फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाना ही हमारा मकसद है। आने वाले समय में पाकुड़ की स्वास्थ्य व्यवस्था दूसरे राज्यों के लिए मिसाल होगा। इस दिशा में काम चल पड़ा है और व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं गरीब गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड करता हूं। हर महीने 500 से 600 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड किया जाता है।इससे सरकार को एक बड़ी रकम भी रेवेन्यू के रूप में मिलता है। मेरी कोशिश है कि जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था ऊंचाई तक पहुंचे।उन्होंने कहा कि सिजेरियन में पाकुड़ जिला पूरे संथाल परगना में पहले पायदान पर हैं। एनीमिया और फाइलेरिया में पूरे देश में नंबर वन है।यह सारी सफलताएं नियमित रूप से जारी रहे, इसलिए स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है। करोड़ों की राशि से सदर अस्पताल सहित जिले भर में संचालित स्वस्थ केंद्रों को मॉडल बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एडवांस ऑपरेशन थिएटर से लेकर सारी सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है।अस्पतालों में गॉलब्लैडर,ट्यूमर,बच्चेदानी का ऑपरेशन आदि बड़े-बड़े ऑपरेशन को भी सफलतापूर्वक किया जा रहा है। आने वाले समय में इन ऑपरेशनों के लिए और भी बेहतर व्यवस्था स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल के भवन का एक और फ्लोर निर्माण के लिए प्रयास किया जा रहा है। अगर एक और फ्लोर का निर्माण हो जाता है, तो मरीजों को और ज्यादा सुविधा मिलेगी।सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल ने कहा कि दातों के इलाज के लिए आधुनिक मशीन उपलब्ध कराए गए हैं।इससे दांत से संबंधित समस्याओं को एक्स-रे की तरह बारीकी से पता लगाया जा सकता है।इससे डॉक्टर को इलाज करने में सुविधा होगी और मरीज को भी बेहतरीन सेवा उपलब्ध होगा। दंत चिकित्सक डॉ शाहरुख मरीज को बेहतर सेवा दे रहे हैं। कुपोषण को लेकर भी हम गंभीरता से काम कर रहे हैं। जिन बच्चों के उम्र के हिसाब से वजन कम होते हैं, वैसे बच्चों को यहां रखा जाता है और उन्हें पूरी तरह स्वास्थ्य कर घर भेजा जाता है। इस दौरान ऐसे बच्चों को होने वाले सांसों से संबंधित परेशानियों से भी छुटकारा दिलाया जाता है।


**उपायुक्त का कार्यालय,हजारीबाग**
**(जिला योजना)**
**e-Mail:- dpohazaribagh@gmail.com**

ज्ञापांक–170 / जि0यो0, दिनांक–04 / 03 / 2025

**अति अल्पकालीन ईच्छा की अभिव्यक्तिद्य**

हजारीबाग जिला में पर्यटकों के सुविधा हेतु पर्यटन स्थल से संबंधित महत्वपूर्ण स्थलों पर साईन बोर्ड लगाने हेतु विभिन्न शर्त्तों के साथ अति अल्पकालीन ईच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्थान/ फर्म दिनांक–11 / 03 / 2025 के अपराह्न 12:00 बजे तक निम्नांकित शर्त्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद निविदा एवं विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, हजारीबाग, समाहरणालय भवन, द्वितीय तल्ल में जमा किया जाना है एवं दिनांक–11 / 03 / 2025 के अपराह्न 02:00 बजे प्राप्त निविदाओं को समिति के समक्ष खोला जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् जमा किये जाने वाले निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा के नियम एवं शर्त्ते, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की विवरणी,Scope of Work (Annexure-1) आदि समाहरणालय, हजारीबाग के वेबसाईट https://www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त
हजारीबाग

PR 347810 Planning and Development(24-25).D



**प्रपत्र VI 'क'**
**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11(1) के अधीन)
संख्या– 237 / भू0अ0, रामगढ़, दिनांक 04 / 02 / 2025

चूँकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा कमता, थाना नं0 27, राजस्व थाना गोला, अंचल गोला, जिला रामगढ़ में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा Construction of Approach of Proposal ROB near level crossing No. MB-21 at Km 383/16-17 between Muri-Barkakana under Ranchi Railway Division हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा कमता, थाना नं0 27, राजस्व थाना गोला, अंचल गोला, जिला रामगढ़ में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए **कमोवेश 0.167 एकड़ यानि 0.06758 हेक्टेयर** मानक माप का अर्जनाधीन भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 19 | 981 | रैयती | आवासीय | 0.058 | नकुल करमाली सहदेव करमाली पिता स्व0 सुकरा करमाली वो विकास करमाली निखिल करमाली पिता गोपाल करमाली वो धनवा करमाली जीतु करमाली विपिन करमाली पिता भजुवा करमाली वो सुरेश करमाली नरेष करमाली पिता नागवा करमाली जलेश्वर करमाली, धनेश्वर करमाली सोहन करमाली पिता कुंजुवा करमाली वो उमेश करमाली पिता प्रमानन्द करमाली वो जगदीश करमाली काली करमाली पिता स्व0 प्रभु करमाली वो बोधन करमाली सोधना करमाली पिता स्व0 सरधु करमाली। | 981 का शेष | रोड | प्लॉट 980 | प्लॉट 982 |
| 2 | 52 | 980 | रैयती | आवासीय | 0.102 | 1. रवि साव पिता स्व0 दुखी साव 2. चन्द्र दवे साहु बासु साहु पिता निर्मल साव 3. अमरलाल महतो पिता महेष्वर महतो 4. नेमधारी महतो पिता कलेश्वर महतो 5. सुरेश राम कश्यप पिता कुलेश्वर महतो 6. निरालो देवी पति सुरेष राम कष्यप 7. अवधेष कुमार सोनी कपिल दवे सोनी दिलीप कुमार सोनी 8. शषीभुषण महतो पिता लोबिन महतो 9. बलदेव महतो पिता कोलेष्वर महतो 10. सुनीता देवी पति रामनाथ साव 11. शंकर शरण अग्रवाल संजीवन कुमार अग्रवाल पिता धनष्याम प्रसाद अग्रवाल सुयष अग्रवाल पिता भोला शंकर अग्रवाल वो अवध अग्रवाल मिथिलेश अग्रवाल पिता रामेष्वर प्रसाद अग्रवाल 12. द्वारिका सिंह पिता परषुराम सिंह 13. गणेश साव पिता जय देव साव 14. मंजु देवी पति बंशी स्वर्णकार 15. कुन्ती देवी पति जगेष्वर साव। | 980 का शेष | रोड | प्लॉट 948 | प्लॉट 981 |
| 3 | 109 | 945 | रैयती | धनहर | 0.001 | धर्मदेव प्रसाद पिता जयकिषोर महतो वो पूर्णिमा देवी पति स्व0 मानकी प्रसाद वो अनील कुमार लखिन्द्र कुमार ओम प्रकाष कुमार पिता स्व0 रामधनी महतो। | 945 का शेष | रोड | पटासुर नदी | प्लॉट 947 |
| 4 | 19 | 1079 | रैयती | टाँड़ | 0.002 | विपिन करमाली वगै0 पिता स्व0 भजुवा करमाली वगै0 वो राधी देवी वगै0 पिता स्व0 द्वारिका करमाली वगै0 | रोड | 1079 का शेष | प्लॉट 1080, 1081 | प्लॉट 1077 |
| 5 | 19 | 1080 | रैयती | टाँड़ | 0.004 | विपिन करमाली वगै0 पिता स्व0 भजुवा करमाली वगै0 वो राधी देवी वगै0 पिता स्व0 द्वारिका करमाली वगै0 | रोड | 1080 का शेष | प्लॉट 1041 | प्लॉट 1079 |
| 6 | 80 | 1083 | रैयती | टाँड़ | 0.002 | नन्दुवा मुण्डा पिता स्व0 कार्तिक मुण्डा वो सुर्यनाथ मुण्डा पिता स्व0 बलिया मुण्डा वो पुष्पा देवी पति स्व0 रवि मुण्डा | रोड | 1083 का शेष | प्लॉट 1084 | प्लॉट 1082 |
| | | | | कुल रकवा | 0.167 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता–सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ और संबंधित राजस्व कर्मचारी, चितरपुर अंचल को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्दर भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0 / – कानूनगो, रामगढ़। ह0 / – जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़। ह0 / – अपर समाहर्त्ता, रामगढ़। ह0 / – उपायुक्त, रामगढ़।

PR 347831 (Land Reforms)24-25*D

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## अमृतांजन के मासिक धर्म स्वच्छता ब्रांड कॉम्फी ने किया 100 करोड़ रूपये का आंकड़ा पार



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दर्द प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी, अमृतांजन हेल्थकेयर ने महिला स्वच्छता से जुड़े बेहतर और किफायती उत्पादों की आवश्यकता को देखते हुए हुए 2011 में कॉम्फी ब्रांड लॉन्च किया था। आज, कॉम्फी 100 करोड़ रुपये का ब्रांड बन गया है, जो सैनिटरी नैपकिन, टैम्पोन, मासिक धर्म कप और पीरियड पेन रोल-ऑन सहित मासिक धर्म से जुड़े समाधानों की पूरी श्रृंखला के साथ लाखों महिलाओं को सशक्त बना रहा है, वह भी बेहद किफायती कीमत पर। भारत में मासिक धर्म का अनुभव करने वाली महिलाओं की संख्या 35.5 करोड़ है और फिलहाल उनमें से केवल 36 फीसदी महिलाएं ही सैनिटरी नैपकिन का उपयोग कर पाती हैं। महिला स्वच्छता से जुड़े उत्पादों के लिहाज़ से अग्रणी बेला प्रीमियर हैप्पी हाइजीन केयर प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से, टीम ने उत्तरी अमेरिका से आयातित पल्प का उपयोग कर एक ऐसा उत्पाद विकसित किया जो भारत में अन्य प्रमुख ब्रांडों की तुलना में 80 फीसदी बेहतर अवशोषण का वादा करता है।

## सैमसंग का गैलेक्सी ए56 5जी और ए36 5जी स्मार्टफोन लॉन्च



**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज गैलेक्सी ए56 5जी और गैलेक्सी ए36 5जी स्मार्टफोन लॉन्च करने की घोषणा की। ये डिवाइस ऑसम इंटेलिजेंस के साथ बेहतर सर्च और विज़ुअल अनुभव प्रदान करते हैं, जिससे क्रिएटिविटी को नए अंदाज में पेश किया जा सके। गैलेक्सी ए56 5जी को एक्सिनोस 1580 चिपसेट, जबकि गैलेक्सी ए36 5जी को स्नैपड्रैगन 6 जेनरेशन 3 मोबाइल प्लेटफॉर्म से लैस किया गया है, जिससे ये तेज और स्मूथ परफॉर्मेंस देते हैं। दोनों स्मार्टफोन में बड़ा वेपर चेंबर दिया गया है, जो गेमिंग और वीडियो प्लेबैक को बिना रुकावट के स्मूथ बनाता है। इनकी मोटाई सिर्फ 7.4 मिमी है, और ये 45 डब्ल्यू सुपरफास्ट चार्जिंग 2.0 तकनीक को सपोर्ट करते हैं। ग्राहक 999 रुपये में एक साल की स्क्रीन प्रोटेक्शन और गैलेक्सी ए56 5जी पर 18 महीने तक व गैलेक्सी ए36 5जी पर 16 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही, सैमसंग वॉलेट से खरीदारी करने पर 400 रुपये तक का अमेज़न वाउचर भी मिलेगा। गैलेक्सी ए56 5जी और गैलेक्सी ए36 5जी अब सैमसंग डांट कॉम, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं।

## खनन विभाग की बड़ी कारवाई, चार बालू लदे ट्रैक्टर जप्त



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में जिला खनन पदाधिकारी के निर्देश पर अवैध बालू परिवहन के खिलाफ औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चार बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त किया गया एवं ईचागढ़ थाना को सौंप दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सिल्ली रांगामाटी सड़क पर झाड़ुआ मोड़ के पास चार ट्रैक्टर अवैध बालू लेकर जा रहा था, जहां खनन निरीक्षक समीर कुमार ओझा के द्वारा रोक कर चालान के संबंध में पुछताछ किया गया। ट्रैक्टर में चालान नहीं दिखा पाने पर ट्रैक्टर को जप्त कर आगे कि कारवाई हेतु थाना को सौंप दिया गया। सैकड़ों ट्रैक्टर द्वारा अवैध बालू का परिवहन किया जा रहा है, जिससे सरकारी राजस्व का नुक़सान हो रहा है। खनन निरीक्षक ने बताया कि अवैध बालू किसी भी हाल में चलने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार क्षेत्र में अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है एवं कारवाई भी किया जा रहा है।

## आनन्दमार्ग प्रचारक संघ ने मनाया दधीचि दिवस



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आनन्दमार्ग प्रचारक संघ, सरायकेला-खरसावां की ओर से बुधवार को कांड्रा, गम्हरिया समेत जिले के कई जगहों पर दधीचि दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अनुयायियों द्वारा 12 घंटे का उपवास रखकर पांच दधीचियों को श्रद्धांजलि दी गई और बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन के साथ ईश्वर प्रणिधान किया गया। विदित है कि आज के दिन सम्पूर्ण विश्व में आनंदमार्गी दिनभर उपवास रखकर शाम को अपना उपवास तोड़ते हैं। बताया गया है कि आज ही के दिन 5 मार्च 1967 को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के आनंद नगर में आचार्य सच्चिदानन्द अवधुत, आचार्य अभेदानन्द अवधुत, प्रभाष कुमार, भरत कुमार और अवध कुमार इन पांच निहत्थे आनंदमार्गियों की नृशंस हत्या कर दी गई थी।

## जमशेदपुर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ब्रांच की नई कार्यकारिणी गठित



**जमशेदपुर :** चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ब्रांच, जमशेदपुर की एग्जीक्यूटिव बैठक बुधवार को रूसी मोदी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत आईसीएआई कानपुर से आए डिप्टी सेक्रेटरी सीए गोविंद अग्रवाल और सीए अमित अग्रवाल ने की। बैठक में नई कार्यकारिणी टीम का चुनाव किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से सीए कौशलेंद्र दास को चेयरमैन चुना गया। इसी तरह सीए आनंद अग्रवाल को उप चेयरमैन, सीए ऋषि अरोड़ा को सचिव, सीए मुकुंद केडिया को कोषाध्यक्ष, सीए चेतन अग्रवाल को सीआईसीएएसए चेयरमैन, सीए योगेश शर्मा को कार्यकारी सदस्य बनाया गया। नव-निर्वाचित टीम का कार्यकाल एक वर्ष (2025-26) रहेगा, जिसका नेतृत्व सीए कौशलेंद्र दास करेंगे। बैठक का समापन सीए गोविंद अग्रवाल और सीए अमित अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देकर किया।

## मां जीण भवानी का नवनिर्मित रजत विग्रह का पूजन, हवन संपन्न

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर के भक्तों द्वारा साकची अग्रसेन भवन में आदि शक्ति मां जीण भवानी का नवनिर्मित रजत विग्रह (माता की चांदी की तस्वीर) का पूजन, हवन एवं प्रसाद का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान उर्मिला-शंभु खन्ना एवं रीता-श्याम खंडेलवाल ने पूजा की। पुजारी अमित शर्मा की देखरेख में पांच विद्वान पंडितों ने पूजन एवं हवन का अनुष्ठान विधि पूर्वक संपन्न कराया। संस्था के कोषाध्यक्ष विनोद खन्ना ने बताया कि जीण माता परिवार के सुनील देबूका, मनीष खन्ना, पवन शर्मा, आशीष खन्ना के संयुक्त पहल पर श्रद्धालुओं से चांदी संग्रह कर जीण माता की चांदी की का नवनिर्मित तस्वीर बनायी गयी हैं। धार्मिक अनुष्ठान में प्रमुख रूप से बजरंग लाल अग्रवाल, राजकुमार रिंगसिया, रामकृष्ण चौधरी, उमेश शाह, विनोद खन्ना, अरूण बांकरेवाल, राजकुमार मेंगोतिया, जगदीश खेमका, तुलसी खेमका, संतोष, राधेश्याम, ओम प्रकाश आदि शामिल थे।

### होली एवं रमजान के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति के साथ बैठक

# आपसी भाईचारा एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास से मनायें त्योहार , फेक न्यूज का प्रचार-प्रसार नहीं करें : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** होली एवं रमजान पर्व- 2025 को शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाये जाने को लेकर टाउन हॉल, सिदगोड़ा में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा केन्द्रीय शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर प्रशासन की अपेक्षाओं से अवगत कराया तथा शांति समिति सदस्यों से उनके सुझावों को सुना गया । होली एवं रमजान पर्व में विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है, जिसमें 13 सुपर जोन बनाते हुए प्रशासनिक इंतजाम किए गए हैं । सूचनाओं के आदान प्रदान को लेकर साकची थाना परिसर में जिला कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा। सभी बीडीओ/ सीओ को अपने क्षेत्र अन्तर्गत स्वास्थ्य केन्द्रों में 24म7 एम्बुलेंस, आवश्यक जीवन रक्षक दवा इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश है । जिले के सभी थाना क्षेत्रों को जोनवार बांटते हुए सुपर जोनल एवं जोनल दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। उपायुक्त ने शांति समिति सदस्यों को आश्वस्त





करते हुए कहा कि नागरिक सुविधाओं से संबंधी जितने भी शिकायत / सुझाव प्राप्त हुए हैं उन सभी का समाधान समयबद्ध रूप से किया जाएगा । उन्होने विशेष तौर पर युवा वर्ग को सचेत करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी तरह का भ्रामक खबर दूसरों को फॉर्वर्ड नहीं करेंगे जिससे विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो । जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रशासनिक तैयारी पूरी है। सभी चौक चौराहों में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल की निगरानी में नाकाबंदी रखेंगे । आपसी भाईचारे एवं हर्षोल्लास के वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दें, सोशल मीडिया पर किसी भी कंटेट को जिम्मेदारी एवं समझदारी से अपलोड करें। मिठाई व रंग में मिलावटखोरी पर नकेल कसने के लिए फूड सेफ्टी ऑफिसर, अवैध शराब बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को उन्होने निर्देशित किया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी। सभी संवेदनशील धार्मिक स्थलों, चौक-चौराहों को चिन्हित किया गया है जहां दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती रहेगी। स्टैटिक जांच व भ्रमणशील दल भी एक्टिव रहेंगे। किसी भी तरह से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली सूचना का प्रसार नहीं करें, 24म7 सोशल मीडिया की निगरानी की जा रही है। उन्होने कहा कि नशापान कर वाहन चलाने वाले विशेष रूप से सचेत रहें। किसी को भी जबरदस्ती रंग नहीं लगायें, सामने वाले की भावनाओं का उचित सम्मान करते हुए त्यौहार मनायें । भड़काऊ गीत नहीं बजायें जिससे किसी की भी भावना आहत हो।

## मनन कुमार मिश्रा दो पदों के साथ न्याय नहीं कर सकते : सुधीर कुमार पप्पू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाजवादी चिंतक एवं जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन के वरीय सदस्य सुधीर कुमार पप्पू ने बार काउंसिल आफ इंडिया के सातवीं बार चेयरमैन चुने गए वरीय अधिवक्ता मनन कुमार मिश्रा को सलाह दी है कि वह राज्यसभा सांसद अथवा बीसीआई काउंसिल आफ इंडिया चेयरमैन में से एक पद छोड़ दें। सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार कोई भी व्यक्ति इस तरह की परिस्थिति में दोनों पदों में रहकर अपनी राजनीतिक एवं पेशे के प्रति प्रतिबद्ध एवं ईमानदार नहीं रह सकता है। क्योंकि मनन कुमार मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के बिहार से राज्यसभा सांसद हैं और उन्हें पार्टी के ह्विप के साथ रहना बाध्यकारी है। हाल ही में केंद्र सरकार ने अधिवक्ता संशोधन अधिनियम का प्रारूप सार्वजनिक



किया था और उसके कानूनी रूप ले लेने से वकीलों का अहित होना तय था। वकीलों की पेशेगत स्वतंत्रता, स्वायत्तता पर अप्रत्यक्ष नियंत्रण की कोशिश सरकार की ओर इस संशोधन के माध्यम से होनी थी और पूरे देश में वकील समुदाय ने इसका विरोध किया।

वकील समुदाय की एकता और विरोध के कारण केंद्र सरकार ने अपने पैर पीछे खींच लिए थे। लेकिन फिर सरकार ने उसे एक्सपर्ट कमेटी को सौंप दिया है। वकीलों के प्रतिनिधि होने के बावजूद चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा की ओर से इसका प्रतिरोध नहीं किया जा रहा है। बल्कि सार्वजनिक रूप से उन्होंने कहा है कि अधिवक्ता संशोधन अधिनियम को पारित करना उनका उद्देश्य है। इसके साथ ही सुधीर कुमार पप्पू ने मनन कुमार मिश्रा को सवालों में लेते हुए कहा कि वह निजी बिल के रूप में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट क्यों नहीं राज्यसभा में पेश करते हैं? सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार वरीय अधिवक्ता मनन कुमार मिश्रा भाजपा के पक्ष में अच्छी राजनीति कर रहे हैं और इसलिए उनको राज्यसभा में ही रहना चाहिए और बार काउंसिल आफ इंडिया के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

## करीम सिटी कॉलेज के छात्रों ने किया सिक्का संग्रहालय का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**





**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के इतिहास विभाग ने आज सिक्का संग्रहालय का दौरा किया। इस दौरान छात्रों ने जमशेदपुर सिक्का संग्रहालय में सिक्का विरासत के बारे विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. कौसर तस्नीम और डॉ. मोहम्मद शाहनवाज के नेतृत्व में सेमेस्टर 1, 2 और 4 के 42 छात्र शामिल थे। संग्रहालय में भारतीय प्राचीन युग से लेकर आधुनिक युग तक के सिक्कों का एक व्यापक संग्रह था, साथ ही टाटा स्टील के पदक और यादगार वस्तुएं भी थीं। जबकि यह दौरा काफी हद तक आत्म-अन्वेषणात्मक था, संग्रहालय क्यूरेटर ने छात्रों के साथ जुड़ने में सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे उन्हें टकसाल तकनीक, ऐतिहासिक व्यापार और मुद्रा के विकास के बारे में जानकारी ली। छात्रों और शिक्षकों ने विभिन्न सिक्कों पर बातचीत की, उनका विश्लेषण किया और चर्चा की, जिससे यह दौरा शिक्षा और मनोरंजन (एडुटेनमेंट) का एक आदर्श मिश्रण बन गया।

## चंपाई सोरेन ने अपने पैतृक गांव झिलिंगगोंडा में मनाया बाहा पर्व

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक चंपाई सोरेन ने बुधवार को अपने पैतृक गांव झिलिंगगोंडा में धार्मिक रीति-रिवाज के साथ बाहा पर्व मनाया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में जाहेरथान पहुंचकर प्रकृति देवता की पूजा-अर्चना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बाहा पर्व आदिवासी समाज का एक पवित्र पर्व है जिसमें समुदाय के लोग अपने सृष्टिकर्ता और प्रकृति के देवता मरांगबुरू, जाहेर आयो, लिटा मोणें और तुरूईको के प्रति श्रद्धा और आभार



प्रकट करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बाहा पर्व केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सामुदायिक सहयोग, प्राकृतिक संतुलन और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का प्रतीक है। इस मौके पर उन्होंने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ और धर्मांतरण के मुद्दे पर कहा कि आगामी 23 मार्च (शहीद दिवस) से वे संथाल की पावन धरती से इन मुद्दों के खिलाफ उलगुलान (आंदोलन) करेंगे।

## श्याम भटली परिवार जमशेदपुर ने खाटूधाम में निशान अर्पित किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** श्री श्री श्याम भटली परिवार, जमशेदपुर के 21 सदस्यीय दल ने रींगस के प्राचीन मंदिर में दर्शन एवं निशान भवन में पूजा कर दोपहर 12 बजे 18 किमी की पैदल यात्रा कर खाटू धाम पहुँचकर बाबा श्याम को निशान अर्पित किया। इससे पहले महासर धाम में पूजा-अर्चना, झुंझुनूं दादी मंदिर, चुड़ीधाम, सांखू हनुमान जी और सालासर बालाजी के दर्शन किए। रात्रि विश्राम चमेली देवी धर्मशाला में किया। दूसरे दिन कुल देवी माँ जीण भवानी और पहाड़ी स्थित प्राचीन मंदिर के दर्शन के बाद खाटूधाम पहुँचे, जहां बाबा श्याम के दर्शन और मेले का आनंद लिया। इस दौरान मूंडरू श्याम मंदिर के मुख्य पुजारी और कोषाध्यक्ष सोहन राधुक ने भटली परिवार के सदस्यों को बाबा श्याम की स्मृति और दुपट्टा देकर सम्मानित किया। सचिव ललित डाँगा, प्रवीण भालोटिया और मनीष सिंघानिया के संयुक्त नेतृत्व में 21



सदस्यीय दल एक मार्च को रांची से दिल्ली हवाई मार्ग द्वारा रवाना हुआ था। इस धार्मिक यात्रा में धीरज चौधरी, मनोज खेमका, चीनू मोदी, मनोज खंडेलवाल, संदीप बजाज, बसन्त हरलालका, प्रतीक हरलालका, मुकेश खजांची, आदित्या गुप्ता, बिस्सू नरेडी, विपिन रुस्तगी, उमा डाँगा, निशु हरलालका, दीपिका शर्मा, मीना गुप्ता, अनुष्का गुप्ता, नीतू खजांची, ऋतिका चौधरी शामिल थे।

## सेंसोडाइन ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे कैंपेन की शुरुआत की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सेंसोडाइन, जो हेलियोन (पहले ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर) का एक जाना माना ओरल केयर ब्रांड है, उसने 24 घंटे में सबसे ज्यादा ऑनलाइन डेंटल स्क्रीनिंग टेस्ट पूरे कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। महाकुंभ 2025 में आयोजित इस पहल में लगभग 27 हजार से ज्यादा लोगों ने डेंटल चेकअप कराया। यह भारत में ओरल केयर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक बहुत बड़ी कामयाब कोशिश रही। इस पहल में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए सेंसोडाइन ने अपने नए 20 रूपये के छोटे टूथपेस्ट पैक बाँटे, जो



सेंसिटिविटी से सुरक्षा अब कम दाम में उपलब्ध कराएगा। यह रिकॉर्ड सेंसोडाइन के वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे कैंपेन की शुरुआत भी करता है, जिसका लक्ष्य लोगों को बेहतर ओरल हेल्थ की ओर कदम बढ़ाने के लिए जागरूक करना है। सेंसोडाइन पिछले 10 सालों से भी ज्यादा समय से लोगों को दांतों की सेंसिटिविटी पहचानने और सही समय पर उसके लिए कदम लेने के लिए जागरूक कर रहा है। डॉ. अशोक ढोबले, ऑनरेबल सेक्रेटरी जनरल हेड, इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने कहा कि हम भारत में ओरल हेल्थ जागरूकता बढ़ाने की इस पहल में सेंसोडाइन के साथ साझेदारी करके गर्व महसूस कर रहे हैं।

## विधायक संजीव ने मंत्री चमरा लिंडा से की एलबीएसएम में 100 बेड का नया छात्रावास बनाने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पोटका विधायक संजीव सरदार ने आदिवासी छात्रों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा से मिल कर एलबीएसएम कॉलेज कैंपस, करनडीह जमशेदपुर स्थित आदिवासी कल्याण छात्रावास में 100 बेड के नए छात्रावास के निर्माण की मांग रखी है।विधायक संजीव सरदार ने मंत्री चमरा लिंडा को अवगत कराया कि वर्तमान में आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा निर्मित छात्रावास में 250



से 300 छात्र रहते हैं और शिक्षा ग्रहण कर रहे है, हालांकि, छात्रावास में पर्याप्त जगह न होने के कारण कई छात्रों को दूसरे स्थानों पर किराए के कमरों में रहना पड़ता है। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि आदिवासी कल्याण छात्रावास में छात्रों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए 100 बेड का नया छात्रावास बनाया जाए, जिससे उन्हें अच्छे वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिले। मंत्री चमरा लिंडा ने विधायक संजीव सरदार को आश्वस्त किया की इस मामले में विभाग द्वारा जल्द से जल्द पहल किया जाएगा. संजीव सरदार की यह कोशिश क्षेत्र के आदिवासी छात्रों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो सकती है।

## जमशेदपुर आंचलिक क्षेत्र के 67वीं शाखा बलियापुर का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज बैंक ऑफ़ बड़ौदा, जमशेदपुर क्षेत्र की 67वीं शाखा ङ्क बलियापुर शाखा का उद्घाटन प्रभाष चंद्र दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बलियापुर एवं प्रवीण कुमार सिंह, अंचल अधिकारी, बलियापुर के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। यह शाखा ग्राहकों को हर प्रकार की सुविधाओं एवं सेवाओं को प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। यह बैंक ऑफ बड़ौदा की धनबाद जिला की 11वीं शाखा है। बैंक द्वारा शशांक गुप्ता को शाखा प्रबंधक के रूप में नियुक्त किया गया है। इस उपलक्ष्य में जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा अन्य कार्यपालकगण स्टाफ सदस्य एवं ग्राहकगण उपस्थित रहें।

## पूर्वजों की परंपरा और पारम्परिक विरासत को संरक्षित करने के लिए ग्राम प्रधानों ने ली शपथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड मुख्यालय में ग्राम प्रधान संघ की ओर से बुधवार को मासिक बैठक बृंदावन दास की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मौके पर एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पटमदा प्रखंड के सभी 15 पंचायतों के ग्राम प्रधान शामिल हुए। ग्राम प्रधानों ने अपने पूर्वजों की परंपरा और पारम्परिक विरासत को संरक्षित करने, जल, जंगल , जमीन के साथ संतुलन बनाते हुए प्रबंधन करने, अपनी रूढ़िजन्य विधि का पालन करते हुए नियमित ग्राम सभा करने, सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने और सशक्त बनाने, हमारी



सांस्कृतिक धरोहर जैसे लोकगीत, त्योहार, पूजा पद्धति तथा आस्था को सुरक्षित रखने और आने वाले पीढ़ी को सिखाने, जनजातीय नायकों, योद्धाओं और समाज सुधारकों की विरासत को सम्मान करने तथा उनके आदर्शों पर चलने हेतु शपथ ग्रहण किया। अध्यक्ष बृंदावन दास ने बताया कि हमारी परंपरा - हमारी विरासत में सक्रिय रूप से भाग लेने का वचन देती हैं और यह सुनिश्चित करते है कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को न केवल संरक्षित करेंगे बल्कि गर्व के साथ आने वाले पीढ़ियों को सौंपेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से मृत्युंजय महतो, संदीप मिश्रा, फुलचांद महतो, नवीन सिंह, विकास महतो, तरनी सिंह, सुखदेव भुइयां व निताई महतो आदि मौजूद थे।

## मुर्गागुटू गांव में पुलिस ने अवैध शराब अड्डा को किया नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उत्पाद विभाग अधीक्षक सरायकेला के निर्देशानुसार प्राप्त गुप्त सूचना के आलोक में बुधवार को जिले के गम्हरिया थानांतर्गत मुर्गागुटू गांव में शराब अड्डा पर छापेमारी किया गया। छापेमारी के क्रम में 300 लीटर जावा महुआ शराब को विनष्ट किया गया और 20 लीटर महुआ शराब को ज़ब्त भी किया गया है। पुलिस ने दो संचालकों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत अभियोग भी दर्ज किया गया है।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# क्यों किया यह बर्बर पाप

**प्रयागराज** महाकुंभ सामाजिक सद्भाव, सांप्रदायिक सौहार्द, एकता, अखंडता, विविधता का प्रतीक बन गया है। देश-विदेश के 66.30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना, सरस्वती के त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकियां लीं। जातीय, वर्गीय, नस्लीय सरीखे तमाम रंग-भेद संगम में डूब गए। कोई अगड़े-पिछड़े या अमीर-गरीब का टकराव नहीं हुआ और न ही तनाव फैला। डेढ़ माह के इनसानी, सांस्कृतिक, वैश्विक समागम ने विश्व-कीर्तिमान रचे और एक खास किस्म के 'जनमत संग्रह' का इतिहास लिख दिया। विश्व में एक भी आध्यात्मिक, मजहबी समागम ऐसा नहीं है, जो महाकुंभ के एक-चौथाई आयोजन के भी समान हो। यह हमें इसलिए बताना पड़ रहा है, क्योंकि महाकुंभ के सम्पन्न होने के अगले दिन ही प्रयागराज शहर में एक कुत्सित, घिनौनी, बर्बर, क्रूर कोशिश सामने आई, जिसने महाकुंभ के भव्य समन्वय, आदर्श भाईचारे और खूबसूरत सह-अस्तित्व को कुरूप और सांप्रदायिक बनाने का प्रयास किया। धन्यवाद प्रशासन का, जिसने तनाव नहीं फैलने दिया और तुरंत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। दरअसल हम ऐसी घटनाओं और अपराधों को सुर्खियां बनाने के पक्षधर नहीं रहे हैं, लिहाजा उन्हें नजरअंदाज करते रहे हैं। चूंकि इस क्रूर कृत्य के पीछे महाकुंभ की छवि दागदार करने की राक्षसी सोच रही है, लिहाजा विश्लेषण कर रहे हैं। प्रयागराज शहर में हिंदुओं के कई घरों के सामने या आसपास गोवंश के टुकड़े बिखरे हुए मिले थे। गाय और बछड़ों के कटे सिर, पांव और अन्य अंग उन घरों के बाहर फेंके गए थे, जो गाय को 'माता' मानते हैं और उसी भाव से पूजते हैं। अचानक यह हत्याकांड कैसे किया गया? क्या यह किसी की साजिश थी? कोई सांप्रदायिक वैमनस्य भड़का कर प्रयागराज में तनाव फैलाना चाहता था? ऐसे ही सांप्रदायिक तनाव, अंततः, दंगों में तब्दील हो जाते हैं और मानवता के संहार किए जाते हैं। यह नफरत और दैत्य भाव की पराकाष्ठा है। प्रयागराज को 'तीर्थराज शहर' का आस्थामय दर्जा हासिल है। यहां करीब 85 फीसदी हिंदू और 11 फीसदी मुस्लिम आबादी है। कुछ दूरी पर जो मुस्लिम आबादी है, वह उस क्षेत्र में बहुसंख्यक है। अब यह तो जांच पर ही छोड़ना चाहिए कि गोवंश की हत्या कर, किसने टुकड़े-टुकड़े किए और यह बर्बर पाप किया? हमारा विश्वास है कि कोई हिंदू तो इस दर्जे का कसाई नहीं हो सकता। बहरहाल ऐसी घटनाएं आजकल कुछ अधिक होने लगी हैं। बीती 12 फरवरी की घटना है, जब बंगलुरु जैसे महानगर में 3 गायों के थन काट दिए गए। वह तो बेजुबान पशु है। गाय के साथ यह निर्मम व्यवहार क्यों किया गया? कितनी पीड़ा और दर्द से उन गायों को गुजरना पड़ा होगा! इतना पाशविक तो जानवर भी नहीं होता। यह हरकत भी वही लोग कर सकते हैं, जो सनातन और गाय से हद दर्जे की नफरत करते हैं। आश्चर्य तो यह है कि जो चेहरे पशुओं और जानवरों के हित और अधिकार की लड़ाई लड़ते रहे हैं, वे भी ऐसी अमानवीय हरकत पर खामोश रहे, क्योंकि आप गाय के प्रति सरोकार व्यक्त करेंगे, तो आप को 'सांप्रदायिक' करार दिया जाएगा। प्रयागराज में बछड़ों के अंग काट कर पास के नाले में भी फेंक दिए गए थे। यही नहीं, उन्हें छिन्न-भिन्न अवस्था में उस क्षेत्र में कई जगह फेंक दिया गया था। प्रयागराज में यह पाप क्यों किया गया? यह सवाल सामान्य नहीं है।

देश-विदेश के 66.30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना, सरस्वती के त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकियां लीं। जातीय, वर्गीय, नस्लीय सरीखे तमाम रंग-भेद संगम में डूब गए। कोई अगड़े-पिछड़े या अमीर-गरीब का टकराव नहीं हुआ और न ही तनाव फैला। डेढ़ माह के इनसानी, सांस्कृतिक, वैश्विक समागम ने विश्व-कीर्तिमान रचे और एक खास किस्म के 'जनमत संग्रह' का इतिहास लिख दिया। विश्व में एक भी आध्यात्मिक, मजहबी समागम ऐसा नहीं है, जो महाकुंभ के एक-चौथाई आयोजन के भी समान हो। यह हमें इसलिए बताना पड़ रहा है, क्योंकि महाकुंभ के सम्पन्न होने के अगले दिन ही प्रयागराज शहर में एक कुत्सित, घिनौनी, बर्बर, क्रूर कोशिश सामने आई, जिसने महाकुंभ के भव्य समन्वय, आदर्श भाईचारे और खूबसूरत सह-अस्तित्व को कुरूप और सांप्रदायिक बनाने का प्रयास किया। धन्यवाद प्रशासन का, जिसने तनाव नहीं फैलने दिया और तुरंत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। दरअसल हम ऐसी घटनाओं और अपराधों को सुर्खियां बनाने के पक्षधर नहीं रहे हैं, लिहाजा उन्हें नजरअंदाज करते रहे हैं। चूंकि इस क्रूर कृत्य के पीछे महाकुंभ की छवि दागदार करने की राक्षसी सोच रही है, लिहाजा विश्लेषण कर रहे हैं। प्रयागराज शहर में हिंदुओं के कई घरों के सामने या आसपास गोवंश के टुकड़े बिखरे हुए मिले थे।

### डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने कई बार अंतरराष्ट्रीय नियमों और कूटनीतिक परंपराओं की अनदेखी की

# ट्रम्प के रवैए से लोकतंत्र को झटका, मजबूत होंगी विस्तारवादी ताकतें

**राजेश जैन**

ट्रम्प ने कहा कि जेलेंस्की बातचीत की हालत में नहीं हैं। जेलेंस्की ने फिर से ट्रम्प के साथ बातचीत करने की इच्छा जाहिर की लेकिन उन्हें मौका नहीं दिया गया। ट्रंप ने इससे पहले कनाडा को अमेरिका का 51वां सूबा बनाने की बात कही थी। ग्रीनलैंड को खरीदने और गाजा को फलस्तीनियों से खाली करवाने की बात भी वे कह चुके हैं। यूरोप को वे यह कहकर रोने पर मजबूर कर रहे हैं कि उन्हें बे-लगाम पुतिन का सामना अपने ही बूते करना पड़ेगा।

**अमेरिका** चाहता है कि यूक्रेन या तो अपनी आधी खनिज संपदा उसे देने का सौदा करे या अपनी जमीन का करीब पांचवां भाग छोड़ दे, वहीं 'नाटो' का सदस्य बनने या किसी दूसरी तरह की सुरक्षा गारंटी हासिल करने की बात तो भूल ही जाए। फरवरी के अंतिम दिन अमेरिका दौरे के दौरान इससे इंकार पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को व्हाइट हाउस से निकाल दिया गया। ट्रम्प ने कहा कि जेलेंस्की बातचीत की हालत में नहीं हैं। जेलेंस्की ने फिर से ट्रम्प के साथ बातचीत करने की इच्छा जाहिर की लेकिन उन्हें मौका नहीं दिया गया। ट्रंप ने इससे पहले कनाडा को अमेरिका का 51वां सूबा बनाने की बात कही थी। ग्रीनलैंड को खरीदने और गाजा को फलस्तीनियों से खाली करवाने की बात भी वे कह चुके हैं। यूरोप को वे यह कहकर रोने पर मजबूर कर रहे हैं कि उन्हें बे-लगाम पुतिन का सामना अपने ही बूते करना पड़ेगा। अब सवाल यह नहीं है कि ट्रम्प इन धमकियों पर अमल करेंगे या नहीं। मुद्दे की बात यह है कि कोई भी संप्रभुता-संपन्न देश ऐसी धमकियों को महज लफ्फाजी मानकर खारिज नहीं कर सकता। यहां भरोसा तोड़ा गया है। अगर ट्रम्प 'सुरक्षा शुल्क', खनिज या जमीन की मांग कर सकते हैं तो आगे यह भी मांग की जा सकती है कि हमारे गुलाम बन जाओ या चीन या रूस के रहम पर रहो। हो सकता है ट्रम्प ग्रीनलैंड ले जाएं, शी जिनपिंग ताइवान ले उड़ें और पुतिन बाल्टिक्स का कुछ हिस्सा दबोच लें। इससे पहले भी डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने कई बार अंतरराष्ट्रीय नियमों और कूटनीतिक परंपराओं की अनदेखी की है। चाहे वह जलवायु समझौते से बाहर होना हो, विश्व स्वास्थ्य संगठन की फंडिंग रोकना हो, या फिर ईरान के साथ परमाणु समझौते को तोड़ना—इन सभी फैसलों में शक्ति प्रदर्शन और आत्मकेंद्रित नीतियों की झलक साफ दिखाई दी। ट्रम्प का रवैया बताता है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नैतिकता और मूल्यों की जगह सैन्य और आर्थिक शक्ति को प्राथमिकता दी जा रही है। यह स्थिति उस कहावत को चरितार्थ करती है—"जिसके पास लाठी, उसकी भैंस।" अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर नजर रखने वाले जानते हैं कि जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन थे, तब यूक्रेन को अमेरिका और यूरोपीय देशों की ओर से दी जा रही मदद लोकतंत्र को बचाने की जंग थी। उन्हें अहसास था कि अगर पुतिन की मनमानी को नहीं रोका तो



वह विस्तारवादी नीतियों पर आगे बढ़ते रहेंगे। आपको बता दें कि पुतिन के बारे में माना जाता रहा है कि वे सोवियत संघ के दौर के साम्राज्यवाद को फिर से स्थापित करना चाहते हैं। पोलैंड, स्लोवाकिया, लातविया, एस्टोनिया और मोल्दोवा पुतिन के निशाने पर हैं। उन्होंने 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया छीना था। 2022 के बाद युद्ध में भी पुतिन यूक्रेन के कई क्षेत्रों पर कब्जा करने में कामयाब रहे हैं। यूक्रेन के सहयोगी यूरोपीय देश चाहते हैं कि युद्ध पुतिन की शर्तों पर खत्म नहीं करना चाहिए। युद्ध खत्म करवाने की एवज में रूसी राष्ट्रपति से भी रियायतें हासिल करनी चाहिए। ट्रम्प से मिलने के बाद जेलेंस्की ने भी कहा कि यूक्रेन तब तक रूस के साथ पीस डील में शामिल नहीं होगा जब तक कि उसे सुरक्षा की पूरी गारंटी नहीं मिल जाती। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में जिस प्रकार 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के तहत मनमानी और शक्ति प्रदर्शन को प्राथमिकता दी गई, उसने वैश्विक संतुलन को गहराई से प्रभावित किया है। उनकी विदेश नीति, व्यापार समझौतों से लेकर सैन्य हस्तक्षेप तक, एक ही संदेश देती है— "जिसके पास शक्ति है, वही नियम तय करेगा।" यह दृष्टिकोण न केवल अमेरिका की वैश्विक छवि को बदल रहा है बल्कि अन्य महाशक्तियों को भी इसी राह पर चलने के लिए प्रेरित कर रहा है जिससे दुनिया में अराजकता की आशंका बढ़ रही है। हो सकता है चीन ताइवान को अपने में मिलाने के लिए जंग छेड़ दे। हाल ही में शी चिनफिंग ने कहा भी है कि ताइवान मसले को वह आने वाली पीढ़ियों की खातिर नहीं छोड़ना चाहते यानी वह अपने कार्यकाल में उसका विलय चीन में करना चाहते हैं। आपको बता दें कि 1994 में यूक्रेन ने रूस, यूरोप और अमेरिका से सुरक्षा की गारंटी मिलने के बाद परमाणु हथियारों के अपने भंडार को त्याग दिया था। आज यूक्रेन के हालत देखकर अब कौन ऐसे शांति प्रस्तावों पर भरोसा करने का साहस करेगा। ट्रम्प साफ़ कह रहे हैं कि किसी की भी सुरक्षा अमेरिका का सिरदर्द नहीं है। ऐसे में क्या होगा जब ट्रम्प जापान से कहेंगे कि मुझे ओकिनावा दे दो या ऑस्ट्रेलिया से कहें कि अमेरिका से सुरक्षा गारंटी की कीमत के रूप में अपने खनिज संसाधन का पांचवां हिस्सा हमें दे दो। ऐसी ही आशंकाओं को देखते हुए यूरोप के अलावा जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अमेरिका के सभी मित्र देश उससे मिल रही सुरक्षा गारंटियों की समीक्षा कर सकते हैं। ट्रम्प ने परमाणु अप्रसार के विचार की हत्या कर दी है। परमाणु हथियार फिर से युद्ध-प्रतिरोधक बन गए हैं। आज उत्तरी कोरिया के किम जोंग उन यूक्रेन और यूरोप की हालत पर हंस रहे होंगे और सोच रहे होंगे कि अगर उन्होंने अमेरिकी अतिक्रमण के जवाब में दक्षिण कोरिया या जापान पर परमाणु हमला करने की चेतावनी न दी होती तो क्या अमेरिका उन्हें सलामत रहने देता? ईरान इस सब पर नजर रखे हुए है। अगर पाकिस्तान उन्हें बना सकता है तो कोई भी बना सकता है। मध्य-पूर्व में ईरान, सऊदी अरब और क्या पता दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, अजरबैजान और मिस्र भी आज के हालत में इनके बारे में सोच रहे हों। कभी परमाणु अप्रसार की पक्षधर अमेरिकी लॉबी भारत पर दबाव बना रही थी कि वह परमाणु हथियार न बनाए। अमेरिका से कई उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आए, यह समझाने के लिए कि हम व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर दस्तखत कर दे। दबाव का यह सिलसिला नेहरू से लेकर तब तक चला, जब तक कि इंदिरा गांधी ने 1974 में परमाणु परीक्षण और इसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने पोखरण-2 करके इसे खत्म नहीं कर दिया। हमारे देश में भी शांतिवादियों ने वैचारिक या नैतिक आधार परमाणु बम बनाने पर विरोध किया था। तब हमारे नेता अडिग रहे। शायद इसके पीछे उनकी यह दूरदर्शिता थी कि एक दिन ऐसा आएगा जब सुरक्षा की कोई गारंटी काम नहीं आएगी। यदि वैश्विक राजनीति में शक्ति और स्वार्थ को ही नीति बनाने की प्रवृत्ति बढ़ती रही, तो अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में अस्थिरता और अराजकता का खतरा और बढ़ेगा।

दृष्टि कोण

# टैरिफ कटौती, टेस्ला व भारतीय ईवी उद्योग

**लंबे** समय से इलैक्ट्रिक वाहन बनाने वाली एक अमरीकी कंपनी टेस्ला, जिसकी इलैक्ट्रिक कारें अमरीका और अन्य देशों में काफी लोकप्रिय हैं, भारत में अपनी कारों को बेचने के लिए प्रयास करती रही है। कंपनी का यह कहना रहा है कि पहले उसे अपनी कारें बेचने हेतु मार्ग प्रशस्त किया जाए, और बाद में कंपनी भारत में उत्पादन केंद्र खोलकर यहीं पर विनिर्माण शुरू करने पर विचार करेगी। गौरतलब है कि लंबे समय से भारत के ऑटोमोबाईल क्षेत्र के संरक्षण हेतु सरकार विदेशों से आने वाले वाहनों पर भारी आयात शुल्क लगाती रही है। अभी तक 40 हजार डालर की कीमत से ज्यादा की कारों पर 110 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाता है। 40 हजार डालर से कम की कारों पर आयात शुल्क 60 प्रतिशत है। टेस्ला कंपनी के संस्थापक एलन मस्क, जो डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमरीकी प्रशासन में एक अहम भूमिका रखते हैं, का लगातार यह आग्रह रहा है कि टेस्ला कारों के भारत में आयात पर शुल्क घटाया जाए। हाल ही में प्रस्तुत केंद्र सरकार के बजट में 40 हजार डालर से अधिक कीमत वाली कारों पर आयात शुल्क 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। आयात शुल्क घटने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि भारत में टेस्ला कारों की बिक्री का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसके साथ ही टेस्ला कंपनी ने भारत में अपने शोरूम खोलने की कवायद शुरू कर दी है। गौरतलब है कि लंबे समय तक भारत की ऑटोमोबाईल कंपनियां टेस्ला समेत सभी कारों के आयात पर शुल्क घटाने का विरोध करती रही हैं। उनका विरोध बिना कारण नहीं रहा। जब लगभग तीन साल पहले भारत में टेस्ला कंपनी ने आयात शुल्क घटाने हेतु लॉबिंग शुरू की थी, तब तक देश में इलैक्ट्रिक कारों का उत्पादन अत्यंत शैशव अवस्था में था। भारतीय कंपनियों का कहना था कि यदि इस स्थिति में टेस्ला कंपनी की विनिर्मित कारों को सीधे आयात करने के लिए आयात शुल्क घटाया जाता है तो उनके द्वारा देश में विकसित इलैक्ट्रिक कारों के विकास में बाधा आएगी। एक वर्ष पहले भी इसी प्रकार का प्रयास टेस्ला कंपनी के द्वारा किया गया था, तो ऐसे में भारत सरकार ने यह शर्त लगाई थी कि टेस्ला कंपनी भारत में अपना उत्पादन केंद्र शुरू करेगी। जहां तक कारों के आयात का प्रश्न है, कंपनी को 15 प्रतिशत के अत्यंत कम आयात शुल्क पर अधिकतम आठ हजार कारों के आयात हेतु अनुमति दी गई थी। अभी जहां आयात शुल्क को 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत किया गया है, अधिकतम कारों की सीमा को बढ़ाकर 50 हजार करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही देश में यह बहस शुरू हुई है कि टेस्ला कंपनी को कम आयात शुल्क पर अधिक कारें आयात करने की अनुमति से भारत के इलैक्ट्रिक कारों के विनिर्माण पर क्या असर पड़ सकता है। समझना होगा कि भारतीय ईवी उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, जिसका बाजार आकार 20 प्रतिशत वार्षिक से भी अधिक तेजी से, 2032 तक लगभग 118 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, वर्तमान में कुल वाहन बिक्री में ईवी की मात्र 5 प्रतिशत ही हिस्सेदारी है, लेकिन दोपहिया और तिपहिया वाहनों की श्रेणियों में ईवी को तेजी से अपनाने के कारण यह संख्या 2030 तक 40 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और विनिर्माण के लिए एक दृढ़ और अनुकूल सरकारी नीतियां रही हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बढ़ती मांग ईवी उद्योग के लिए एक प्रेरक शक्ति रही है। साथ ही, बैटरी की लागत में भी भारी कमी आई है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतें भी कम हुई हैं। चार पहिया वाहनों के क्षेत्र में टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख खिलाड़ी हैं, जबकि दो पहिया वाहनों के क्षेत्र में ओला एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरी है। उल्लेखनीय है कि टेस्ला कारों पर टैरिफ में कटौती के बाद भी टेस्ला कारों की ऑन-रोड कीमत 45 लाख रुपए से दो करोड़ रुपए के बीच होगी। दूसरी ओर, ज्यादातर भारतीय ईवी कारों की कीमत आठ लाख रुपए से 20 लाख रुपए के बीच ही है। इसलिए, यह मानना कि टेस्ला कारों के आने से भारतीय इलेक्ट्रिक कारों के उत्पादन और बिक्री पर बुरा असर पड़ेगा, सच नहीं है। सरकार का प्रोत्साहन : भारत सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। वित्तीय प्रोत्साहनों में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से अपनाने और विनिर्माण (एफएएमई इंडिया) योजना शामिल है, जो ईवी की खरीद और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।

कुछ अलग

# एक महाकुंभी से मुलाकात

**मैंने** जब उनसे 144 सालों बाद आने वाले महाकुंभ के तथ्य की सत्यता जाननी चाही तो वह मुझे घूरते हुए बोले, 'इसका अर्थ है कि तुम अभी भी ओजस्वी प्रधानमंत्री और सूर्य की तरह दैदीप्यमान आदित्यनाथ योगी महाराज की इस आयोजन के प्रति निष्ठा पर संदेह कर रहे हो। भले किसी धर्म शास्त्र में 144 वर्षों बाद आने वाले महाकुंभ के बारे में कुछ न लिखा हो, पर अगर वे दोनों बोल रहे हैं तो यह सत्य दुनिया का आखिरी सत्य होगा। काहिल और ग़ैर-ज़िम्मेदाराना नौकरशाही ने महाकुंभ की सारी व्यवस्थाओं का कबाड़ा कर दिया। अगर मीडिया इस महाकुंभ को न संभालता तो आज समस्त विश्व में भारत की थू-थू हो रही होती। गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम स्थल पर ब्रह्मा की तपस्थली प्रयागराज की सजावट को शब्दों में बांधना आसान नहीं। रात में बिजली की रोशनी में मेला क्षेत्र किसी देवलोक का आभास देता था। सुबह से लेकर शाम तक कई बार झाड़ू लगता रहा, सफाई होती रही। पर यह बात दीगर है कि कचरे और अपशिष्ट वस्तुओं के निपटान के लिए सरकार के पास न पहले कोई योजना थी, न अब है। हो सकता है कि गंगा स्नान के बाद गंगा मैया किसी ब्यरोक्रेट या नेता को स्वप्न में कूड़े के निस्तारण की कोई तरक़ीब बता दें। पर अति-अति विशिष्ट व्यक्तियों का आगमन प्रयागराज को शीतकालीन राजधानी जैसा दरजा अवश्य दिला रहा है। भाषणों में नेतागण भले कह रहे हों कि गंगा में डुबकी लगाने वाले सब समान हैं। पर मैं भी टिकट लेने के बाद स्वयं कई घाटों पर भटकने के बाद डुबकी लगा पाया। कहीं कोई सुनने वाला नहीं। पर ऊपर वाले का कमाल है कि मेला चल रहा है। अफवाहों का बाज़ार गर्म है। कई भद्र पुरुष में ख़ुलेआम सुविधाओं के लिए घूस लेने का दावा करने वाले हैं। पर मेला प्रबंधन से जुड़े अधिकारी कहते हैं, 'आल इज़ वेल।' इसमें कोई संदेह नहीं कि मेले में धार्मिक कृत्य और अन्न क्षेत्र चलाने के लिए ज़मीन या सुविधाएं पाना किसी का संवैधानिक अधिकार नहीं। पर हर युग में सत्ता दरबार की एक ही शर्त होती है कि उस सत्ता प्रतिष्ठान में आपकी पहुंच कैसी है। नहीं तो क्या यह संभव था कि किसी को साठ बीघे भूमि मिल जाती और किसी को पांच सौ फुट भी नसीब नहीं होती। अब ऊंच-नीच तो हर जगह होती है। देवलोक में भी और घरों में भी। लेकिन सरकार का बस यही ख्वाब है कि यूनेस्को से अमूर्त धरोहर के रूप में चिह्नित कुंभ महाकुंभ जैसे आयोजन के माध्यम से सनातन वैभव से पूरा जगत परिचित हो।' देश के नेतृत्व और महाकुंभ के प्रति उनकी अखंड निष्ठा देखकर मुझे कोई आश्चर्य नहीं हुआ। किसी व्यक्ति, संस्थान या सिस्टम का भक्त होने के लिए व्यक्ति का तार्किक नहीं मूर्ख होना ज़रूरी है। पर अंधभक्ति के लिए आदमी का मूर्ख नहीं, अति मूर्ख होना ज़रूरी है। अगर व्यक्ति मूर्ख या अति मूर्ख न हो तो स्वामी रामतीर्थ की तरह कुंभ जाकर भी गंगा में स्नान नहीं करता, बल्कि मनसा देवी की पहाड़ी पर बैठकर चिंतन करता है और अर्ध कुंभ (पौन कुंभ), पूर्ण कुंभ या महाकुंभ जैसे आयोजनों के औचित्य और सार्थकता पर प्रश्न अवश्य करता है। जिस समय मैं उनसे चर्चा कर रहा था, उस वक्त दो वीडियो एक्स पर वायरल थे, दोनों में गंगा में नाले का गंदा सीवेज वाला पानी गिरने के दृश्य हैं। इन दोनों वीडियो में संगम क्षेत्र में गंदगी साफ दिख रही है। पर लोग कहते हैं कि साल 2013 के कुंभ में भी गंगा का पानी दुर्गंधयुक्त था। मेले की व्यवस्था भी सरकार संभालती है और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी। ऐसे में कौन किससे सवाल पूछेगा और कौन जवाब देगा। प्रदूषण बोर्ड कुछ भी कहता रहे। राजा से सवाल नहीं पूछे जा सकते।

देश दुनीया से

# चिट्टामुक्त देवभूमि का संकल्प लें युवा

**वो** एक परिंदा जो सब पर बोझ था, एक शाम जब लौटा नहीं तो शाखों को उसी का इंतजार था'। चिट्टे जैसे कातिल नशे को आब-ए-हयात मान कर सेवन करके मौत की आगोश में समाने वाले नवयुवकों के अभिभावकों की बेबस निगाहें कुछ ऐसा ही मंजर बयान कर रही हैं। मेहनतकश पहाड़ के यौवन को न जाने किन नामुराद लबों की बद्दुआ लग गई कि अनुशासित सैन्य पृष्ठभूमि का युवावेग आत्मघाती चिट्टे की खौफनाक लज्जत में मदहोश हो रहा है। मौजूदा वक्त में नशा उजड़े चमन की एक दर्दभरी हिकायत बन चुका है। नशे के जहरीले शजर महकते गुलशन को भी वीरान कर देते हैं। नशे की सुनामी से उजड़े गुलिस्तां को आबाद होने में मुद्दतें गुजर जाती हैं, मगर प्राणघातक चिट्टा हजारों युवाओं की निगाहों का हबीब बन रहा है। नतीजतन अभिभावकों की चश्म-ए-पलक के सुनहरे अरमान खाक हो रहे हैं। अमन व अदब की कहकशां सजने के लिए विख्यात पहाड़ों पर नशे की बज्म सज रही हैं। पर्यटन की आड़ में सूबे की वादियों में नशा पनप रहा है। जुल्मत-ए-शब के वक्त पहाड़ों पर रेव पार्टियों की अंजुमन सजती है। वीरभूमि की दमदार शिनाख्त वाले राज्य की मुकद्दस धरा पर नशाखोरी, गैंगस्टर व माफिया जैसे बेगैरत लफ्ज सुनने को मिलेंगे, पहाड़ की जवानी चिट्टे की तलबगार बन जाएगी या आस्था व पर्यटन की मेजबानी करने वाला सूबा चिट्टे का मरकज बनेगा। शायद भोली-भाली विरासत वाले पहाड़ी राज्य के बुजुर्गों ने भी इस बात का तसव्वुर नहीं किया होगा। सभ्य समाज का कोई भी नागरिक बर्बादी की दास्तान लिखने वाली नशाखोरी को बर्दाश्त नहीं कर सकता, लेकिन मादक पदार्थों की हलावत व जहरनुमां ड्रग्स की ओवरडोज से कई घरों के चश्म ओ चराग बुझ रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा बरामद किए जाने वाले नशीले पदार्थों में सर्वाधिक बरामदगी चिट्टे की है। बाहरी राज्यों से ताल्लुक रखने वाले नशा तस्कर जिनकी नशा सप्लाई के तार विदेशों तथा अंतरराष्ट्रीय सरहद के पार पाकिस्तान से जुड़े हैं, हिमाचल की वादियों में पनाह ले चुके हैं। चिट्टा तस्करी में मुल्लविश कई कुख्यात गैंग का सुरक्षा एजेंसियां पर्दाफाश कर रही हैं। चिट्टे के अवैध कारोबार में महिलाओं व नाबालिगों का इस्तेमाल हो रहा है। चिट्टा तस्करी के इल्जाम में कई महिलाएं सलाखों के पीछे हैं तथा कई सुरक्षा एजेंसियों के राडार पर हैं। आम लोगों से लेकर कई सरकारी मुलाजिम व उच्च स्तर के अधिकारी भी नशे की अवैध तिजारत में हाथ आजमा रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों के अहलकारों के दामन पर भी नशा तस्करी के बदनुमां दाग लग रहे हैं। मजदूर वर्ग से लेकर मध्यम वर्ग व कई चर्चित हस्तियों की मजलिस में नशा जीनत बन रहा है। नशाखोरी की मुनादी बर्बादी का फतवा जारी कर चुकी है। राज्य की कई पंचायतों ने भी नशे के खिलाफ बगावती मोर्चा खोल दिया है। मगर हकीकत यह भी है कि देश का कोई भी चुनाव नशे के बिना सम्पन्न नहीं होता। आब-ए-तल्ख की बेतहाशा तिजारत व बेगुनाह लोगों को मौत की नींद सुलाने वाली अवैध शराब का सबसे ज्यादा इस्तेमाल चुनावी दौर में ही होता है। अलबत्ता देर आए दुरुस्त आए। बेशक पंचायतों द्वारा नशाखोरी के खिलाफ इत्तेहाद का पैगाम व बेदारी का अभियान काबिले तारीफ है। नशाखोरी में मुल्लविश लोगों को राज्य की कई पंचायतें सरकारी सुविधाओं से महरूम करने का फरमान भी जारी कर चुकी हैं। मगर किसी मुजरिम का सामाजिक बहिष्कार करना या उसके परिवार को सरकारी सुविधाओं से महरूम करना नशाखोरी जैसे संवेदनशील मसले का स्थायी समाधान नहीं है। जिन कांटों की परवरिश गुलों की हिफाजत के लिए हुई हो यदि उन्हें गुलिस्तां से बाहर निकाल दिया जाएगा तो गुलों की हिफाजत पर गर्दिश के बादल मंडरा जाएंगे। चूंकि गुलशन की आबरू गुलों से ही होती है। लिहाजा वक्त की निजाकत को भांपकर छाया देने वाले शजरों की कद्र का मिजाज पैदा करना होगा। अन्यथा आफताब की तल्ख तपिश सबको सहन करनी पड़ेगी। भावार्थ यह है कि समाज के सभी वर्गों को चिट्टे जैसी महामारी के प्रति अजनबी वाले नुक्ता-ए-नजर में तब्दीली लाकर कातिल नशे की जद में आ रही पहाड़ की जवानी को बचाने की नैतिक जिम्मेवारी निभानी होगी। पहाड़ के गुलिस्तां में नशे के शजर तैयार करने वाले बागबां की शिनाख्त करके नशाखोरी का पूरा नेटवर्क ध्वस्त करना होगा। युवा वर्ग की जिंदगी के सबसे सुनहरे लम्हें व हुस्न ओ शबाब तथा बेहतरीन वक्त यौवन यदि नशे का गुलाम बन जाए तथा अभिभावक डिप्रेशन में आकर अजियत व दुश्वारियों के दौर से गुजरें, तो सूबे के बेहतर मुस्तकबिल की तवक्को निश्चित रूप से नहीं की जा सकती। आगाज-ए-जवानी में अजीम ख्वाब देखने वाली शाइस्ता निगाहें यदि नशे की ख्वाहिशमंद बन जाएं तो अभिभावकों की बंदगी के चिराग बेअसर हो जाते हैं। मुल्क का यौवन सिंथेटिक ड्रग्स की दलदल में फंस जाए या जवानी स्मैक व चिट्टे के धुएं में सुलग जाए, तो इंतकाल से पहले एक आसामयिक वफात हो जाती है। अजाब भोगने के लिए जहन्नुम की दहलीज पार करने की जरूरत नहीं पड़ती। नशे की कातिलाना ख्वाहिश ही जीवन को जहन्नुम में तब्दील कर देती है। विश्व के इतिहास में यदि किसी निजाम में कोई तब्दीली हुई है तो उस इंकलाब के पीछे युवा ताकत का अहम रोल रहा है। अतः पहाड़ की शांत शबनम से चिट्टे जैसी महामारी को रुखसत करने में किसी अदालत, कानून, हुकूमत, हकीम, हुक्काम, तबीब व दस्तगीर से बड़ा अफजल किरदार युवावर्ग ही अदा कर सकता है। लिहाजा पहाड़ के यौवन को चिट्टे के अजाब से बचाने का हलफ भी युवाओं को ही उठाना पड़ेगा। देवभूमि को चिट्टामुक्त करने के लिए युवाओं को चिट्टा विरोधी तहरीक का आगाज जोरदार ताकीद के साथ करना होगा। देवभूमि व पर्यटन के लिए विख्यात सूबे को ड्रग्स टुरिज्म की दारुल हुकूमत बनने से रोकने के लिए हर प्रदेशवासी को सहयोग करना होगा। तभी प्रदेश नशामुक्त होगा।



आप का नजरीया

# सियासी सर्कस चालू है

**अंततः** भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश धवाला संगठन के सामने और संगठन के बराबर आ गए। अब हरिपुर व ढलियारा में भाजपा के सामने धवाला के मंडलों के तीर खड़े हैं। इस तरह पार्टी की करवटों को नकार कर विद्रोह के हाथी सामने आए हैं। धवाला जैसे नेताओं को हाशिए से बाहर करके दलदल में कमल उगाने के प्रयासों को मुंह की खानी पड़ी है और अब तो सीधा संदेश आर पार की लड़ाई में जुट गया। जाहिर तौर पर कांग्रेस और भाजपा के संगठनात्मक चुनावों के मध्यांतर इतने लंबे हो गए हैं कि लगता है कि पार्टियों के भीतर कई सर्कस ग्रुप सक्रिय हैं। भाजपा पार्टी के बीच धवाला जैसे नेताओं को ठिकाने लगाने के कारण होंगे, लेकिन ऐसी हस्तियों की ज्वाला का अपना एक इतिहास रहा है। राजनीति को 'पल में माशा-पल में तोला' बनाने में माहिर धवाला एकमात्र नेता नहीं हैं, बल्कि भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस में भी अनेक मिल जाएंगे। यह प्रयोग कांग्रेस में भी होते रहे हैं और भाजपा भी अछूती नहीं, लेकिन सत्ता की चुनौतियां बदल रही हैं। पक्ष-प्रतिपक्ष की तू-तू, मैं-मैं के बीच राजनीति का चरित्र अगर मापना है तो संगठनों के बीच फासले देखने पड़ेंगे। कांग्रेस की वर्तमान सत्ता इन्हीं फासलों से दो चार होती हुई अपनी जमीन पर इतनी दरारें तो देख ही चुकी है कि राज्यसभा की पूरी एक सीट गंवानी पड़ी। भाजपा भी उपचुनावों की रेत में अपने चिन्ह अगर गंवा बैठी, तो देहरा में धवाला, ज्वालामुखी की ज्वाला की तरह विद्यमान रहा। खैर अब संघर्ष न मोहर और न ही मोहरा, बल्कि सीधे और स्पष्ट हैं। धवाला का मूल्यांकन न पिछली भाजपा की सत्ता में हुआ और न ही ओबीसी प्रधानता की गणना में हुआ। नतीजतन आज यह नेता विध्वंस के चौराहे पर सत्याग्रह कर रहा है। इससे राजनीति की संपूर्णता में संघर्ष की राह जरूर स्पष्ट हो रही है। यह बदलाव नहीं संघर्ष है, जिसकी जरूरत हिमाचल के संदर्भ में जरूरी है। यहां पार्टियां धड़ों में, हस्तियों में तथा आलाकमान की कठपुतलियों में विभक्त हैं। इसी संदर्भ में सत्ता का चरित्र संगठन को घूरने लगा है और नेताओं की गलबहियां पार्टियों के भीतर अस्तित्व की पहचान बनने लगी हैं। यहां चुनाव का मर्ज केवल अपने संगठन का फर्ज नहीं, बल्कि विपक्ष से किया गया अर्ज भी है। नेताओं की मंडी में जातिसूचक इतिहास है, लेकिन सामाजिक व क्षेत्रीय संतुलन अब बिखर रहा है। प्रदेश में ओबीसी, जनजातीय और अनुसूचित जाति वर्ग की ओर सियासत के हाशिए सरक रहे हैं। इसी सियासत ने भाजपा के बीच धवाला, सरवीण और किशन कपूर को सरकाया। दूसरी ओर कांग्रेस बीच भी कई नेता इतने सरका दिए गए कि वे अब भाजपा की ओर से विधायक बन चुके हैं। शांता कुमार के बाद प्रदेश में ब्राह्मण या किसी अन्य जाति या वर्ग से मुख्यमंत्री पद के योग्य न समझना, एक खास तरह की राजनीति को प्रेरित करता है। हम होशियार सिंह और रमेश धवाला के बीच भी जातीय विषमता को पढ़ सकते हैं। आज अगर कांग्रेस से पूछा जाए कि उसके बीच ओबीसी, गद्दी व दलित नेता कौन, तो स्पष्टता के प्रमाण नहीं मिलेंगे। रिक्तता तो भाजपा में भी इसी विषय को लेकर आई है। ऐसे में क्या भाजपा के नए अध्यक्ष के समांतर नेता प्रतिपक्ष के बीच जातीय समीकरण बदलेंगे। दूसरी ओर कांग्रेस के नए अध्यक्ष के स्वरूप में जातीय ठोकरें और क्षेत्रवाद के विचार रुकेंगे।

## भारत माला परियोजना से संबंधित समीक्षा बैठक की गई

# शत प्रतिशत अधिग्रहीत की गई भूमि का भुगतान मार्च माह के अंत तक करने का निर्देश

### लंबित भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र के मामले का निष्पादन करते हुए, जिला भू अर्जन कार्यालय को भेजे : रमेश घोलप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में भारत माला परियोजना से संबंधित समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सर्व प्रथम रैयतों का भुगतान मुआवजा, विवादित भूमि, जिसमें हंटरगंज, चतरा, पत्थलगड्डा और सिमरिया क्षेत्र के अंचल अधिकारी से क्रमवार कई महत्वपूर्ण जानकारी ली गई एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विवादित भूमि को लेकर उन्होंने कहा जिला भू अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय में विवादित भूमि का प्रतिवेदन भेजे जिससे सुनवाई की प्रक्रिया जल्द हो सके।जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह ने बताया कि भारत माला परियोजना के लिए अधिग्रहीत की गई भूमि का 157.57 करोड़ का भुगतान किया जाना है जिसपर पूर्व भुगतान 125.66 करोड़ किया जा चुका है। इसपर उपायुक्त ने सभी संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मार्च माह के अंत तक नियम संगत शत प्रतिशत भुगतान करें। वहीं संरचना के मामले को लेकर जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने जानकारी दिया कि 53 करोड़ में से 27 करोड़ का लगभग 50 प्रतिशत भुगतान का कार्य कर लिया गया है शेष का भुगतान भी मार्च के अंत तक तीव्र गति से कर लिया जाएगा। उन्होंने भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र (एलपीसी) की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अंचल अधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी एलपीजी के मामले अभी तक अंचल में लंबित है उसका निष्पादन एक सप्ताह के अंदर कर जिला भू अर्जन कार्यालय को भेजे। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, सभी संबंधित अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

## जेएमएम ने सेरनदाग पंचायत स्तरीय कमिटी का किया गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सेरनदाग पंचायत में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का पंचायत स्तरीय कमिटी का गठन किया गया। जिसमें प्रखंड संयोजक मंडली के जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहु, भूपेंद्र ठाकुर रमन कुमार साहू, मालेश्वर प्रसाद साहू, श्याम सुंदर साहू, राजेंद्र ठाकुर के उपस्थिति में पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक शिवनंदन प्रसाद ने किया। जहां सर्व समिति से अध्यक्ष रोशन कुमार साहू, उपाध्यक्ष विजय राम, सचिव राजेंद्र ठाकुर, सरस्वती आनंदी प्रसाद कौशल, धीरेंद्र कुमार भारती, संरक्षक कुंदन रजक, कार्यकारिणी सदस्य रामकुमार साहू, दशरथ साहू, नरेश राम, बाबूलाल भुइंया, आदित्य कुमार, विनोद रजक, कुंदन रजक, कालेश्वर प्रसाद, जलेश्वर प्रसाद, गया प्रसाद, ओमप्रकाश प्रसाद, उमाशंकर यादव, ग्यास मियां, कुर्बान आलम, कुलदीप साहू, सुधीर प्रसाद के अलावे कई लोग शामिल थे।

## प्रखण्ड स्तरीय राज्य सहाय तीन दिवसीय किसान प्रशिक्षण सम्पन्न



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के बनहे पंचायत भवन और कृषि तकनीकी सूचना केंद्र कार्यालय सिमरिया में आयोजित तीन दिवसीय किसान प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया है। यह प्रशिक्षण आत्मा राज्य सहाय अनुदान अंतर्गत जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा था। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीस महिला तीस पुरुष प्रशिक्षुआओं के बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमरिया के द्वारा सर्टिफिकेट एवं बैग प्रदान किया गया तथा उनके द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि जिस विषय पर आप लोग प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं उसे हमेशा कृषि क्षेत्र में प्रयोग में लाते रहे। तभी प्रशिक्षण सफल हो सकता है।प्रशिक्षक डॉ सरोज कुमार एवं शिवेंद्र कुमार एमएससी एजी के द्वारा किसानों को कई प्रकार के कृषि प्रणाली के तहत किसानो की आय में बढ़ोतरी कैसे की जाती है। प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रमोद कुमार, प्रभारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजेश कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक सुधीर कुमार के द्वारा भी प्राकृतिक खेती के महत्व, कृषि सिंचाई प्रणाली तथा मृदा जांच के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को विस्तार पूर्वक बताया। मौके पर दर्जनों किसान प्रशिक्षु शामिल थे।

## सांसद पहुंचे पर्यटन स्थल बलबल, किया पुजा अर्चना



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बलबल में सांसद काली चरण सिंह बुधवार को पहुंचे। जहां सांसद ने मां बागेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति व समृद्धि की कामनाएं किया। वहीं संसद को ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं ने बुके के साथ माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इसके बाद सांसद ने द्वारी गांव में ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी जुटाई। मौके पर पार्टी नेता समेत अन्य मौजूद थे।

## बिजली विभाग के जेई ने चलाया छापामारी अभियान थाना में दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखणड में विद्युत विभाग के कनीय अभियंता तरुण कुमार के नेतृत्व में अवैध तरीके से बिजली चोरी कर जलाने वाले के विरुद्ध बुधवार को छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान गंगापुर, तिलैया व इंद्रा गांव में चलाया गया। जिसमें लगभग 10 लोगों पर अवैध तरीके से बिजली चोरी कर जलाने के विरुद्ध थाना में आवेदन दिया है।बताया गया कि बिना कनेक्शन के बिजली जलाने मीटर लगा है। परन्तु अवैध तरीके से बिजली जलाने के साथ साथ तार भी जब्त किया गया है। छापेमारी अभियान में पंकज कुमार, विकास कुमार, महावीर दांगी, रमेश तिर्की समेत अन्य मौजूद थे।

## गुरु गोष्ठी का हुआ आयोजन अपार आईडी बनाने को लेकर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखणड मुख्यालय में संचालित मध्य विद्यालय में बुधवार को गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया।गुरुगोष्ठी में बीपीओ नीरज कुमार के साथ साथ बीआरसी कर्मी तथा शिक्षक उपस्थित थे। उपस्थित शिक्षकों को विद्यालय के बच्चों को बनने वाला आपार आईडी पर विस्तृत चर्चा हुई। जिसमें कुल बच्चे में कितने बच्चों का आपार बन गया। शेष बच्चों को शीघ्र बनाने की बात कही।इसमें बच्चो के आधार में किसी तरह की गड़बड़ी है।या किस कारण से आपार नहीं बन पा रहा है। इसका लिखित रिपोर्ट की मांग किया।साथ ही जी गुरु जी ऐप पर 50 घंटे का होने वाली प्रशिक्षण में अब तक जितने शिक्षक रजिस्ट्रेशन नहीं किए है। उन्हें बैठक में शीघ्र करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे जिनके खाते में अब तक पोशाक की राशि नहीं है। उसका रिपोर्ट देने की बात कही।इसके अलावा विद्यालय से संबंधित राशि का बिल शीघ्र देने को शिक्षकों से कहा गया। बैठक में बीआरपी, सीआरपी लेखापाल सहित शिक्षक उपस्थित थे।

## यात्री बस के चपेट मे आने से वृद्ध व्यक्ति की घटनास्थल पर हुई मौत

**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित टीवीएस शोरुम के पास अनियंत्रित यात्री बस के चपेट मे आने से असहाय वृद्ध की घटना स्थल पर मौत हो गयी. मृतक की पहचान साल्वे पंचायत के ग्राम जबरा (धोबी घटवा) पोस्ट बारिखाप निवासी कुटु भुईयां उम्र लगभग 75 वर्ष पिता पांड़े भुईयां के रुप में की गई, घटना स्थल पर उपस्थित मृतक की पत्नी सीता देवी व स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक व उसकी पत्नी टीवीएस शोरुम के पास सड़क किनारे थे ,इसी दौरान हजारीवाग से डाल्टनगंज जाने वाली द्वीप ज्योति वस उसे मारते हुए, बारियातु बस स्टेन पहुँच गया, स्थानीय लोगो ने बस ड्राईवर को पकड़ा, पुलिस प्रशासन को सुचना दिए. घटना स्थल पर पहुँच कर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया.घटनास्थल पर उपस्थित लोगों ने प्रखंड मुख्यालय के मुख्य सड़क पर चलने वाले वाहनों के तेज तफ्तार पर, प्रशासन से अंकुस लगाने की मांग की है।

## पुलिस द्वारा अवैध पोस्ता का विनिष्टिकरण जारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे लगातार अभियान चलाकर रविवार, सोमवार व बुधवार को थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम श्रीसमाद, साहेगढा व बघमरी टोला के वन क्षेत्र से सटे लगभग 58 एकड़ भुमि पर लगे अवैध पोस्ता के फसल को लाठी डंडा से पीटकर कर नस्ट किया गया.इस संबंध में थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से मिली गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त क्षेत्र में वृहद स्तर पर पोस्ता का फसल लगा हुआ है व इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी के निर्देश पर विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा लगातार अभियान चलाकर उक्त क्षेत्र में लगे लगभग 58 एकड़ भुमि के अवैध पोस्ता के फसल को ट्रैक्टर व लाठी-डंडों से पीटकर नष्ट किया गया है। उन्होने आगे कहा कि अभी पोस्ते की अवैध खेती को नष्ट करने के साथ में संलिप्त दोसी व्यक्तियों की विरुद्ध पहचान कर प्रथामिकी दर्ज की जा रही है. दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर इस अभियान में थाना के कई पदाधिकारी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## डंके की चोट पर पायोनियर 27P37 जैसा कोई नही

# किसानो को दी गई पायोनियर 27P37 धान की विशेषताओ की जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** कोर्टेवा एग्रीसाइंस द्वारा टण्डवा प्रखंड के रोल गाँव में कम्पनी द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया द्य जिसमें कंपनी के हज़ारीबाग जॉनल मैनेजर आशुतोष कुमार तथा मो. इम्तियाज जिला प्रतिनिधि निवारण पाण्डेय ने किसानो को बताया कि पायोनियर 27P37 धान 2 नंबर जमीन मे सबसे ज्यादा उपज देने वाला हाइब्रिड धान है, जो कोई भी अन्य कम्पनी के धान से प्रति एकड 3 से 4 क्विंटल ज्यादा ऊपज देने मे सक्षम है द्य क्षेत्रीय प्रतिनिधि अजीत कुमार रजक और मंटू कुमार सिंह ने 27P37 के गुण और विशेषताओं के बारे में अवगत कराया द्य किसानों को बताया गया की इसकी बालियां लंबी और वजनदार होती है जो हर मौसम में ज्यादा उपज देती है द्य और किसान इसका चावल सुबह पका कर शाम तक खा सकते है द्य गोष्ठी के अंत में 27P37 धान की अच्छी उपज और गाँव की समृद्धि के लिए किसानों द्वारा- समृद्धि रैली भी निकाली गई। जिसमें रोल गाँव के सम्मानित किसान - अरबिंद सिंह, बिकाश चांद्रायण सिंह, सुरेश प्रसाद सिंह मिथलेश कुमार सिंह उपेंद्र सिंह पवन कुमार,सिंह कुमार सिंह दिनेश जय सिंह, राम नारायण सिंह, विजय सिंह किसान उपस्थित थे।


## राखबुधवार के साथ ईसाई धर्मावलंबियों ने चालीसा काल की शुरुआत



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुआडांड़ के बड़े चर्च सहित पूरे प्रखंड के सभी चर्चों में बुधवार को राखबुधवार के अवसर पर कैथोलिक विश्वासी चालीसा काल की शुरुआत की। यह चालीसा काल आध्यात्मिक कृपाओं से परिपूर्ण होता है, जिसकी शुरुआत श्रद्धालु अपने ललाट पर राख लगाने से करते हैं।डाल्टेनगंज धर्मप्रांत के विशप थियोडोर मस्कारेन्हास ने सुदूर गांव मायापुर और गारू के मारोमार जंगलों के बीच बसे सुरकुमी गांव में जाकर श्रद्धालुओं के लिए विशेष मिस्सा अर्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चालीसा काल आत्मनिरीक्षण, प्रायश्चित, और आध्यात्मिक उन्नति का समय होता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को यह संदेश दिया कि इस दौरान हमें अपने अच्छाइयों और बुराइयों को पहचानकर बुराइयों को त्यागने और अच्छाइयों को अपनाने का प्रयास करना चाहिए। राख को माथे पर लगाकर यह स्मरण कराया जाता है कि शरीर नश्वर है, लेकिन आत्मा अमर है। संत जोसफ चर्च, महुआडांड़ में फादर सुरेश किंडो ने अपने संदेश में कहा कि इस पवित्र काल में सभी को मेल-मिलाप से रहना चाहिए, बुरी आदतों को त्यागना चाहिए और प्रेम व सौहार्द का संदेश फैलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उपवास केवल भोजन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि हमें बुरे विचारों, गलत कार्यों और समाज के लिए हानिकारक आदतों से भी दूर रहना चाहिए। चालीसा काल के तीन स्तंभ फादर किंडो ने बताया कि चालीसा काल में खीस्तीयों के लिए तीन महत्वपूर्ण स्तंभ हैं–प्रार्थना, उपवास और परोपकार। उपवास से आत्म-संयम विकसित होता है।परोपकार के जरिए हम जरूरतमंदों की सेवा कर प्रभु की छवि को पहचानते हैं।उन्होंने कहा कि यह समय त्याग, बलिदान और तपस्या का है, जो हमें एक समर्पित जीवन जीने की प्रेरणा देता है।चालीसा काल में येसु खीस्त के दुःखभोग, मृत्यु और पुनरुत्थान का स्मरण किया जाता है। इस दौरान श्रद्धालु उनके क्रूस-पथ पर चलने की भावना के साथ आध्यात्मिक रूप से समर्पित रहते हैं।अन्य चर्चों में भी हुआ विशेष आयोजन राखबुधवार के मिस्सा पूजा के साथ ही चालीसा काल का शुभारंभ हो गया।

# महिला कॉलेज को शीघ्र चालू करने की मांग, आजसू पार्टी ने दी आंदोलन की चेतावनी

### शीघ्र चालू नहीं हुई तो वीसी का करेंगे घेराव : अमित पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के धर्मपुर में करोड़ों की लागत से नवनिर्मित महिला कॉलेज बनाया गया मगर दुर्भाग्य की बात है कि अब तक चालू नहीं हो सका है। जिसका नतीजा है कि क्षेत्र के छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने के लिए बाहर जाना पड़ रहा है।जिसके कारण उन्हें काफ़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए आजसू पार्टी के ज़िला अध्यक्ष अमित पांडेय ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए शीघ्र कॉलेज चालू करने की मांग की है।श्री पांडेय ने बताया कि 14 फरवरी 2023 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा इस कॉलेज का शिलान्यास किया गया था। लेकिन आज तक नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। उन्होंने सरकार की निष्क्रियता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इस मुद्दे पर कई बार आग्रह किया गया लेकिन सरकार चुप्पी साधे बैठी है।उन्होंने कहा कि 2024 में मुख्यमंत्री के कुंदरी आगमन के दौरान आजसू पार्टी ने इस विषय को उठाने का निर्णय लिया था लेकिन लातेहार पुलिस ने कार्यक्रम से पहले ही उन्हें व उनके कुछ साथियों को गिरफ्तार कर लिया था।आजसू ज़िला अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि इस कॉलेज को चालू कराने के लिए उनकी पार्टी लगातार आंदोलन करती आ रही है लेकिन अब धैर्य जवाब दे रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कॉलेज में नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं की जाती है तो आजसू पार्टी पलामू विश्वविद्यालय के कुलपति (VC) का घेराव करेगी।उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस कॉलेज को अविलंब चालू किया जाए जिससे छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूर न जाना पड़े और उन्हें शिक्षा की उचित सुविधा उनके जिले में ही मिल सके । आगे उन्होंने कहा कि सरकार इस पर अभिलंब संज्ञान नहीं लेती है तो आजसू पार्टी छात्रों के भविष्य के लिए आंदोलन करेगी।

## डीटीओ ने बाल आश्रय गृह में बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री और मिठाइयों का किया वितरण

# बड़े भाई की प्रथम पुण्यतिथि पर डीटीओ सुरेंद्र कुमार ने समाज को दिया संदेश, कहा - समृद्ध लोग भी करें असहायों की मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के केश्वर आहर स्थित बाल आश्रय गृह में बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) सुरेंद्र कुमार पहुंचे और बच्चों के बीच मिठाइयां एवं पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि आज उनके बड़े भाई स्व. चिरंजीवी कुमार की प्रथम पुण्यतिथि है। उनकी स्मृति में इस कार्य को किया गया, ताकि जरूरतमंद बच्चों को प्रोत्साहन मिल सके।गौरतलब है कि स्व. चिरंजीवी कुमार अमेरिका की ओरेकल कंपनी में डायरेक्टर के पद पर कार्यरत थे, लेकिन पिछले वर्ष उनका निधन हो गया था। उनका सपना था कि समाज के असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की मदद की जाए, ताकि वे भी मुख्यधारा से जुड़कर सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। उनके इसी सपने को पूरा करने के लिए उनके छोटे भाई डीटीओ सुरेंद्र कुमार निरंतर प्रयासरत हैं। उन्हें जब भी अवसर मिलता है, वे जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं।इस अवसर पर डीटीओ सुरेंद्र कुमार ने समाज के समृद्ध लोगों से अपील की कि वे भी समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को असहायों की सहायता करनी चाहिए और दूसरों को भी इस कार्य के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस कार्यक्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार सिन्हा, दिनेश लोहरा, रजनीकांत पांडेय, अभिषेक कुमार, नरेंद्र कुमार यादव, अधीक्षक (सुपरिटेंडेंट) शैलेन्द्र कुमार सिंह समेत बाल आश्रय गृह के कर्मी एवं दर्जनों बच्चे उपस्थित रहे।

## साहू सफारी नामक यात्री बस ने राहगीर को लिया चपेट में, बुरी तरह से घायल

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया थाना क्षेत्र के जबड़ा चौक के पास साहू सफारी नामक बस से धक्का लगने से एक राहगीर बुरी तरह से घायल हो गया। बस चालक के लापरवाही के कारण राहगीर की जान जाते जाते बची। बताया जाता है कि उक्त व्यक्ति रात्रि के 8 बजे जबड़ा चौक के समीप खड़ा था। तभी सलगी रोड तरफ से आ रही साहू सफ़ारी (JH 01 DW 8591) नामक यात्री बस अपनी चपेट में ले लिया। इस कारण से राजू यादव (32) का दाया पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया।

## बरही विधायक मनोज यादव ने सदन में उठाया पेयजल संकट का मुद्दा


# जून तक पूर्ण होगी बरही पेयजलापूर्ति योजना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखण्ड विधानसभा के सत्र में बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने तारांकित प्रश्न के तहत बरही शहरी क्षेत्र में पेयजल संकट का मामला उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या यह सच है कि हजारीबाग जिले के बरही शहरी क्षेत्र में गंभीर जल संकट है और लोग आज भी दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर हैं? इस पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने जवाब दिया कि बरही शहरी क्षेत्र के अंतर्गत कोनरा पंचायत का एक भाग (रियाडा) औद्योगिक क्षेत्र में आता है, जहां औद्योगिक गतिविधियों के कारण डीप बोरिंग आधारित जलस्रोत सूख गए हैं। यही कारण है कि इस क्षेत्र में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। बरही शहर में पानी की समस्या को देखते हुए विधायक मनोज यादव ने सवाल किया कि क्या गर्मी के दिनों में नागरिकों को टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाता है? इस पर विभागीय मंत्री ने पुष्टि करते हुए बताया कि जिला प्रशासन के माध्यम से गर्मी के दिनों में टैंकर द्वारा आम नागरिकों को पानी उपलब्ध कराया जाता है।

**तिलैया जलापूर्ति योजना क्यों बंद है?**

विधायक मनोज यादव ने यह भी सवाल किया कि बरही शहर में तिलैया जलापूर्ति योजना का कार्य क्यों बंद पड़ा है? उन्होंने आरोप लगाया कि ओम साई कंस्ट्रक्शन एजेंसी लापरवाही बरत रही है, जिसके कारण बरहीवासियों को पेयजल संकट झेलना पड़ रहा है। इस पर मंत्री ने जवाब दिया कि बरही पुनर्गठित ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत ओम साई इंटरप्राइजेज, चतरा को कार्य आवंटित किया गया था। अनुबंध के बाद 7 दिसंबर 2023 को



जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। मंत्री ने कहा कि योजना के तहत रॉ वॉटर टेस्टिंग एवं विद्युत संबंधित कार्य पूरे कर लिए गए हैं और वर्तमान में योजना निर्माणाधीन है।

**कब तक बरहीवासियों को मिलेगा पानी?**

अंत में विधायक मनोज यादव ने सरकार से पूछा कि अगर सरकार जल संकट को स्वीकार कर रही है, तो बरहीवासियों को शुद्ध पेयजल कब तक उपलब्ध कराया जाएगा? इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि योजना जून 2025 तक पूरी होने की संभावना है। यानी, सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया कि अभी बरही के लोगों को जल संकट से राहत पाने के लिए कुछ और महीनों तक इंतजार करना पड़ेगा।

**सरकार के जवाब से असंतुष्ट विधायक, जल्द समाधान की मांग ¬**

बरही विधायक मनोज यादव सरकार के जवाब से संतुष्ट नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि बरही के लोग वर्षों से जल संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार अब भी समाधान में देरी कर रही है। उन्होंने सरकार से इस योजना को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

**विधायक ने बरही के ओरपरता पहाड़ी से खुर्द जबाड, डपोक व डुमरियाडीह तक जर्जर सड़क की हालत से सरकार को कराया अवगत**

सदन को बरही विधायक मनोज यादव ने बताया कि बरही के ओरपरता पहाड़ी से खुर्द जबाड, डपोक व डुमरियाडीह तक जर्जर सड़क की हालत अत्यंत जर्जर अवस्था मे है। जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके बाद सरकार ने मामले को स्वीकार करते हुए कहा कि विभागीय नीति एवं बजटीय उपबंध के आलोक में आगामी वित्तीय वर्ष में प्रश्नाधीन पथ के जीर्णोद्धार सुदृढ़ीकरण के सम्बंध में अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी।

## चिंतपूर्णी फैक्ट्री के भट्ठी फटने से चार कर्मी घायल






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** बुधवार सुबह 3 बजे को 15 माइल में अवस्थित चिंतपूर्णी स्पंज आयरन फैक्ट्री में दर्दनाक घटना होने की खबर प्राप्त हुई है।बताया जाता है कि वीरेंद्र यादव क्रेन ऑपरेटर,फूलचंद कुमार, मो.चांद,वरुण कुमार और नन्दलाल कुमार 4 नंबर भट्ठी में आम दिनों की तरह काम कर रहे थे।इसी दौरान अचानक भट्ठी फट गई।सभी कर्मी अपने जान बचाने के भागने लगे।इस क्रम में क्रेन ऑपरेटर क्रेन से जम्प कर भागने के क्रम में हाथ और पैर टूट गया अन्य कर्मी भट्ठी से निकलने वाले चिंगारी से झुलस गए।इसकी जानकारी मिलते हीं प्रबंधन फैक्ट्री पहुंचकर सभी घायलों को बेहतर ईलाज के लिए रांची के सनफोर्ड अस्पताल भेज दिया गया।बताया जाता है कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं।

## श्रीनगर के विस्थापितों को मालिकाना हक दिलाने का विधानसभा में उठा मुद्दा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड विधानसभा शून्यकाल के दौरान बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड स्थित श्रीनगर गांव के विस्थापन का गंभीर मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने सरकार से मांग किया कि श्रीनगर के ग्रामीणों को जल्द से जल्द पुनर्स्थापित वासस्थल और आवंटित भूमि का स्वामित्व प्रदान किया जाए, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।विधायक मनोज यादव ने सदन को बताया कि श्रीनगर गांव 1951-52 में तिलैया जलाशय के निर्माण के कारण विस्थापित हुआ था। लेकिन इतने वर्षों बाद भी गांव के लोगों को उनका वाजिब हक नहीं मिल पाया है। विस्थापन के कारण उन्हें पुनर्स्थापित तो किया गया,



लेकिन आवंटित भूमि का स्वामित्व प्रमाण-पत्र यानी मालिकाना पर्चा नहीं दिया गया।विधायक श्री यादव ने कहा कि स्वामित्व प्रमाण-पत्र न होने के कारण श्रीनगर के ग्रामीण सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, किसान सम्मान निधि जैसी कई योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार नहीं हो पा रहा है। बरही विधायक ने झारखंड सरकार से आग्रह किया कि विस्थापित ग्रामीणों को जल्द से जल्द पुनर्स्थापित वासस्थल और आवंटित भूमि का मालिकाना हक दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह विस्थापितों का संवैधानिक अधिकार है और सरकार को उनकी इस मूलभूत समस्या का समाधान करना चाहिए।

## बादम पंचायत में मनरेगा कार्यों के ऑडिट के बाद हुई जन सुनवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत बादम पंचायत में मनरेगा अंतर्गत सोसल ऑडिट का कार्य पांच दिनों से चल रहा था। जिसका पंचायत स्तरीय जन सुनवाई बादम पंचायत सचिवालय में बड़कागांव प्रखंड पर्यवेक्षक अशीश कुमार पासवान के अध्यक्षता में पुर्ण हुआ। पंचायत का मामला पंचायत में ही निपटने का काम हुआ। मौके पर मुखिया सुनिता देवी, पंचायत समिति सदस्य राजा खान, पंचायत सेवक खुशनरायण महतो, रोजगार सेवक फजलुर रहमान, गौतम कुमार वर्मा, तिरलोकी साव, संतोष महतो, बिरेंद्र महतो, लालो साव, जावेद हुसैन, अफरोज, नौशाद, गोविंद महतो, कार्तिक महतो, सिता राम साव, बिनोद राम, शांती देवी, रेखा कुमारी, गिता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## खंडेलवाल महिला संघ ने मनाई ठाकुरजी की वृंदावन होली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** खंडेलवाल महिला संघ द्वारा ठाकुरजी की वृंदावन होली का भव्य आयोजन शहर के बड़ा अखाड़ा के समीप स्थित अतिथि भवन में संपन्न हुआ। यह आयोजन पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया, जिसमें संघ की सभी सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ठाकुरजी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम की शुरुआत राधा-कृष्ण की प्रतिमा स्थापना और विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेलकर उत्सव का आनंद लिया। भक्ति रस से सराबोर इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने रंग बरसे, होली खेलैं रघुवीरा जैसे पारंपरिक भजनों पर झूमते हुए होली का उत्सव मनाया। इस आयोजन में महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेलों में राधा-कृष्ण से संबंधित प्रश्नोत्तरी, होजी खेल का आयोजन हुआ. पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। भजन-कीर्तन का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने सभी को भक्ति के रंग में रंग दिया। प्रमुख भजनों में राधा नाम की गूंज,श्याम तेरी बंसी, और होली आई रे शामिल रहें,कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें सभी ने



प्रसाद ग्रहण कर ठाकुरजी की कृपा प्राप्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्डेलवाल महिला संघ की अध्यक्ष रुना खण्डेलवाल ने किया,कार्यक्रम का मंच संचालन राखी खंडेलवाल ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन संघ की सचिव रूपा खण्डेलवाल के द्वारा किया गया। संघ की अध्यक्ष रूना खण्डेलवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया और संगठन की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस आयोजन की सफलता में संघ की सभी पदाधिकारीगण एवं सदस्याओं का विशेष योगदान रहा। यह जानकारी खण्डेलवाल वैश्य पंचायत के मीडिया प्रभारी रितेश खण्डेलवाल ने दिया.

## लोयोला विद्यालय के विद्यार्थियों ने जीता अंडर 12 फुटबॉल टूर्नामेंट





**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ए.फ.सी . केदला घाटों की तरफ से तीन दिवसीय फुटबाल स्कूल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था ।जिसमें लोयोला विद्यालय लाल बंगला चरही के विद्यार्थियों ने अंदर 12 ए.फ.सी फुटबॉल टूर्नामेंट जीत कर फर्स्ट रन ऑफ भी बने । जिसमें से लोयोला विद्यालय के छात्र शांतनु राज को सर्वोत्तम गोलकीपर के रूप में अवार्ड देकर सम्मानित भी किया गया। उनके भव्य स्वागत के लिए चरही चौक पर स्वागत कार्यक्रम का आयोजन करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई ।लोयोला विद्यालय के प्रबंधक निदेशक एवं प्रधानाध्यापक एम.के. बरनवाल ने कहा कि इस टूर्नामेंट की तैयारी पिछले एक महीने से जोरों शोरों से चल रही थी। वैसे तो विद्यालय में प्रत्येक सप्ताह कई तरह के स्किल दिए जाते हैं ताकि बच्चे अपने प्रतिभा को निखार सके और अपने सपनों को उड़ान दे पाए साथ ही इन्होंने अपने किए हुए वादे को दोहराते हुए कहा कि जरूर एक दिन चरही को अच्छी शिक्षा और अच्छे संस्कार देने में लोयोला विद्यालय अपना अहम योगदान निभाएगा । इस आयोजन में कुल लोयोला विद्यालय के दो टीमों ने हिस्सा लिया था। लोयोला विद्यालय के मुख्य कोच कपूर करमाली का योगदान एवं उनके मार्गदर्शन में बच्चों के लिए पत्थर की लकीर साबित हुई साथ ही लोयोला विद्यालय चरही में 31 मार्च 2025 तक एक आकर्षक ऑफर के साथ निशुल्क नामांकन लिया जा रहा है।

## बरही में अनुमंडल स्तरीय होली मिलन समारोह की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही के क्वालिटी इन होटल में अनुमंडल स्तरीय होली मिलन समारोह को भव्य बनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडलीय साहू समाज के अध्यक्ष अमित साहू ने किया। मौके पर उपस्थित समाज के लोगों ने होली मिलन समारोह को भव्य बनाने को लेकर चर्चा की। कहा गया कि होली का पर्व महान पर्व है। इसमें लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल का प्रयोग करके खुशी मानते हैं। अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि होली के त्यौहार बनाने के दौरान पूरा साहू समाज का परिवार उत्साह के साथ भाग लेता है, और एक दूसरे से गले मिलकर शुभकामनाएं देता है। बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों में विनय साहू, गणेश साहू, अनुज साहू, राजेश साहू, दीपक गुप्ता, अनुज साहू, लालेश साहू, प्रकाश साहू, संजय साव, सुधीर गुप्ता, यमुना साव समेत भारी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## उप डाकघर मे पोस्टल जीवन बीमा की दी गयी जानकारी



**दारु (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपडाक घर दारु मे डाक कर्मियों की एक बैठक की गयी जिसमे पोस्टल डाक जीवन बीमा की जानकारी दी गयी। इस बैठक मे सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश पासवान और डाक अधिदर्शक राजीव कश्यप ने मौजूद कर्मियों ने पोस्टल डाक जीवन बीमा के प्लान की जानकारी देते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।इस बैठक मे बिष्णुगढ़,बनासो, दारु, मेरु आदि केंद्रो से रामाश्रय प्रसाद,छोटीलाल मेहता,अभिमन्यु कुमार गुप्ता,सुबोध कुमार,शुभम कुमार,श्याम सुमन, सुषमा कुमारी, दुर्गा कुमारी, गोवर्धन साहू,अंकित आदर्श,बलवंत राम,राजेंद्र गोप,बजरंगी गौस्वामी,प्रदीप पुरी,रजनीश कुमार,दिलीप कुमार,बासुदेव प्रसाद, अनमोल कुमार,रामेश्वर महतो,प्रभाकर कुमार आदि उपस्तिथ थे।

## विष्णुगढ़ थाना में होली व रमजान को लेकर शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ थाना परिसर में होली व रमजान को लेकर बुधवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने की तथा संचालन थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने किया।बैठक में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों ने बारी-बारी से अपनी बात रखते हुए कहा कि होली में आज तक छोटी मोटी घटनाओं को छोड़कर किसी तरह का कोई विवाद नही हुआ है। हम सब मिलकर फिर से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का संकल्प लेते है।



इस बाबत उपस्थित लोगों के बीच थाना प्रभारी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है,यहाँ सभी वर्गों को अपने धर्म अपने रीतिरिवाजों से मनाने का पूर्ण व स्वतंत्र अधिकार है। होली सद्भावना एवं शांति का प्रतीक है,ठीक वैसे हीं रमजान का पाक महीना भी शांति एवं सद्भावना का प्रतीक ऐसे मौके में अपने-अपने त्योहार को उसी आधार पर मनाए जबरन अपने त्योहार को किसी पर ना थोपे। मेरा एक मंत्र है,? इग्नोराय नमः यानि आप विष्णुगढ़ प्रखण्ड वासियों के सभी वर्गों एवं धर्म सम्प्रदाय से एक अपील है,छोटी-छोटी बातों को इग्नोर कर दीजिए यह बड़ी घटना या बड़ा विवाद बनने से पहले हीं खत्म हो जायेगी और सद्भावना बनी रहेगी।मेरी चिकित्सा प्रभारी डॉ. अरुण कुमार सिंह से भी अपील है,हालाँकि ये अपनी सेवा बेहतर देते है,और देते आ रहे है,फिर भी होली के दिन उपचार को लेकर थोड़ी जवाबदेही और लें। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ.अरुण कुमार सिंह, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द मिश्र,पूर्व झामुमो जिलाध्यक्ष शम्भूलाल यादव,जिप सदस्य शेख तैयब,मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो,मुखिया संघ सचिव निर्मल कुमार,पूर्व प्रमुख उमा देवी,गुरु प्रसाद साव,विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, रामजन्म राय,राजेश साव,सुनील कुमार अकेला,भीखन रविदास,रामचन्द्र यादव,रीता देवी, शिबू सोरेन,महेंद्र कुमार महतो,सतीश कुमार पटेल,खलील अन्सारी,अब्बास अंसारी,रफीक आलम समेत विष्णुगढ़ थाना के सभी स्टाफ एवं सैकड़ो की संख्या में विष्णुगढ़ के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## डीवीसी भूमि संरक्षण विभाग हजारीबाग को गृह मंत्रालय से मिला तीसरी बार सम्मान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पूर्व एवं पूर्वोत्तर क्षेत्रों (13 राज्यों) के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में दामोदर घाटी निगम (डीवीसी), भूमि संरक्षण विभाग, हजारीबाग को वर्ष 2023-24 के लिए द्वितीय राजभाषा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व विभाग को वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में भी गृह मंत्रालय द्वारा यह सम्मान प्राप्त हो चुका है। यह गरिमामयी समारोह मेफेयर होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, कमारकुची सोनपुर, टेपेसिया, गुवाहाटी, असम में गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। समारोह के मुख्य अतिथि, माननीय मुख्यमंत्री डॉ हेमन्त बिस्वा शर्मा ने डीवीसी, हजारीबाग के परियोजना प्रमुख संजय कुमार को राजभाषा शील्ड तथा राजभाषा अधिकारी डॉ. जितेंद्र झा को राजभाषा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर माननीयविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय ने की। साथ ही, राजभाषा सचिव अंशुल आर्या एवं संयुक्त सचिव (डॉ.) मीनाक्षी जॉली की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व क्षेत्र) के अंतर्गत क क्षेत्र (बिहार, झारखंड एवं अंडमान-निकोबार द्वीप समूह) में राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु हजारीबाग भूमि संरक्षण विभाग को गृह मंत्रालय द्वारा द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

## बराकर नदी में तैरता मिला अज्ञात शव, पुलिस जांच में जुटी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के रसोईया धमना में अनुमंडलीय कारा के पीछे बराकर नदी में ग्रामीणों को एक अज्ञात शव तैरता हुआ मिला। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना बरही पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक पुरुष का शव बरामद किया। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी आभास कुमार से पूछे जाने पर बताया कि शव को देखने से प्रतीत होता है की शव आज या कल की नहीं है, कुछ दिनों का है, जिसकी पहचान नहीं होने के कारण शीत गृह में रखा गया है।

## मधुमक्खियों के हमले से दंपति सहित तीन लोग घायल, हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के दारू थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोय निवासी श्यामसुंदर प्रसाद और उनकी पत्नी रूबी देवी सहित एक अन्य व्यक्ति



मधुमक्खी के हमले से बुरी तरह घायल हो गए। श्यामसुंदर प्रसाद और उनकी पत्नी रूबी देवी अपने स्कूटी पर सवार होकर अपने बच्चे के स्कूल कोय जा रहें थे तभी अचानक रास्ते में एक झाड़ी से मधुमक्खियों का झुण्ड निकला और उनपर हमला कर दिया और दोनों के चेहरा, सिर, हाथ सहित शरीर के खुले अंगों में डंक मारते रहे। इसी क्रम में एक अन्य स्थानीय युवक को भी मधुमक्खियों ने डंक मारा। हो- हल्ला करने के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से किसी तरह मधुमक्खियों के चुंगल से तीनों को बाहर निकाला गया। मधुमक्खियों के दंश के बाद दर्द के कराहते हुए पति- पत्नी सहित एक अन्य युवक ने अपने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद बुरी तरह प्रभावित हुए पति- पत्नी को उनके परिजनों और दारू क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश प्रसाद के सहयोग से इलाज़ के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया और तत्काल उनके द्वारा इसकी सूचना सांसद मनीष जायसवाल को दी गई। जिसके बाद सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने घायलों के पहुंचने से पूर्व ही अस्पताल को एलर्ट कर रखा। उनके आने से पूर्व ही रंजन चौधरी अस्पताल पहुंचे और तत्काल इलाज के लिए घायल पति- पत्नी का प्राथमिक उपचार शुरू कराया। इस दौरान पहले मधुमक्खियों के डंक को बाहर निकलवाया और शरीर में संक्रमण ना फैले और दर्द कम हो इसके लिए चिकित्सक के निर्देश पर दवाई- सुई करवाया। चिकित्सकों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती करने का भी सलाह दिया ।सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया कि मधुमक्खी एक सामाजिक कीट है और यह कभी दूसरे को नुकसान पहुंचाने के लिए डंक नहीं मारते बल्कि वे अपनी आत्मरक्षा के लिए ऐसा करते हैं। मधुमक्खियों के दंश में जहर होता है जिससे शरीर में संक्रमण फैल सकता है। मधुमक्खी का शहद जितना मीठा होता है उसका दंश उतना ही घातक होता है। मधुमक्खी अगर डंक मार दे तो उस जगह पर सूजन आ जाती है। कईएक बार असहनीय दर्द और जहर के प्रभाव से बुखार आ जाता है और यह जानलेवा भी हो जाता है। अगर मधुमक्खी का छत्ता आपके आसपास कहीं हो तो उसे ना छेड़े और उससे दूर रहने का प्रयास करें ।

## हजारीबाग में बढ़ते चोरी के मामलों पर आजसू नेता संजय कुमार मेहता ने उठाई आवाज

- **पीड़ित परिवारजनों से मिले, एसपी-डीएसपी से वार्ता कर चोरों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की**
- **जिले में सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया जाए : संजय मेहता**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। हाल ही में सिंदूर में जिला परिषद सदस्य मुकेश के घर हुई सनसनीखेज चोरी की घटना ने इलाके में दहशत फैला दी है। इस वारदात में चोरों ने ना सिर्फ घर में लूटपाट की बल्कि घर की एक महिला सदस्य पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। फिलहाल महिला का इलाज मेडिका अस्पताल में चल रहा है। इस घटना को लेकर आजसू नेता संजय कुमार मेहता ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और इस गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस प्रशासन से बात की। उन्होंने हजारीबाग एसपी, डीएसपी और थाना प्रभारी से संपर्क कर चोरों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। संजय कुमार मेहता ने कहा कि हाल के दिनों में हजारीबाग में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे आम जनता में भय का माहौल है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया जाए और चोरी की वारदातों पर तत्काल रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि, चूंकि घटना को अंजाम देने के दौरान महिला पर हमला किया गया जो गंभीर रूप से घायल हो गई और मेडिका अस्पताल में भर्ती हैं, इसलिए यह एक गंभीर मामला है। पुलिस को मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए चोरों को पकड़ना चाहिए और समाज के लोगों को भयमुक्त करना चाहिए।

## चिंतपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड में सेफ्टी की लापरवाही के कारण चार मजदूर घायल




**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला और हजारीबाग के सीमा वर्ती क्षेत्र पन्द्रह माइल के चिंतपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड में रात्रि लगभग तीन बजे एक बड़ी दुर्घटना घटी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि तीन बजे के आस पास फैक्ट्री की भट्ठी में ब्लास्ट होने से चार मजदूर गंभीर रुप से घयाल हो गाए। इसमें तीन मजदूर भट्ठी के आग से झुलस गए हैं और एक मजदूर का पैर टूट गया हैं मजदूरों को इलाज के लिए रांची के सेम फोड हॉस्पिटल भेज दिया गया है इस दुर्घटना की जानकारी चिंतपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड के जीएम डी के झा द्वारा बताया गया

## पीटीपीएस आवास में रहने वालों लोगों को लीज में दिया जाए आवास : वारिस खान



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा रामगढ़ जिला अध्यक्ष मो वारिस खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक रोशन लाल चौधरी द्वारा विधान सभा में पीटीपीएस के आवासों को उसमें रहने वाले लोगों के नाम 99 वर्षों के लीज पर देने की मांग की है। इसके लिए हम सभी विधायक जी को धन्यवाद देते हैं और उनका स्वागत करते हैं।आगे वारिस खान ने कहा पीटीपीएस की जनता लगातार इस बात की मांग कर रही थी रामगढ़ जिले के पीटीपीएस पतरातु ताप विद्युत संयंत्र परिसर में लगभग 20,000 लोग निवास करते हैं,जिनमें पीटीपीएस के पूर्व कर्मचारी,उनके परिवार,दुकानदार,संवेदक,पीवीयूएन पतरातु में कार्यरत कर्मचारी,मजदूर,और आसपास के कारखानों में काम करने वाले लोग शामिल हैं।पीटीपीएस के पीवीयूएन पतरातु को हस्तांतरित करने के बाद भी पीटीपीएस के स्वामित्व में लगभग 3000 आवास बचे हुए हैं। अगर इन आवासों को एचईसी हटिया और बीएसएल बोकारो की तर्ज पर 99 वर्षों की रेंट लीज पर दिया जाए,तो इससे सरकार को कई करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त होगा और लोगों के आशियाना उजड़ने से बचाया जा सकता है।

## गोला में प्रेस क्लब रामगढ़ का परिचय पत्र वितरण

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला के द्वारिका पैलेस में बुधवार को प्रेस क्लब रामगढ़ (पीसीआर) का परिचय पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया. बैठक में मुख्य रूप से प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बीरू एवं कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम मौजूद थे. अध्यक्ष ने क्षेत्र के पत्रकारों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की बात कही. उन्होंने कहा कि पत्रकार क्षेत्र की समस्याओं को उठाने की काम करते हैं. वह अपनी जवाब देही को ईमानदारी पूर्वक निभाएं. इससे समाज में उनकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी. इस दौरान क्षेत्र के पीसीआर सदस्यों के बीच परिचय पत्र का वितरण किया. इससे पूर्व सभी के द्वारा दो बर्ष की सदस्यता शुल्क जमा लिया गया. जिसका रसीद कोषाध्यक्ष द्वारा दिया गया. मौके पर कार्यकारिणी सदस्य मनोहर लहेरी, राजकुमार रविदास, मनोज कुमार मिश्र, लाल किशोर महतो, जितेंद्र कुमार, मोबिन अख्तर, श्रीकांत महतो, ओमप्रकाश गुप्ता, सुजीत कुमार सिंहा, अंजनी कुमार, सुरेश राम, अशफाक अहमद, पंकज कुमार पाठक सहित अन्य मौजूद थे.

## एबीवीपी कॉलेज में आरक्षण विरोधी एवं विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा देना बंद करे : आइसा

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ एवं इंकलाबी नौजवान सभा के जिला सचिव पवन यादव ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा रामगढ़ कॉलेज प्रशासन को एक मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें उनकी संकीर्ण और घृणित मानसिकता स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होती है। एबीवीपी शुरू से ही दलित, आदिवासी और मुस्लिम विरोधी रही है। यह संगठन हमेशा से समाज के वंचित और अल्पसंख्यक तबकों के अधिकारों को कुचलने का प्रयास करता रहा है और आरक्षण विरोधी एजेंडे का सहयोगी रहा है। शिक्षण संस्थानों में विशेष वर्ग को छूट देने के विरोध का सीधा अर्थ यह है कि एबीवीपी दलितों, आदिवासियों और मुस्लिम समुदाय को टारगेट कर रही है। उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता यही रही है कि इन समुदायों को बेहतर शिक्षा से वंचित रखा जाए, उनके संवैधानिक अधिकारों को कमजोर किया जाए, और उन्हें राजनीतिक व सामाजिक रूप से हाशिये पर धकेला जाए। यह अत्यंत चिंताजनक है कि एबीवीपी शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण विरोधी और विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है। यह केवल शिक्षा के लोकतंत्रीकरण के खिलाफ नहीं, बल्कि देश की सामाजिक समरसता और संवैधानिक मूल्यों पर भी सीधा आघात है। देश के सभी प्रगतिशील नागरिकों, सामाजिक न्याय में विश्वास रखने वालों, और शांति व सौहार्द की कामना करने वाले लोगों को इस मानसिकता के खिलाफ मजबूती से खड़ा होना होगा। हमारा संघर्ष एक समावेशी और समानतापूर्ण समाज के निर्माण के लिए है, जहाँ हर व्यक्ति को शिक्षा और अवसरों में समान भागीदारी का अधिकार मिले।

## कांग्रेस कार्यकर्ता ने बिजली विभाग पहुंचकर विपत्र में गड़बड़ी से परेशान उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान ऑन सपोर्ट करवाया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि बिजली विभाग रामगढ़ में विद्युत विपत्र के सुधार में विभाग द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है, जिस वजह से कई उपभोक्ता बरसो से बिजली विभाग का चक्कर लगा रहे हैं इस शिकायत के उपरांत विधायक ममता देवी के निर्देश पर को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी एवं बजरंग महतो के नेतृत्व में जिला प्रवक्ता मुकेश यादव 20शुत्री उपाध्यक्ष जिला श्री दिनेश मुंडा ,जिला उपाध्यक्ष संजय साव , नगर अध्यक्ष बलराम साहू, पूर्व आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनिल मुंडा सहित दर्जनों कार्यकर्ता बिजली विभाग पहुंचकर विपत्र में गड़बड़ी से परेशान उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान ऑन सपोर्ट करवाया इसके साथ ही रामगढ़ शहर की विभिन्न स्थानों पर पॉल खंबे, जर्जर तार और अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने के लिए सूची कार्यपालक अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता विद्युत आपूर्ति अंचलरामगढ़ को दिया गया प्रतिनिधिमंडल के मांग पर कार्यपालक अभियंता एवं विद्युत अधीक्षक अभियंता ने अप्रैल में कैंप लगाकर विद्युत विपत्र में त्रुटि के सुधार का आश्वासन दिया है जिसमें मुख्य रूप से संजीव खंडेलवाल संजय वर्मा शिबू दांगी गगन करमाली, दिलीप पांडे , कृष्णा पांडे छोटेलाल राम पिंकू खान राजा खान राजन करमाली विक्की वर्मा जवाहर प्रसाद दीपक राकेश जय कुमार अग्रवाल आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

## रामगढ़ में विश्वविद्यालय की मांग को लेकर विधायक ममता देवी ने विधानसभा में उठाई आवाज



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शून्यकाल में रामगढ़ महाविद्यालय को विश्वविद्यालय में अपग्रेड करने की मांग को जोरदार तरीके से उठाया।विधायक ममता देवी ने सदन में कहा कि रामगढ़ जिला शैक्षणिक रूप से समृद्ध होने के बावजूद अब तक विश्वविद्यालय की सुविधा से वंचित है। वर्तमान में रामगढ़ महाविद्यालय, जो विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के अधीन संचालित होता है, जिले के हजारों छात्रों की उच्च शिक्षा का केंद्र है। ऐसे में इसे विश्वविद्यालय का दर्जा देने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को अत्यधिक लाभ मिलेगा और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।उन्होंने सरकार से सवाल किया कि क्या नई शिक्षा नीति के तहत रामगढ़ महाविद्यालय को विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जा सकता है और यदि हां, तो इसे कब तक लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि रामगढ़ जिला औद्योगिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से विकसित हो रहा है, ऐसे में एक विश्वविद्यालय की स्थापना आवश्यक हो गई है।विधायक ममता देवी ने सरकार से इस मांग को गंभीरता से लेने और जल्द से जल्द इस दिशा में ठोस कदम उठाने का आग्रह किया।

### फायरिंग व आगजनी घटना की जिम्मेवारी राहुल दुबे गैंग ने ली,छोडा पर्चा

# बिरसा परियोजना के नई आउटसोर्सिंग कंपनी में अपराधियों ने फायरिंग कर हाइवा को किया आग हवाले

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी ओपी अंतर्गत बिरसा परियोजना के अधिन काम कर रही नई आउटसोर्सिंग कंपनी के खदान में बिते मंगलवार देर रात करीब एग्यारह बजे एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश अपराधियों ने नई आउटसोर्सिंग कंपनी के खदान के समक्ष अंधाधुंध फायरिंग कर दहशत फैला दिया। वहीं अपराधियों ने आउटसोर्सिंग कंपनी के एक हाइवा को भी आग के हवाले कर दिया। वहीं अपराधियों ने जाते- जाते कंपनी के समक्ष एक पर्चा छोड़कर भाग खड़े हुए। वहीं अपराधियों कि धमक के बाद साइट पर काम करने वाले मजदूरो में भय का माहौल है। वहीं अपराधियों के जाने के बाद सहकर्मियों ने उरीमारी ओपी को सुचना दी। जिसपर उरीमारी ओपी पुलिस घटना स्थल पर पहुंच मामले छानबीन और जांच शुरू कर दी है। वहीं ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि घटना स्थल से पर्दा बरामद किया गया है। हालांकि पुलिस ने यह भी कहा कि घटनास्थल से कोई खोखा बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मामले कि जांच कर रही है। इस घटना में जो भी अपराधी शामिल हैं उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

**फायरिंग व आगजनी घटना कि राहुल दुबे ने ली जिम्मेवारी**

उरीमारी- मंगलवार देर रात न्यू आउटसोर्सिंग कंपनी में हुई गोलीबारी व आगजनी घटना कि जिम्मेवारी राहुल दुबे गिरोह ने ली है। वहीं राहुल दुबे गिरोह द्वारा छोड़े गए पर्चे में लिखा है कि इस घटना कि जिम्मेवारी राहुल दुबे गिरोह लेता है। यह तो टेलर है अगर हमसे बिना मैनेज किए काम करेंगे तो आगे इससे भी बुरा परिणाम भुगतना होंगा।

**कोयला कारोबारीयो और ट्रांसपोर्टरो के लिए घातक साबित हो सकता है राहुल दुबे गिरोह**

उरीमारी- अमन साहू गैंग से अलग होकर अपना खुद का न्या गिरोह संचालित कर रहा राहुल दुबे गिरोह उरीमारी प्रक्षेत्र के कोयला कारोबारियों व ट्रांसपोर्टरो के लिए घातक साबित हो सकता है। मिली जानकारी के मुताबिक राहुल दुबे गिरोह रामगढ़,रांची,हजारीबाग जिला में कोयला कारोबार से जुड़े लोगों को धमकी दे चुका है। इन तीनों जिलों में उसके उपर दर्जनों केस दर्ज है।




## नेशनल लोक अदालत हेतु जागरूकता अभियान के तहत विधिक सहायता केंद्र चितरपुर में नागरिकों को दी गई जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ के द्वारा संचालित 90 दिवसीय डोर-टू-डोर विधिक जागरूकता अभियान के तहत विधिक सहायता केंद्र, चितरपुर प्रखंड में आम जनता को नेशनल लोक अदालत के महत्व और उसकी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।इस अवसर पर विधिक सहायता केंद्र के अधिकार मित्र दुर्गेश कुमार ने उपस्थित नागरिकों को 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के उद्देश्य, प्रक्रिया और लाभों के बारे में अवगत कराया। लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकार के दीवानी, पारिवारिक, बैंक ऋण, विद्युत, जल कर, दुर्घटना दावा, भूमि विवाद, श्रम विवाद आदि मामलों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान किया जाता है। यह एक समझौतापूर्ण न्याय प्रक्रिया है, जिसमें किसी भी पक्ष को अनावश्यक कानूनी खर्च वहन नहीं करना पड़ता और फैसले को अंतिम रूप से मान्य भी माना जाता है।कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को बताया गया कि लोक अदालत में मामलों का निपटारा शीघ्र, सरल एवं विवाद रहित तरीके से किया जाता है। इसके अतिरिक्त, उपस्थित लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं की उपलब्धता एवं उनकी पात्रता संबंधी जानकारियाँ भी दी गई। जागरूकता अभियान का उद्देश्य समाज के हर वर्ग, विशेष रूप से गरीब एवं वंचित समुदायों को न्यायिक सहायता से जोड़ना और उनके अधिकारों की जानकारी देना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा संचालित 90 दिवसीय डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में इसी प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग नेशनल लोक अदालत का लाभ उठा सकें और अपने लंबित विवादों का शीघ्र समाधान प्राप्त कर सकें।

## चैनगड़ा को प्रखंड बनाया जाए : डॉ शाहनवाज खान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** बुधिजीजिवी मंच, बरकाकाना क्षेत्र की कोर कमेटी की बैठक ग्राम दुर्गी में हुई। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने किया और संचालन मंच के सचिव डॉ शाहनवाज खान ने किया। बैठक मंच के सचिव डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि झारखंड सरकार से मांग की जाती है कि चैनगड़ा को प्रखण्ड बनाया जाए। पूर्वी क्षेत्र के गावों से पतरातु की दूरी की कारण इस क्षेत्र के लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। चैनगड़ा प्रखंड बनने पर इस क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा और क्षेत्र के किसानों मजदूरों एवम आम जनता को लाभ मिलेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि चैनगड़ा को प्रखंड बनवाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बरकाकाना क्षेत्र के मुख्य सड़क पर लगातार हो रही दुघटनाओं के संबंध में होली के बाद जिला उपायुक्त और संबंधित अन्य अधिकारियों से वार्ता कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। मंच के सचिव डॉ शाहनवाज खान ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि मंच की सदस्यता अभियान चल रहा है इसके लिए क्षेत्र गांवों में बैठकें की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि इस अभियान की समाप्ति के बाद मंच का पुनर्गठन किया जाएगा। बैठक में कोषाध्यक्ष मो सलीम, उपाध्यक्ष सोनी महतो, मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली, संयोजक रविन्द्र मुंडा, प्रवक्ता सुशील कुमार और नेपाल विश्वकर्मा, सह सचिव दिनेश करमाली, सक्रिय सदस्य गिरी शंकर महतो, अवधेश शर्मा, आमंत्रित सदस्य मो शरीफ, अंजली देवी और संगीता देवी उपस्थित थीं।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** समाज कल्याण महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वंधान में बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गत पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट 1994 विषय पर सदर अस्पताल रामगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, इन्दु प्रभा खलखो, के द्वारा कार्यक्रम से संबंधित जानकारी दी गयी साथ ही लैंगिक समानता को बढ़ावा देने एवं का प्रचार प्रसार करने पर चर्चा की गयी।सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा पी0सी0 पी0 एन0 डी0 टी 0 एक्ट 1994 के विषय पर विस्तृत जानकारी दी गयी साथ ही ये बताया गया की जो भी इस कार्य में संलिप्त होते है, उनके लिए दंड का प्रावधान है। क्षेत्र में किसी तरह की सूचना इस संबंध में प्राप्त होने पर शीघ्र इसकी जानकारी देने को कहा गया। कार्यक्रम के दौरान नवजात बच्चियों के अभिभावकों के बीच बेबी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रामगढ़ श्रीमती इन्दु प्रभा खलखो, सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे, डा0 पल्लवी कौशल, विमल केशरी, सोबन कुमार, श्रवण कुमार कुशवाहा, दीपक दास तथा स्वास्थ्य विभाग के एमटीसी कर्मचारी एवं जिला समाज कल्याण कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## अंडर वाटर ड्रोन पर डॉ प्रियांक सक्सेना बी. आई. टी. मेसरा का व्याख्यान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में एक सप्ताह के बूट कैम्प मैं दूसरे और तीसरे दिन भी ड्रोन संबंधित तकनीक पर प्रतिभागियों के बीच जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। दूसरे दिन बी. आई. टी. मेसरा के डॉ प्रियांक सक्सेना ने अंडर वाटर ड्रोन पर व्याख्यान दिया और इस से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। बूट कैम्प के तीसरे दिन एन. आई. टी राउरकेला के प्रोफेसर डॉ अभिषेक वर्मा एवं डॉ संतोष दास ने प्रतिभागियों के बीच अपने शोध को प्रस्तुत किया। डॉ अभिषेक वर्मा ने स्वान ड्रोन के परिचालन एवं उसके उपयोगिता पर जानकारी साझा किया। डॉ संतोष दास ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया और प्रतिभागियों में इसके बारे में विस्तार से चर्चा की।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने बूट कैंप सफलता की कामना की और शुभकामनाएं दीं। सचिव महोदया ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।तीसरे दिन की दूसरे सत्र में ड्रोन असेम्बली का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बिप्लब चक्रबर्ती और डॉ चिकेश रंजन ने भी ड्रोन ऐरोदयनामिक्स और ड्रोन फ्लाइंग कंट्रोलर पर आधारित जानकारी साझा की।फैक्लटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ अवनीश कुमार ने सभी एक्पर्ट का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया एवं सभी का धन्यवाद देते हुए प्रतिभागियों को ड्रोन से संबंधित अहम शोध साझा करने के लिए धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि , कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार,परीक्षा नियंत्रक प्रो( डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार, इंजीनियरिंग विभाग डॉ विश्वदीपक कुमार, डॉ संजय कुमार, डॉ धीरज कुशवाहा एंव फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सभी व्याख्याता मौजूद थे।

## दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने झारखंड विधानसभा, रांची में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री, माननीय योगेंद्र महतो जी से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता व्यवस्था, ग्रामीण जल प्रबंधन, जल जीवन मिशन की प्रगति, हैंडपंपों की मरम्मत और नए जलस्रोतों के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में दुलमी प्रखंड और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता को लेकर विशेष चर्चा की गई। सुधीर मंगलेश ने माननीय मंत्री से अनुरोध किया कि गर्मियों के मौसम में जल संकट की समस्या को देखते हुए अतिरिक्त जल स्रोतों की स्थापना, पुराने जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार और पाइपलाइन विस्तार जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। मंत्री योगेंद्र महतो जी ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और सभी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।मंगलेश ने मंत्री योगेंद्र महतो के मार्गदर्शन और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंत्री जी के सहयोग से क्षेत्र में जल आपूर्ति और स्वच्छता से जुड़े मुद्दों का समाधान तेजी से होगा, जिससे आमजन को राहत मिलेगी।

### भूमि बैंक को रद्द करने गैरमजरुआ जमीन की रसीद चालू करने की मांगों को लेकर विधानसभा का घेराव 24 मार्च को : महेंद्र पाठक

# जमीन लूट के विरोध में संघर्ष तेज करेगी भाकपा : डॉ बी एन ओहदार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी रामगढ़ जिला परिषद की बैठक वरिष्ठ साथी दुखन महतो के अध्यक्षता में हुई, जिसमें मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार, राज्य परिषद के सदस्य डॉ बी ए न ओहदार, राज्य परिषद के सदस्य नेमन यादव एवं मेवा लाल प्रसाद मौजूद थे। शहीद साथियों के सम्मान में 1 मिनट का मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, राज्य परिषद के फैसले के रिपोर्टिंग करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार जनता के साथ वादा खिलाफी कर रही है, राज्य की सरकार अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा था कि हमारी सरकार बनेगी तो भूमि बैंक रद्द कर गैरमजरुआ जमीन की रसीद चालू करेंगे बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देंगे, लेकिन एक भी वादे पूरा नहीं हुआ. इसीलिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी दिनांक 24 मार्च 2025 को झारखंड विधानसभा के घेराव के माध्यम से भूमि बैंक को रद्द करने घर में गैरमजरुआ जमीन की रसीद निर्गत करने, बाबा भीमराव अंबेडकर एवं जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने विस्थापन आयोग एवं विस्थापन नीति बनाने, स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति बनाने, असंगठित मजदूरों को 26000 रुपए न्यूनतम मजदूरी निर्धारण करने सहित 20 सूत्री मांग पत्र झारखंड सरकार को समर्पित करेगी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि जिस संविधान के बल पर विधानसभा में माननीय सुशोभित हो रहे हैं,लेकिन झारखंड की विधानसभा में संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा नहीं है और ना ही संविधान सभा के सदस्य मरंग बम के जयपाल सिंह मुंडा की राज्य में भूमि अधिग्रहण कानून 2013 भी लागू नहीं है, राज्य की खनिज संपदाओं को बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, जिसके विरुद्ध 24 मार्च को ऐतिहासिक लड़ाई है, डॉक्टर बी एन ओहद्दार ने कहा कि केंद्र एवं राज्य की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है, जनता से किए गए वादे को पूरा करने के बजाय राज्य की संपदा को लूटने में मशगूल है, इसीलिए राज्य में तीखा लड़ाई लड़ेगी भाकपा। शाहिद मजरुल हसन खान कि सहादत दिवस 19 मार्च को रामगढ़ में बैठक में राज्य सचिव महेंद्र पाठक लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार डॉक्टर बी एन ओहद्दार राजकिशोर बेदिया चितरंजन महतो वासुदेव महतो तेजल महतो दुखन महतो तुलसी करमाली कालीचरण मांझी मेवा लाल प्रसाद हाजी कमालुदिन अनसारी पोचाई प्रसाद पवन सिंह सहित के लोग उपस्थित थे।

## पतरातू ग्वाल खटाल में लगी आग काफी मशक्कत के बाद काबू पाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** ग्वाल खटाल में पुआल में अचानक आग लगी आग गई जिससे की लोगों में अफरा तफरी मच गई।पहले तो लोगों ने आग को देखते ही खुद से आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया।आग पर काबू पाया नहीं देख लोगों ने एनटीपीसी पीवीयूएनएल के सीआईएफ फायर ब्रिगेड को सूचना दी।तथा फायर ब्रिगेड के दम कल वाहन ने तुरंत पहुंचकर आग पर काबू पाया अगर समय रहते पीवीयूएनएल की फायर ब्रिगेड वाहन नहीं पहुंचती तो काफी नुकसान हो सकता था। मुक्त भोगी राजू यादव ने बताया कि किस कारण से आग लगी उसका पता नहीं चल रहा है लेकिन पुआल जल जाने से काफी नुकसान हो गया अब मवेशियों को क्या खिलाऊंगा।मौके पर आग बुझाने में सीआईएफ फायर ब्रिगेड यूनिट के अनिल कुमार सिंह सुखबीर सिंह,सत्येंद्र सिंह के साथ कई जवान का सरहानिया योगदान रहा।

# पंचेत में नहीं थम रहा अवैध कोयला खनन

- डंके की चोट पर सब मैनेज है का दावा करता है तस्कर
- लोगों का सवाल, कब तक रुकेगा यह काला धंधा






प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पंचेत ओपी क्षेत्र में अवैध कोयला का खनन, भंडारण और तस्करी का खेल लगातार खुलेआम जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के कारगिल जंगल अंतर्गत पतला मोड़ के डाउन पुल से 50 मीटर की दूरी पर बड़े पैमाने पर कोयला खनन किया जा रहा है। मामले में सूत्र बताते हैं कि चंदन और उत्तम की जोड़ी इस अवैध खनन गिरोह का मुख्य सरगना है। यहां से हर दिन लोगों की जान से खिलवाड़ कर खनन कराया जा रहा है। यह हाल तब है जब अवैध खनन के दौरान चाल में दबने, भू स्खलन और ओबी बर्डेन में दबने से कई लोगों की जान तक गई है। सूत्रों के अनुसार हर दिन 20 से 25 ट्रक कोयला निकाल कर आसपास के भट्ठों और प्लांट में रात भर ढुलाई कराई जाती है। अहम है कि अवैध खनन का मुहाना यहां के एक पानी टंकी के आसपास का क्षेत्र है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध खनन के कारण पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है, लेकिन पुलिस और प्रशासन इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। सूत्रों के अनुसार इस अवैध धंधे की जड़ें पुलिस प्रशासन तक फैली हुई हैं। खनन माफिया बेखौफ धंधा चला रहे हैं। लोग कई बार पंचेत ओपी की पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की लेकिन पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।तस्करों की धमक ऐसी है कि कई बार स्थानीय लोग शिकायत करने से कतराते दिखते हैं। लोगों का कहना है कि बिनोद नामक शख्स भी इस अवैध खनन का मुख्य संचालक है। जो धनबाद तक आकर कई कथित पत्रकारों का दाना पानी चला रहा है। यह हाल तब है जब एसएसपी के टास्क फोर्स की बैठक के दौरान सभी प्रकार के अवैध धंधों पर रोक लगाने का निर्देश दिया जाता है। बावजूद अवैध खनन का यह धंधा बंद नहीं हो रहा है। लोगों का सवाल है कि आखिर इन माफियाओं पर नकेल क्यों नहीं कसी जा रही। देखना है कि प्रशासन आखिर कब तक इन माफियाओं पर कार्रवाई करता है।

# दामोदर नदी घाट का बालू का रेट तय करते हैं बालू माफिया

## *आला अधिकारी के नाम पर बालू की बढ़ती कीमत से घर बनाने वाले पर पड़ रहा है बोझ*

प्रभात मंत्र संवाददाता



**झरिया :** बालू की समस्या आम जनता के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है, जो थमने का नाम नहीं ले रही है। सारा खर्च घर बनाने वाले मालिक पर पड़ रहा है। राज्य सरकार की ओर से बालू उठाव पर पाबंदी के बाद बालू की कीमत छह माह में ही दोगुनी हो गई है। दामोदर से घर तक बालू लाने में खर्च हजारो में हो जाता है। आला अधिकारी के नाम पर बालू की बढ़ती कीमत से घर बनाने वाले पर पड़ रहा है बोझ। बालू के इस अवैध कारोबार में खनन विभाग, परिवहन कार्यालय व स्थानीय पुलिस प्रशासन के मिली भगत से इनकार नहीं किया जा सकता है। धंधे से जुड़े लोग बताते है कि इसमें सभी का हिस्सा फिक्स होता है, जो हर माह उन्हें वेतन की तरह बालू तस्करों के सिंडिकेट के द्वारा पहुंचा दिया जाता है। यही कारण है कि बालू तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई नहीं होती है। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। कई बालू लदे ट्रैक्टर थाना से छूटने की भी सूचना है। एक ही नदी पर जगह जगह बालू के रेट अलग अलग हैं। जहाज ताड़ घाट का बालू सब से महंगा रेट चल रहा है। कम देने को लेकर हर रोज़ कहा सुनी होती रहती है। बालू बेचने वाले बालू कम देने की भी बात खूब चर्चा में है। जिस थाने से ट्रैक्टर गुजरती है, रेट बालू का बढ़ जाता है। एक ट्रेक्टर बालू दामोदर नदी जहाज ताड़ घट से जामाडोबा पुह्चाने का ग्राहक से 1600 से 1700 लिया जा रहा है, लेकिन आम जनता करे तो किया करे। प्रशाशन चाहे तो बालू का रेट कम हो सकता है। लोगो का कहना है की इस बालू का खेल को रोकने के लिए सरकार को ध्यान देने की ज़रूत है।

## महताब अंजुम बने आईटीआई प्रशिक्षक, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सौंपा नियुक्ति पत्र




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वासेपुर पांडरपाला के निवासी महताब अंजुम को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) में गणित विषय के प्रशिक्षक के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। यह खबर पूरे वासेपुर और धनबाद के लिए एक गर्व का क्षण है, क्योंकि महताब अंजुम की इस सफलता ने क्षेत्र के युवाओं के लिए एक नई प्रेरणा स्थापित की है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे समाज में हर्ष का माहौल है।इस ऐतिहासिक अवसर पर मोहम्मद जाफर इकबाल कादरी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने उन्हें दिली मुबारकबाद दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मेहनत, लगन और ईमानदारी का परिणाम है, जो समाज के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।महताब अंजुम साहब को धनबाद ब्रांच में नियुक्ति मिलने पर उन्होंने अल्लाह का शुक्र अदा किया और इस सफलता को अपने शिक्षकों, माता-पिता और शुभचिंतकों की दुआओं का नतीजा बताया। उनकी इस सफलता पर वासेपुर पांडरपाला के लोग गर्व महसूस कर रहे हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

## सड़क दुर्घटना में तड़पता रहा चालक, पेप्सी लूटने में व्यस्त रहे लोग

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को तोपचांची प्रखंड कार्यालय के समीप पेप्सी, कोका कोला, मिरिंडा से भरी एक पिकअप वैन असंतुलित होकर पलट गई। घटना के बाद बुधनी हटिया जा रहे लोगों में पूरी तरह से आपा धापी मची रही। हालात यह था कि लोग सड़क पर बिखरे पेय पदार्थों को लूटने में लगे रहें,जबकि सड़क हादसे में शिकार पिकअप वैन का चालक सड़क किनारे तड़पता रहा। जहां कुछ लोगों ने एंबुलेंस को कॉल कर उसे ईलाज के लिए अस्पताल भेजा।

## मारपीट की घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रणधीर वर्मा आचनक ट्रक में लोड होकर शव के साथ बरमसिया खटाल के यादव समाज के दर्जनों लोग पँहुच गये। ट्रक को चौक में ही खड़ा कर दिया।रणधीर वर्मा चौक में शव रख जाम कर दिया। सड़क में आगजनी कर हंगामा करने लगे। आने जाने बाइक चार पहिया वाहन वालो को चौक से गुजरने नही देने लगे।देखते देखते पूरा चौक को जाम कर दिया।रविवार को बरमसिया एफसीआई गोदाम में ट्रक लगाने को लेकर दो ड्राइवर में कहा सुनी हुआ था। एक पक्ष के ड्राइवर बरवाअड्डा थाना साथियों के साथ पँहुच सुरेंद्र यादव के साथ मारपीट कर दिया था। रॉड से सुरेन्द यादव पर हमला कर दिया था। जिससे वो गम्भीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद परिजन बरवाअड्डा थाना में नामजद शिकायत किया था। वही घायल सुरेंद्र का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान मौत हो गया। मौत के बाद आक्रोशित परिजन ग्रामीण रणधीर वर्मा चौक को जाम कर हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग किए। वही सड़क जाम की सूचना पर डीएसपी शंकर कामती, धनबाद सदर थाना पुलिस मौके पर पँहुची और आक्रोशित लोगों को समझाया। डीएसपी ने जल्द दोषियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।आश्वासन के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीण बात को मानते हुए सड़क जाम को हटा दिया। शव को लेकर चले गए।

## हाउसिंग कॉलोनी में हुआ वोल्टास सर्विस सेंटर का उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बुधवार को धनबाद के हाउसिंग कॉलोनी स्थित एमआईजी-4ए में बुधवार को वोल्टास के ऑथोराइजड सर्विस सेंटर का उदघाटन फीता काट कर किया गया। वही इस मौके पर सर्विस सेंटर के ओनर संजय सिंह के अलावे वोल्टास कम्पनी के आरसीएसएम संजय चटर्जी, एरिया सेल्स मैनेजर नवीन सिंह, ब्रांच सर्विस मैनेजर जॉय गोस्वामी, धनबाद के सेल्स एरिया मैनेजर सुमन पांडे के अलावे भाजपा की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विभा सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे। वहीं इस मौके पर वोल्टास कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि धनबाद में कम्पनी का ये पांचवां सर्विस सेंटर है। उद्घाटन के मौके पर सर्विस सेंटर के ओनर संजय सिंह ने बताया कि हाउसिंग कॉलोनी स्थित उनकी सर्विस सेंटर में लोगों को वोल्टास कम्पनी के प्रोडक्ट्स का सर्विस सेंटर के टोलफ्री नंबर पर ग्राहकों द्वारा वोल्टास के एसी फ्रीज समेत अन्य प्रोडक्ट्स के समस्याओं के लिए दर्ज समस्या का समाधान 6 घंटे के अंदर किया जाएगा। गर्मी के मौसम में एसी फ्रीज के खराब होने से लोगों की समस्या बढ़ जाती है और लोग परेशान हो जाते हैं। इस संदर्भ में हमारे वोल्टास सर्विस सेंटर द्वारा वोल्टास के ग्राहकों को त्वरित सर्विस देना प्रथम लक्ष्य होगा।

## पंख एक नई दिशा ने कराया 32 लोगों का नि:शुल्क हेयर कटिंग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बुधवार को पंख एक नई दिशा के द्वारा मदर टेरेसा, मेमको मोड़ में आर लॉन्च की मदद से 32 लोगों का हेयर कटिंग करवाया गया। संस्था के इस अभियान में मंदबुद्धि बच्चों, बुजुगों एवं महिलाओं को हेयर कटिंग ट्रीमिंग, हेयर निऺशुल्क कराया गया। अध्यक्ष पिंकी गुप्ता ने बताया कि मदर टेरेसा में यह पहली बार इस तरह का कार्यक्रम किया गया। हमारी संस्था के सभी सदस्य हमेशा एक ऐसी जगह जाते हैं जहां बहुत से लोगों को इस प्रकार की सेवाएं नहीं मिल पाती है। वहां पर संस्था के सभी सदस्य जा कर सेवा सम्मान देते है। जरूरतमंद लोगों तक सेवा पहुंचाना हमारा प्राथमिक मकसद है। संस्था की उपाध्यक्ष नम्रता गुप्ता का इस अभियान में सराहनीय योगदान रहा। साथ में महा सचिव सुधा गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुषमा प्रसाद, सहसचिव मनीष गुप्ता, सचिव शशि शेखर गुप्ता, रवि शेखर और आर लॉन्च के राकेश यादव और पुरी टीम का बहुत बहुत धन्यवाद।



## कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
## झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में 138 होल्डिंगधारियों द्वारा बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने पर कार्यालय झुमरी तिलैया नगर परिषद द्वारा नोटिस के माध्यम से सूचित करने के बावजूद भी बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किया गया है। वैसे होल्डिंगधारियों अविलंब जन सुविधा केन्द्र, कार्यालय में आकर अपना होल्डिंग टैक्स का भुगतान 03 दिनों के अन्दर करना सुनिश्चित करें। अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम की धारा–184 के क्रमांक 16.1 के तहत आपके बैंक खाता को फ्रीज (Freeze) करने की कार्रवाई की जाएगी। 138 बड़े बकायादार होल्डिंग धारकों की विवरणी निम्न है:–

| SL | Ward No | Holding No | Owner Name | Guardian Name | Property Address | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 0010000091000A4 | GOPAL YADAV | MNGAR MAHTO | NAVADA BASTI JHUMRI TILAIYA | 11,345.60 |
| 2 | 1 | 0190001102000M0 | MANTI PRASAD | SURESH CHANDRA PRASAD | GUJHANDI ROAD | 7,200.00 |
| 3 | 1 | 0010000314000A1 | BACHCHI DEVI | CHANDRIKA SINGH | NARESH NAGAR JHUMRI TELAYA | 11,960.00 |
| 4 | 1 | 0010001356000M0 | MASOMAT PARMILWA | LATE UGAN MAHTO | NAWADA BASTI | 7,868.00 |
| 5 | 1 | 0010000316000A1 | PARVATI DEVI | SITAL MAHTO | BISHUNPUR ROAD JHUMRI TILAIYA | 11,895.04 |
| 6 | 1 | 0010000154000A1 | DAYANAND MODI | | VISHUNPUR ROAD JHUMRI TELAIYA | 14,696.00 |
| 7 | 1 | 0010001254000A1 | PADMA DEVI | LATE SURENDRA SINGH | NARESH NAGAR | 14,820.00 |
| 8 | 1 | 0010000210000A1 | SADHANA RANI | | ASHRAM ROAD BISHUNPUR | 19,008.72 |
| 9 | 1 | 0010000895000A1 | MANJU DEVI | GIRDHARI PRASAD | BISHUNPUR ROAD. | 11,925.00 |
| 10 | 2 | 0020000831000A1 | BIRAN DEVI | KRISHNA PRASAD KESARI | TELAIYA BASTI, | 10,127.84 |
| 11 | 2 | 0020000567000A1 | SATENDRA PRASAD YADAV | | TELAIYA BASTI | 18,827.88 |
| 12 | 2 | 0020000254000M0 | SRI SRI RAKSHA KALI TRUST | UTPAL SAMANTO | TELAIYA BASTI | 64,736.00 |
| 13 | 4 | 0040000209000A1 | BADRI YADAV | NEHAL YADAV | TELAIYA BASTI | 11,789.52 |
| 14 | 4 | 0040000227000A1 | ARJUN YADAV | LT NANHU YADAV | TELAIYA BASTI | 11,709.00 |
| 15 | 4 | 0040000142000A1 | SUNITA DEVI | BIRJU YADAV | INDARWA BASTI | 12,024.00 |
| 16 | 4 | 0040000017000A1 | BASUDEV YADAV | BANDAN YADAV | SHIV SHAKTI NAGAR | 12,434.80 |
| 17 | 4 | 0040000026000X1 | RAJESH KUMAR LOHANI | SHYAM SUNDER PRASAD | LOHANI GALI, JHUMRI TELAIYA | 11,508.16 |
| 18 | 6 | 0060000148000A1 | KAMRUL HODA | BHATU MIYA | ASNABAD, JHUMNRI TELAIYA | 10,571.44 |
| 19 | 6 | 0060000378000A1 | ANJU SINHA | AJAY KUMAR SINHA | CHHATH TALAB ROAD | 11,488.56 |
| 20 | 6 | 0060000494000A1 | MD. ISLAM, MD.RAFIK, MD.SAFIK, FARJANA KHATOON | LATE ABDUL HAKIN | ASNABAD, MASJID GALI | 11,832.00 |
| 21 | 6 | 0060000018000A1 | MD.NIZAM UDDIN | LATE ABDUL KARIM BAKSH | ASHNABAD JHUMRI TELAIYA | 10,532.16 |
| 22 | 6 | 0060000277000A1 | SHAJJAD HUSSAIN | LATE, ABDUL RAHMAN | ASNABAD, | 23,827.44 |
| 23 | 7 | 0070000103000A1 | SANJAY KUMAR SINGH | UPENDRA SINGH | JHALPO JHUMRI TELAIYA | 9,228.40 |
| 24 | 7 | 0070000251000A1 | MANJU DEVI | GAJADHAR PANDIT | JHALPO, JHUMRI TELAIYA | 11,366.00 |
| 25 | 7 | 0070000409000A1 | MAHADEV RAM | LT CHINTA RAM | ranchi patna road, asnabad | 11,669.12 |
| 26 | 7 | 0070000435000A1 | KHEDAN RAM | | JHALPO JHUMRI TELAIYA | 11,867.68 |
| 27 | 7 | 0070000316000A1 | YASHPAL SINGH | CHUNNI LAL | RANCH PATNA ROAD ASNABAD | 11,534.56 |
| 28 | 7 | 0070000499000A4 | LABHCHAND RAM | LT GANGA RAM | VIDIYAPURI | 9,720.00 |
| 29 | 7 | 0070001275000M0 | GOPAL PRASAD BHADANI, KRISHNA MOHAN BHADANI | DEO NARAYAN BHADANI, HARIHAR PRASAD BHADANI | VISHRAM BAGH ROAD, | 7,524.00 |
| 30 | 7 | 0070000553000A1 | VIJAY KUMA MISHRA | JANARDHAN MISHRA | JHALPO | 12,310.00 |
| 31 | 7 | 0070000090000A1 | HEMLATA DEVI | LT ARJUN LAL GUPTA | MAHARANA PRATAP CHOWK | 12,895.36 |
| 32 | 7 | 0070001009000M0 | ARUN KUMAR PILANIA | PARSHURAM PILANIA | BISHRAMBAGH ROAD, | 10,831.92 |
| 33 | 7 | 0070000112000A1 | JAGESWAR PRASAD BHADANI | GOPAL KRISHNA GUPTA | VIDIYAPURI JHUMRI TELAIYA | 16,032.00 |
| 34 | 8 | 0080000065000A1 | GIRJA DEVI | ISHWAR YADAV | MORIYAWA JHUMRI TELAIYA | 11,130.80 |
| 35 | 8 | 0080000370000A1 | ARCHANA PANDIT | MANOJ KUMAR PANDIT | MORIYAWAN | 9,921.60 |
| 36 | 9 | 0090000465000A1 | DEEPAK RAM | LT NIRU RAM | VIDIYAPURI, JHUMRI TELAIYA | 11,079.00 |
| 37 | 9 | 0090000307000A1 | MOTI LAL AGARWAL | GORILAL AGARWAL | VIDYAURI JHUMRI TELAIYA | 11,368.00 |
| 38 | 9 | 0090000455000A1 | RAJESH KUMAR | ARUN KUMAR | VIDIYAPURI, JHUMRI TELAIYA | 12,153.24 |
| 39 | 9 | 0090000361000A1 | GOURABA DEVI | SUDARSHAN GOP | JHALPO CHHABRA GALI | 12,106.00 |
| 40 | 9 | 0090000554000X4 | JASWANT KAUR | HARBAJAN SINGH | RANCHI PATNA ROAD | 13,608.76 |
| 41 | 10 | 0100000112000X1 | PRAVIN KUMAR SINGH | ALAKHDEO SINGH | RAJGADHYA ROAD, JHUMRI TELAIYA | 11,093.36 |
| 42 | 10 | 0100000001000X1 | PRIYANKA DEVI | LATE ANIL KUMAR | GOURI SHANKAR MOHALLA | 9,348.00 |
| 43 | 10 | 0100000132000D1 | PINKI BARNWAL | DAYANAND MODI | RAJGADIYA ROAD, JHUMRI TELAIYA | 15,392.00 |
| 44 | 10 | 0100000059000D1 | PURNIMA MARKET | MURLI MANOHAR BHADANI & BROTHERS | PURNIMA MARKET, JHUMRI TELAIYA | 9,652.52 |
| 45 | 10 | 0100000248000X1 | PAWAN KUMAR MODI | LT BABULAL MODI | JHANDA CHOWK, JHUMRI TELAIYA | 65,205.52 |
| 46 | 11 | 0110000425000A1 | SARYU SAW AND BROTHERS | LAATE SAW | PATNA TRANSPORT GALI | 7,279.04 |
| 47 | 11 | 0110000075000X1 | PANKAJ KUMAR SONI | VIJAY KUMAR SONI | NEAR PURNIMA TALKIES, RANCHI-PATNA ROAD | 10,437.04 |
| 48 | 11 | 0110000094000A1 | MD.NIZAM UDDIN | ABDUL KARIM BAKSH | SAMANTO KALI MANDIR | 16,977.20 |
| 49 | 11 | 0110000398000A5 | LAKSHMAN GOPE | LATE, KUNJIL GOPE | ASNA, BYPASS ROAD | 41,298.00 |
| 50 | 11 | 0110000332000M0 | GUNJAN PANDEY | PAWAN KUMAR PANDEY | BEHIND UJJALA COMPLEX | 66,327.04 |
| 51 | 11 | 0110000340000X1 | JAGESHWARI DEVI | MANNISH KUMAR SINGH | RANCHI PATNA ROAD | 17,232.13 |
| 52 | 11 | 0110000170000X4 | URMILA SINGH | LT, KRISHNA SINGH | BLOCK ROAD | 62,188.96 |
| 53 | 11 | 0110000388000F4 | MANISH KUMAR SINGH | LATE, SURENDRA SINGH | I.C.I.C.I BANK GALI, | 1,11,526.96 |
| 54 | 11 | 0110000304000B2 | C. M. I. LTD, RENTER HOTEL ASHOKA, PROPRIETOR SANKAR YADAV, SURESH YADAV, VIKASH KUMAR | GOPAL PRASAD | RANCHI PATNA ROAD, NEAR ASHOKA HOTEL | 1,25,732.08 |
| 55 | 12 | 0120000292000A1 | SUNITA SALUJA | SURENDRA PAL SALUJA | GURUDWARA ROAD | 12,023.84 |
| 56 | 12 | 0120000163000A1 | RAJENDRA PRASAD | LT, BASUDEV RAM | BLOCK ROAD | 10,816.00 |
| 57 | 12 | 0120000224000X1 | MADAN LAL KAPSIME | MADAN LAL | MANOHAR PRESS GALI, JHUMRI TELAIYA | 10,272.00 |
| 58 | 12 | 0120000180000A1 | KAUSALYA RANI SALUJA | TIRATH RAM SALUJA | GURUDWARA ROAD JHUMRI TELAIYA | 10,589.44 |
| 59 | 12 | 0120000321000X1 | SHAKTI KUMAR TARWEY.& BROTHERS | TAKE NARAYAN TARWEY | JHANDA CHOWK | 61,872.00 |
| 60 | 13 | 0130000307000A4 | RANJEET KAPOOR | MAIN DAS KAPOOR | GURUDWARA ROAD WARD NO:13, JHUMRI TELAIYA | 10,268.40 |
| 61 | 13 | 0130000380000A1 | MURLIDHAR SAW | LATE BHIKHAN SAW | KHATIK MUHALLA | 9,903.36 |
| 62 | 13 | 0130000513000A1 | RAKESH KUMAR SONKAR | PRABHU DAYAL SONKAR | KHATTIK MOHALLA TARA TAND | 9,540.00 |
| 63 | 13 | 0130000321000A1 | HARISH CHHABRA | LT SURENDRA CHHABRA | GURUDWARA ROAD | 9,384.00 |
| 64 | 13 | 0130000117000A4 | KALAWATI DEVI | RAMSAGAR SINGH | J P NAGAR NEAR BYPASS ROAD | 9,520.00 |
| 65 | 13 | 0130000230000A1 | NAWAL KISHOR PRASAD | LT PAREMESHWAR RAM | SONA PATI GALI WARD NO 13 | 11,440.16 |
| 66 | 13 | 0130000109000A1 | ARUNA DEVI | BALESHWAR PRASAD | GURUDWARA ROAD | 14,038.00 |
| 67 | 14 | 0140000371000A1 | NIRMALA DEVI | MUNSHI DUBEY | I.M.S ROAD, JHUMRI TELAIYA | 9,266.56 |
| 68 | 14 | 0140000119000A1 | SAKUNTALA DEVI | LT RAJENDRA PRASSAD | TARA TAND, JHUMRI TELAIYA | 12,063.12 |
| 69 | 14 | 0140000218000A1 | RANI DEVI | VINAY KUMAR SINGH | ADDI BANGLA JHUMRI TELAIYA | 11,653.44 |
| 70 | 14 | 0140000508000A1 | BARTI DEVI | LATE MAHADEV SAO | ADDI BANGLOW NEAR PANI TANKI | 10,176.00 |
| 71 | 14 | 0140000080000A1 | BIJAY KUMAR PODDAR | LATE BHAIROBOX PODDAR | ADDI BANGLOW SHYAM BABA PATH, | 12,263.20 |
| 72 | 14 | 0140000072000A1 | CHANDRA SHEKHAR SONKAR | LT RAMA PRASDSAD SONKAR | I M S ROAD SHYAM BABA PATH ADDI BANGLOW | 10,494.00 |
| 73 | 14 | 0140000577000X1 | MAINA DEVI | | ADDI BUNGLOW, | 15,230.00 |
| 74 | 15 | 0150000168000A1 | BIRENDRA PRASAD | KAILASH PRASAD YADAV | JB COMPOUND SUKHANI GALI | 10,092.00 |
| 75 | 15 | 0150000566000A1 | TUKAN MAHTO | KASHI MAHTO | BHADANI ROAD SANJAY CABLE | 7,316.00 |
| 76 | 15 | 0150000245000X1 | KAMAL KUMAR JAIN, RAJKUMAR TIRPATHI | KAILASH CHAND JAIN | STATION ROAD JHUMRI TELAIYA | 44,239.72 |
| 77 | 16 | 0160000033000X1 | KRISHNA KANT GUPTA | LATE KHIRODHAR SAW | BIHIND TELAIYA THANA BHADODIH | 9,734.16 |
| 78 | 16 | 0160000146000X1 | MANOJ KUMAR YADAV | | RANCHI PATNA ROAD, OPP. NAMASKAR HOTEL | 10,704.00 |
| 79 | 16 | 0160000174000X1 | JASHWANT SINGH WAGERA | MUNSHI SINGH | RANCHI PATNA ROAD SUNDAR HOTEL | 1,18,725.76 |
| 80 | 17 | 0170000081000A1 | MD SHAHNOOR ALAM | MD. FAROOQUE | C.D. COLONY BHADODIH | 9,540.00 |
| 81 | 18 | 0180000220000X1 | SUCHITA BURNWAL | SANJAY KUMAR BARNWAL | RANCHI PATNA ROAD, OLD BUS STAND TULSI BHAWAN | 6,760.00 |
| 82 | 18 | 0180000017000A1 | MAHADEO PRASAD | | BISHNUPUR ROAD JHUMRI TELAIYA | 10,625.36 |
| 83 | 18 | 0180000197000A1 | SUMITRA DEVI | SRI MAHADEV MODI | BHADODIH, SHIV MANDIR GALI | 11,657.04 |
| 84 | 18 | 0180000312000A1 | GOPAL YADAV | MANGAR MAHTO | RANCHI PATNA ROAD | 12,297.04 |
| 85 | 18 | 0180000222000A1 | SURESH YADAV | LAXMAN PRASAD YADAV | RANCHI PATNA ROAD, NEAR P.W.D OFFICE | 16,016.96 |
| 86 | 19 | 0190000279000A1 | ASHOK PRASAD KESHRI | LT, HULAS SAW | RAJPURA JHUMRI TELAIYA | 11,379.04 |
| 87 | 19 | 0190000096000A1 | BALESHWAR YADAV | MANGAL GOP | NAWADA BASTI, JHUMRI TELAIYA | 12,024.00 |
| 88 | 19 | 0190000290000A4 | KALWATI DEVI, SUNITA DEVI | LT VISHNU LAL | RANCHI PATNA ROAD, NAWADA BASTI WARD NO.19 | 10,636.00 |
| 89 | 19 | 0190000907000X1 | NEELAM DEVI | PRAVEEN KUMAR BHAGAT | RANCHI PATNA ROAD, NEAR SUBHAS CHOWK | 11,166.56 |
| 90 | 19 | 0190000710000M0 | RAJENDRA YADAV | SHIVLAL YADAV | NAWADA BASTI, | 12,000.00 |
| 91 | 19 | 0190000540000M0 | ASHOK KUMAR SINGH | PUJAN YASDAV | Gumo WARD NO 19 | 10,438.72 |
| 92 | 19 | 0190000298000A4 | SHANKAR KUMAR | LT NARAYAN MAHTO | GUMO RANCHI PATNA ROAD BARWADIH WARD NO 19 | 12,352.00 |
| 93 | 19 | 0190000917000X4 | PRADEEP KUMAR GUPTA, MANOJ KUMAR GUPTA, SANJAY KUMAR GUPTA, PANKAJ KUMAR GUPTA | LATE, BALESHWAR PRASAD SAW | GUJHANDI ROAD, | 1,87,554.00 |
| 94 | 20 | 0200000116000C2 | TARA DEVI | SRI SURENDRA NATH PANDEY | GUMO, BARWADIH, | 10,084.80 |
| 95 | 20 | 0200000057000A1 | MANJU DEVI | BALDEV YADAV | GUMOH KOIRI MOHALLA JHUMRI TELAIYA | 11,678.64 |
| 96 | 20 | 0200000496000A1 | RAMESHWAR PRASAD BARNWAL | JAGDISH BARNWAL | RANCHI PATNA ROAD, GUMO BARWADIH | 11,649.04 |
| 97 | 20 | 0200000344000X4 | PARWATI DEVI | CHHATRU MAHTO, | BARWADIH, W.NO 20 | 10,862.00 |
| 98 | 22 | 0220000500000A1 | NIRMALA DEVI | KISHOR KUMAR PANDEY | RANCHI PATNA ROAD NEAR SANT JOSHAF SCHOOL | 11,960.00 |
| 99 | 22 | 0220000447000A1 | NAYEEM UDDIN ANSARI | KARIM BAKASH | GUMO, MICANET JHUMRI TELAIYA | 14,679.08 |
| 100 | 22 | 0220000049000X4 | CHATTU YADAV & KESHWAR YADAV | CHURAMAN YADAV | NEAR-SANJAY PETROL PUMP, RANCHI PATNA ROAD | 23,087.84 |
| 101 | 22 | 0220000190000X1 | BAJNI DEVI | PRASADI YADAV | CHITRAGUPTA NAGAR, NAWADA BASTI | 24,600.48 |
| 102 | 22 | 0220000698000F4 | AMIT KUMAR | RAMANAND PRASAD | KAYST MUHALLA, GUMO ROAD | 66,611.04 |
| 103 | 23 | 0230000463000M0 | SANJEEV KUMAR BARNWAL | RAMESHWAR PRASAD | GAS GODOWN GALI, | 10,922.80 |
| 104 | 23 | 0230000275000A1 | RAMANAND SHARMA | LT, DINESH SINGH | GANDHI SCHOOL ROAD | 11,960.00 |
| 105 | 23 | 0230000256000A1 | BIMLA DEVI | BIRENDRA MOTI | MAHATMA GANDHI SCHOOL ROAD | 12,056.00 |
| 106 | 23 | 0230001270000X1 | PUNAM DEVI | SUNIL KUMAR | GAS GODOWN GALI | 13,281.04 |
| 107 | 24 | 0240000619000A1 | RUKMANI DEVI | RAMESHWAR RAM | OLD BUS STAND | 11,160.00 |
| 108 | 24 | 0240000036000A1 | NARMADA DEVI | BINOD KUMAR | CHITRAGUPT NAGAR | 10,992.00 |
| 109 | 25 | 0250000681000A1 | LT SURYAMANI DEVI | RAMJI SHARMA | GANDHI SCHOOL ROAD WARD NO:25 | 6,916.52 |
| 110 | 25 | 0250000915000A1 | SUNAINA DEVI | KAILASH PANDEY | BESIDE KAILASH RAY SCHOOL | 9,063.00 |
| 111 | 25 | 0250000738000A1 | VINITA KANDHWAY | AJAY KUMAR KANDHWAY | PANI TANKI ROAD JAIN MUHALLA | 9,544.00 |
| 112 | 25 | 0250000050000A1 | NANDU PRASAD | LATE.KAMESHWAR SINGH | PANI TANKI ROAD NEAR JAIN MANDIR | 10,572.00 |
| 113 | 25 | 0250000542000A1 | SATENDRA KUMAR GAUTAM | TULSI PRASAD MODI | RANCHI PATNA ROAD NEAR JAHAWAR TALKIES | 9,858.00 |
| 114 | 25 | 0250000493000A4 | KUSUM DEVI | LT DASRATH RAM | GANDHI SCHOOL ROAD | 12,162.00 |
| 115 | 25 | 0250000594000A1 | NIRMALA DEVI | BHARAT KUMAR | GANDHI SCHOOl ROAD PARBHAT COLONY | 12,150.00 |
| 116 | 25 | 0250000588000A1 | UMA DEVI | LT, VINAY KUMAR | DEVI MANDAP ROAD, | 13,984.00 |
| 117 | 25 | 0250000386000A1 | RAJ KISHOR SINGH | BENI RAM | GANDHI SCHOOL ROAD | 15,055.04 |
| 118 | 25 | 0250000584000A1 | RAJESH KUMAR GUPTA, & NARENDRA PRASAD, | | NEAR, MODI DHRAMSALA, DEVI MANDAP ROAD, | 19,124.00 |
| 119 | 26 | 0260000127000A1 | SUPRIYA SARKAR | CHANDAN KUMAR SARKAR | BELATAND DEVI MANDAP ROAD | 9,222.00 |
| 120 | 26 | 0260000220000A1 | JAYPRAKASH SINGH | PACHKODI SINGH | JAIN MOHLA WARD NO 26 | 9,222.00 |
| 121 | 26 | 0260000112000X1 | ANMOLAK SINGH SALUJA | KARTAR SINGH | RANCHI PATNA ROAD, PRINCE CHART | 9,313.68 |
| 122 | 26 | 0260000108000X1 | RAJENDRA SINGH SALUJA | LT. KARTAR SINGH | RANCHI PATNA ROAD PRINCE CHART | 9,313.68 |
| 123 | 26 | 0260000168000A1 | DILIP KUMAR JAIN, LALIT KUMAR JAIN | MAHAVIR PRASAD JAIN | RANCHI PATNA ROAD JHUMRI TELAIYA | 12,588.00 |
| 124 | 26 | 0260000233000A1 | CHANDRIKA DEVI | JANARDHAN PANDEY | DEVI MANDAP ROAD | 11,575.04 |
| 125 | 26 | 0260000484000B1 | ARUN KUMAR SOOD | LT SOHAN LAL SOOD | RANCHI PATNA ROAD HOTEL HANS | 11,583.00 |
| 126 | 26 | 0260000373000X1 | CHHAVI DAS GUPTA | LT. VISHWAJIT DAS GUPTA | PANI TANKI ROAD ORIENTAL BANK OF COMRACE, | 37,736.00 |
| 127 | 26 | 0260000297000B1 | JANKI DEVI | LT, DASRTH SAW | RANCHI PATNA ROAD, | 48,188.72 |
| 128 | 27 | 0270001100000A1 | ARUN RAM | LATE, RAM KRISHNA RAM | BAJRANG NAGAR | 11,096.00 |
| 129 | 27 | 0270000167000A1 | PRADEEP DAS | SARJU DAS | NEAR KIDS GARDEN SCHOOL, GOUSHALA ROAD | 9,953.44 |
| 130 | 27 | 0270001392000A1 | KAMLESH KUMAR SARDA, PRABHAT KUMAR SARDA, SANJAY KUMAR SARDA, DINESH KUMAR SARDA, RABINDRA KUMAR SARDA | LATE KANHAIYA LAL SARDA, LATE KANHAIYA LAL SARDA, LATE ARUN KUMAR SARDA, LATE KANHAIYA LAL SARDA, LATE KANHAIYA LAL SARDA | GOUSALA ROAD NEAR-PANI TANKI ROAD | 7,473.00 |
| 131 | 27 | 0270001273000A1 | LALAN GIRI JITENDRA GIRI CHANDRA GIRI | RAMESHWAR GIRI | SHIV SHAKTI NAGAR GOUSHALA ROAD, | 11,454.00 |
| 132 | 27 | 0270000663000A1 | ABHISHEK KUMAR | LT, SURESH PRASAD | JHANJHARI GALI, | 11,908.00 |
| 133 | 27 | 0270001372000A1 | KRISHNA PRASAD TARWEY | LATE GURUSHARAN PRASAD | JHANJHARI GALI | 12,411.04 |
| 134 | 27 | 0270000271000A1 | POKHANI DEVI | POKHRAJ PRASAD | SHIV SHAKTI NAGAR GOUSALA ROAD | 17,635.20 |
| 135 | 27 | 0270000020000K1 | SRI DIGAMBER JAIN VIDYALAYA | BIMAL KUMAR JAIN | PANI TANKI ROAD NEAR JAIN MANDIR | 37,800.00 |
| 136 | 28 | 0280000186000M0 | BUDHANI DEVI | LT. BODHI YADAV | MORIYAMA, WARD NO-28 | 11,676.64 |
| 137 | 28 | 0280000016000A1 | KEWAL YADAV | RUPAN YADAV | GAUSHALA ROAD YADDU TAND | 12,024.00 |
| 138 | 28 | 0280000375000A1 | RUKMANI DEVI | LATE RAJA RAM TRIGUNAYAT | MANDUATAND WARD NO:28 | 10,708.00 |

ह0/–
प्रशासक झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 347846 (Urban Development)24-25*D

# स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टूर्नामेंट का हुआ भव्य शानदार आयोजन

- ➲प्रथम मैच नई दिल्ली और हरियाणा के बीच खेला गया
- ➲न्यू दिल्ली ने हरियाणा को 34 रन से हराया
- ➲मैन ऑफ द मैच दिल्ली के सौरभ डांगर हुए
- ➲धीरज प्रसाद साहू खेल के साथ सामाजिक, धार्मिक राजनीतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान है : केशव महतो कमलेश
- ➲लोहरदगा मेरी कर्म भूमि है,छिपी प्रतिभा को मंच देना उद्देश्य है : धीरज प्रसाद साहू














**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित प्रथम सत्र के मैच न्यू दिल्ली तथा हरियाणा के बीच मैच का उद्घाटन लोहरदगा लोहरदगा डीसी एसपी द्वारा टॉस उछाल कर किया गया। साथ ही खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। टॉस के बाद न्यू दिल्ली की टीम पहले बैटिंग करते हुए 195 रन 6 विकेट खोकर बनाया वहीं हरियाणा की ओर से अजय राणा ने 35 रन देकर 4 विकेट प्राप्त किया तथा न्यू दिल्ली की ओर से शौरभ डांगर ने 50 बॉल में 12 चौकों और 3 छक्के के साथ महत्वपूर्ण 90 रन तथा दिव्यांशु राज ने ताबड़तोड़ 35 बॉल में 13 चौके की मदद से 66 रन बनाया। जवाबी पारी खेलते हुए हरियाणा की टीम ने 19.5 ओवर में 161 रन बना कर ऑल आउट हो गयी और न्यू दिल्ली 34 रन से न्यू दिल्ली विजयी हुआ। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार 10 हजार रुपैया और शील्ड सौरभ डांगर को दिया गया। कार्यक्रम के पूर्व स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया था तिरंगा झंडा फहराया गया और राष्ट्र गीत गया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा की साहू परिवार लोहरदगा ही नहीं झारखंड के विकास में सहयोग देते रहते है और छोटे से जिला में शानदार क्रिकेट प्रतियोगिता कराना, कुछ दिन पहले महाकव्वाली का प्रोग्राम कराना और धार्मिक कथावचक कराना साबित करता है की धीरज प्रसाद साहू सामाजिक, धार्मिक के साथ साथ राजनीतिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा की इतना शानदार स्टेडियम मैच के बाद भी कार्यक्रम होता रहे तभी यहाँ के प्रतिभा को आगे बढ़ाया जा सकता है। इस अवसर पर पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा की लोहरदगा मेरी जन्म और कर्म भूमि है इसलिए चाहता हूँ की यहाँ की छिपी प्रतिभा को मंच मिले आगे बढे लोग। इस अवसर पर चीयर्स गर्ल्स द्वारा भी विकेट गिरने पर और चौके छक्के मारने पर नृत्य का प्रदर्शन कर दर्शकों का मनोरंजन किया गया। इस अवसर पर प्रदीप बालमुचु, डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बीन जमाँ, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जीप अध्यक्ष रीना कुमारी, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, क्रिकेट सचिव अलोक रॉय, कार्यकारी अध्यक्ष भाष्कर दास गुप्ता, कोषाध्यक्ष नेयाज मल्लिक, हर्षित साहू, दुर्गेश साहू, अजय नाथ साहू, उपाध्यक्ष किशोर कुमार वर्मा, टाका मामा, सतीश वर्मा, आशीष कुमार रणजी खिलाडी, कोच अमित कुमार, उदय गुप्ता, विशाल डूंग डूंग, आकाश कुमार, रोहित ओझा, अफसर कुरैशी, ऐनुल अंसारी, सहित सैकड़ो खिलाडी और हजारों दर्शक उपस्थित थे।

**जिंदगी में सफलता के लिए कॉन्फिडेंस, कॉफिक्शन, डिटर्मिनेशन, कमिटमेंट और फैशन चाहिए : शत्रुघन सिन्हा**

लोहरदगा लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित स्वर्गीयशिव प्रसाद साहू मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में सीने स्टार तथा सांसद शत्रुघन सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में कहा की नई पीढ़ी के लिए सफलता का मुलमंत्र है की आप जिंदगी में कॉन्फिडेंस, कॉफिशन, डिटर्मिनेशन, कमिटमेंट और फैशन होना चाहिए तभी कामयाबी चूमेगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा की मै कई बार लोहरदगा की पवित्र धरती पर आगमन हुआ है साहू परिवार से मेरा गहरा पारिवारिक रिस्ता रहा है, इनके बड़े भाई स्वर्गीय नन्दलाल साहू से मेरी दोस्ती थी, जलाल आगा साहब इनके मित्र हुआ करते थे जो मेरे मित्र भी थे आज नहीं है ये परन्तु इनकी यादें आज भी जीवंत है,आज जिनकी याद में आई पी एल की तर्ज में एल पी एल क्रिकेट टूर्नामेंट खेला जा रहा है मेरे बड़े भाई स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू एक जिंदादिल इंसान हुआ करते थे वैसा ही उनके अनुज और मेरे छोटे भाई धीरज प्रसाद साहू जी है। जिन्होंने लोहरदगा जैसे छोटे सा जिला में इतना सुन्दर भव्य शानदार स्टेडियम का निर्माण बिना सरकार के मदद का किया है जो भारत के चुनिंदा स्टेडियम में सुमार होगा सराहनीय कार्य है। मै बिहारी बाबू पुरे बिहार जो उस समय झारखण्ड अलग नहीं था पुरे भारत वर्ष में टेलीवीजन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया में प्रथम स्थान प्राप्त कर फ़िल्मी दुनिया में कदम रखा था कुछ की नजरों में हिंदुस्तान में प्रथम स्थान आया था तो कुछ की नजरों में छाया था, मै फ़िल्मी दुनिया का प्रथम केंद्रीय मंत्री बना था जिसमे कोई दाग आज तक नहीं लगा न आरोप नहीं होना ही मेरी सफलता है। उन्होंने कहा की जिंदगी में तीन चीजे अहम् होती है पढ़ाई लिखाई, खेल कूद, एवं आर्ट एवं कल्चरचल में सफलता पाना लेकिन आप किसी एक में भी ध्यान देंगे तो निश्चित सफल होंगे। उन्होंने धौनी का नाम लेते हुए कहा की खेल में पूरी दुनिया में छा गए, रॉल मॉडल बने उसी प्रकार सचिन, गावस्कर, सानिया मिर्जा भी खेल में पूरी दुनिया में भारत का डंका बजाया है आप भी एक क्षेत्र चुने और आगे बढे। उन्होंने इस अवसर पर बिहार की टीम के खिलाड़ियों से भी मुलाकात किये और पुरे क्रिकेट स्टेडियम घूम कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस अवसर पर धीरज प्रसाद साहू, हर्षित साहू, दुर्गेश साहू, रीना कुमारी, सीमा प्रवीण, अफसर कुरैशी, निशीथ जायसवाल, विशाल डूंग डूंग, अलोक रॉय, भाष्कर दास गुप्ता,सहित अन्य उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु जिला समन्वय समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आज फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम-2025 से संबंधित जिला समन्वय समिति की बैठक जिला परिषद सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग को विद्यालय स्तर पर स्कूली छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया की दवा खिलाने के लिए समन्वय बनाते हुए लक्ष्य पूर्ण करने, समाज कल्याण विभाग को सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर शेष लक्ष्य पूर्ण करने के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों के माध्यम से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया। कुडू व कैरो प्रखण्ड के छूटे हुए गांवों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से दवा खिलाने के कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश सिविल सर्जन, लोहरदगा को दिया गया। बैठक में सौ फीसदी दवा खिलाने का कार्यक्रम में आ रही समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई और शेष लक्ष्य को जल्द प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। आज की बैठक में सिविल सर्जन-सह-भीबीडी पदाधिकारी डॉ. शंभूनाथ चौधरी, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कार्यक्रम समन्वयक, प्रखण्ड कार्यक्रम कार्यक्रम प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

## प्राचार्य ने अपने विद्यालय के विभिन्न समस्याओं को लेकर सांसद सुखदेव भगत से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के जोगना में स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा के प्रचार्य द्वारा स्थानीय सांसद से मुलाकात कर विद्यालय की स्थिति से अवगत कराया गया। वही प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा ने सांसद सुखदेव भगत से मुलाकात कर अप्रैल माह में विद्यालय में होने वाले बाल संसद सत्र में भाग लेने के लिये आमंत्रित किया है। और प्रचार्य श्री झा ने संसद को अप्रैल 15 से 30 अप्रैल तक विद्यालय में आने का अनुरोध करते हुए। बच्चो को सांसद सत्र की जानकारी साझा कराने के लिये अपील किया गया है। इस के अलावा सांसद द्वारा प्राचार्य से विद्यालय की शिक्षा और पठन पाठन कि जानकारी ली गई। साथ ही प्रचार्य से पठन पाठन के अलावे विद्यालय के किसी अन्य चीजों की समस्याओं के बारे में बताने के लिये कहा गया। जिसे प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा ने कहा कि पठन पाठन कार्य के लिए विद्यालय में दो कमरा की आवश्यकता है। तथा विद्यालय के छात्र छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं का पेयजल की समस्या दूर नहीं हो पा रहा है। जिसे सुन सांसद श्री भगत ने कहा कि समस्या संज्ञान में आ गया है। उपायुक्त से बात कर समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जायेगा।

## मंगलवारी महाआरती का आयोजन होना शुभ कार्य : सचिन कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भव्य महा आरती का आयोजन बरवाटोली चौक स्थित हनुमान मंदिर में महाआरती कार्यक्रम किया गया। जिसमें तरुण पांडे जी के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।इसके पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। जिसमें सैकड़े की संख्या में राम बाग शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीर उरांव एवं नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू विश्व हिंदू परिषद प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता, अजातशत्रु, सतीश जसवाल, राजमोहन राम, लक्ष्मी भगत, चंदन गोयल, अशोक घोष, नीरज नैलिन, पवन तिग्गा, रंजीत कुमार साहू, उमेश कासकार, निधिकांत प्रसाद, महेंद्र प्रजापति, मनोज कुमार, अनूप महतो, संजय महतो, अशोक कासकार, चंदन गोप, सत्यम कुमार, सुशील कुमार, आकाश कुमार वर्मा, अजय कुमार शाह, प्रमोद प्रजापति, अनीश मित्तल, लवकुश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, भोला अग्रवाल, बिट्टू साहू, पहलवान सिंह, दीपक कुमार, अनुभव कसकर, आशुतोष कुमार, डॉक्टर कुमुद अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, पल्लवी कुमारी, मन्नू कुमार, मनीष अग्रवाल, गुड्डू अग्रवाल, करण सिंह, महेश महतो, कुंदन राम, चीकू नायक, वीरू नायक, अमानु नायक, खिलावन नायक, प्रियांशु कुमारी और मोटिया संघ के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जेएमएम द्वारा किया गया प्रखंड कमिटी का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक सह जिप सदस्य द्वारा पेशरार प्रखंड में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का प्रखंड समिति का गठन किया गया। जेएमएम के जिला संयोजक सह जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की और बालमुकुंद लोहरा की उपस्थिति में पेशरार बाजार टांड में बैठक आयोजित कर प्रखंड कमिटी का गठन करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अरविन्द उरांव को तथा सचिव कमला देवी, सहसचिव दिलेश्वर ठाकुर, उपाध्यक्ष जयु तुरी और कोषाध्यक्ष राजेश्वर सिंह खेरवार को बनाया गया। वही अशोक उरांव, राजेश ठाकुर, दिनेश मोची, रामलाल भगत, राजकिशोर असूर को सदस्य के तौर पर चयन किया गया। जिस निमित सीरम पंचायत अध्यक्ष रंजीत सिंह खेरवार, हेसाग पंचायत अध्यक्ष मतलु उरांव, तुईमू पंचायत अध्यक्ष जयराम असुर, पेशरार पंचायत अध्यक्ष रामदेव खेरवार, रोरद पंचायत अध्यक्ष यमुना नगेशिया प्रखंड क्षेत्र के सभी पांचों पंचायत अध्यक्ष के अलावे उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित थे। वही कमिटी गठन कर जेएमएम के जिला संयोजक सह सेन्हा जिप सदस्य राधा तिर्की द्वारा सभी पंचायत अध्यक्ष व प्रखंड अध्यक्ष से कहा गया कि सभो लोग मिल जुल कर संगठन के निर्देशानुसार कार्य करें और जेएमएम के नीति सिद्धान्त को जन जन तक पंहुचाये तथा ग्रामीणों को सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ दिलाने के लिये निर्देश दिया गया।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त लापता वृद्ध का शव कुएं से बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** मानसिक रूप से खराब लापता वृद्ध का शव कुएं से बरामद हुआ। घटना स्थल पहुंच पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज अग्रतर कारवाई में जुटी। घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला टंगरा टोली का है। वही मृतक की पहचान बदला डूमर टोली निवासी स्वर्गीय बरतु उराँव का 60 वर्षीय पुत्र टेलिया उराँव के रूप में किया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि टेलिया उराँव बिना बताये बीते रविवार को रात्रि में खाना खा कर घर से निकला था। जिसे परिजनों द्वारा काफी खोज बीन किया गया। परंतु टेलिया उरांव का कहीं पता नही चला वहीं परिजन पंचायत क्षेत्र में ही खोजबीन कर रह थे कि टंगरा टोली स्थित ज्ञानचंद अग्रवल के कुएं के समीप मृतक का चप्पल देखने पर संदेह हुआ तो चौकीदार को सूचना देते हुए कुएं में झागर डाल कर देखा तो मृत अवस्था में कुएं से निकाल सेन्हा पुलिस को घटना की सूचना दिया गया। साथ ही परिजनों द्वारा बताया गया कि टेलिया उरांव का मानशिक स्थिति खराब होने के कारण इधर उधर निकल जाता था। उसी क्रम में रविवार को रात्रि में डूमर टोली स्थित अपने घर से निकल गया। तो उसकी पत्नी कुछ दूर तक घुमाने का काफी प्रयास की लेकिन अंधेरा होने के कारण पत्नी के आंख से ओझल हो गया। वही घटना कि सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच जायजा लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज अग्रतर कारवाई में जुट गई। इस संदर्भ में एएसआई जमशेद खान ने बताया कि परिजनों के बताये अनुसार टेलिया उरांव का मानशिक स्थिति खराब होने के कारण कुएं के गहरे पानी में डूबने से मौत होना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया है। जिसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का स्पष्ट पता चल पायेगा।

## युवक ने घर मे रस्सी के सहारे फांसी लगा किया आत्महत्या



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकागुड़ी सेमरटोली ग्राम में अपने खपरैल घर मे युवक ने नायलॉन रस्सी के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया बताया जाता है की सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी सेमरटोली ग्राम निवासी मंगरा उरांव का 32 वर्षीय पुत्र सचिन उरांव घर मे अकेले था। जिसे वह अपने खपरैल घर में लगा हुआ बांस का बल्ली में नायलॉन रस्सी के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। वही मृतक की पत्नी दीपा उरांव ने बताया कि हम नहाने जा रहे हैं बोल के घर के सामने पानी टँकी में नहाने चले गये। नहा कर जब घर लौटे तो देखे घर का दरवाजा दोनों तरफ अंदर से बंद था। जिसे काफी आवाज देने पर मेरा पति घर का दरवाजा नही खोला तो घर के किनारे दीवाल का छोटा सा छेद से बच्चा लोग को घर के अंदर घुसा के दरवाजा खुलवाये जिसे दरवाजा खोल कर अंदर देखे तो सचिन उरांव फांसी का फंदा में झूला हुआ था। वही घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी वारिश हुसैन को मिलते ही उनके निर्देश पर एएसआई घटना स्थल पंहुच शव को कब्जे में पंचनामा बना कर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज अग्रतर करवाई में जुट गये। वही घटना के पश्चात पत्नी व परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## विमरला ट्रकों का परिचालन शीघ्र शुरू नहीं होने पर एसोसिएशन करेगी जोरदार आंदोलन : एसोसिएशन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुमला ट्रक आंनर एसोसिएशन, झारखंड ट्रक आंनर एसोसिएशन विमरला एवं झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑंनर एसोसिएशन की एक संयुक्त बैठक आज बक्शी डीपा में संपन्न हुई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि पिछले तीन दिनों से घाघरा प्रखंड के विमरला रोड में कुछ लोगों के द्वारा जोर जबरदस्ती करके विमरला माइंस में चलने वाले 127 ट्रकों को खड़ा कर दिया गया है। जिसकी सूचना भी जिला प्रशासन को दी गई थी और तीन दिनों से लगातार प्रशासन को लिखित देने के बाद भी पुलिस प्रशासन, अंचलाधिकारी या वरीय जिला पदाधिकारियों के द्वारा गाड़ियों का परिचालन शुरू नहीं कराया गया। इस संदर्भ में एसोसिएशन के माननीय संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद श्री धीरज प्रसाद साहू से मुलाकात कर सारी वस्तु स्थिति से उनको अवगत कराया गया। आज की बैठक में एसोसिएशन ने यह निर्णय लिया है कि दिनांक 6/ 3/2025 तक अगर विमरला ट्रकों का परिचालन जिला प्रशासन शुरू नहीं कराती है तो संगठन बाध्य होकर नेतरहाट रोड आदर मोड़ के समीप जाम करेगी और लगभग 1500 ट्रक जो ऊपर पाट में चलते हैं उन सभी ट्रकों का परिचालन अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा। एसोसिएशन ने साफ विरोध दर्ज कराया है कि जिला प्रशासन की मौन स्वीकृति के कारण कुछ लोग सड़क पर उतरकर दादागिरी कर रहे हैं और ट्रक ड्राइवरो के साथ गाली गलौज एवं कुछ लोड गाड़ियों का माल भी गिरा दिया गया हैं, जिसकी लिखित शिकायत भी घाघरा थाना में की गई है जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आज की बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा गुमला ट्रक ऑंनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, झारखंड ट्रक ओनर एसोसिएशन के सचिव रहमान अंसारी, झारखंड पठारी बॉक्साइट चंदवा ट्रक ओनर एसोसिएशन के सचिव मुद्रिका यादव, धर्मेंद्र कुमार, रोहित अग्रवाल, अभय सिंह, बरज सिंह, अजमल कुरैशी, अनिल साहू, संतोष कुमार, मोहम्मद बबलू, मोहम्मद गुड्डू, सत्येंद्र कुमार, संजय अग्रवाल, पूनम महतो, मोती सिंह, जीतू सिंह, पंकज सिंह, बुल्लू साहू, इरशाद खान, राजेश शर्मा, शशिकांत दास, एन कुजूर, संजय साहू, विनोद ऊराव, शंकर उरांव, मणि महली, महेंद्र प्रसाद, तारकेश्वर महतो, प्रेमनाथ मिश्रा, नीरज अग्रवाल, गजाधर महतो, सुनील भगत, सुभाष गुप्ता, जूनुस किंडो, मुरलीधर सिंह सहित सैकड़ो ओनर उपस्थित थे।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया मंडल कारा का निरीक्षण, अन्य अधिकारी भी रहे मौजूद



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा श्री राजकमल मिश्रा ने आज मंडल कारा लोहरदगा का निरीक्षण किया। उनके साथ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कृष्णकांत मिश्रा,डालसा सचिव राजेश कुमार एवं सिविल कोर्ट निबंधक अमित कुमार गुप्ता भी मौजूद रहे। पीडीजे का यह दौरा उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार एवं झालसा द्वारा दी गई गाईडलाइन के अनुसार किया गया। जेल में बंद विभिन्न बंदियों से बातचीत कर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया की जेल में खानपान, स्वास्थ्य सुविधाएं, रखरखाव, सफाई सही है कि नहीं। उन्होंने मौके पर कई कैदियों से बातचीत कर उनके समस्याओं को जाना। मौके पर जेल अधीक्षक सह अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार एवं जेलर सुबोध कुमार भी उपस्थित रहे। विभिन्न बंदियों ने अपनी समस्याओं को रखा इसके पश्चात एलएडीसीएस के मुख्य अधिवक्ता नसीम अंसारी को पीडीजे ने निर्देश देते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि हर बंदी को उसके केस की जानकारी होनी चाहिए, यह सुनिश्चित किया जाए। महिला बंदियों से मुलाकात कर पीडीजे ने उनकी स्थिति की जानकारी ली। अभी मंडल कारा लोहरदगा में कुल 249 बंदी संसीमित हैं।

## भंडरा थाना परिसर में होली त्योहार को लेकर बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति की हुई बैठक


**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा थाना परिसर में बुधवार को होली त्योहार को लेकर बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें आपसी भाईचारगी के साथ त्योहार मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि रंगों का त्योहार में जिस तरह कई रंग आपस मिलकर एक रंग में मिल जाते है। इसी प्रकार हम सभी को आपसी मनमुटाव को भूलते हुए मिलकर एक साथ आपसी सौहार्द के साथ त्योहार का आनंद उठाना है। उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड प्रशासन क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए पूरी तरह से सजग है। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि भंडरा प्रखंड की पहचान आपसी एकता और भाईचारा के रुप में होती है। भंडरा थाना में योगदान के एक वर्ष हो गए है। जिसमें सभी धर्म के लोगों में एक दूसरे के धर्म के प्रति आदर का भाव देखने को मिला है। जिसे बरकार रखना है। उन्होंने शांति समिति बैठक में पहुंचे बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों से क्षेत्र में त्योहार के दौरान होने वाले कार्यक्रम की जानकारी लेते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने की बात कही है। साथ ही होली त्योहार के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश किया जाता है।

## चलते चलते एक नजर

### एनटीपीसी कहलगांव में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन

**भागलपुर :** सुरक्षा जागरूकता के संकल्प के साथ एनटीपीसी कहलगांव में बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें कार्यकारी निदेशक कहलगांव संदीप नायक ने सुरक्षा ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप नायक कार्यकारी निदेशक कहलगांव ने सभी कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई और सभी से अपने कार्यक्षेत्र एवं निजी जीवन में सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान श्री नायक ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल एक नियम या औपचारिकता नहीं, बल्कि यह हमारी कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें और कार्यस्थल को दुर्घटना-मुक्त बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर नायक द्वारा सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित स्लोगन लेखन, निबंध, और क्विज प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। जिसमें कर्मचारियों, उनके परिवारों और संविदा कर्मियों ने भाग लिया। सुरक्षा दिवस का यह आयोजन सभी कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सुरक्षित कार्य पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### अंसल ग्रुप पर एफआईआर कराने के बाद दूसरे बिल्डरों पर एलडीए होगा सख्त



**लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरन के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को एलडीए के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अंसल ग्रुप की तरह खरीदारों से धोखाधड़ी करने वाले दूसरे बिल्डरों की सूची बनाये और उनके विरूद्ध कार्रवाई की तैयारी करें। साथ ही सरकारी जमीनों पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग, बिल्डिंगों को बनाने वालो को भी चिन्हित किया जाये। अंसल ग्रुप पर खरीदारों से देनदारी, लूट व धोखाधड़ी मामले में गोमती नगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। इसके बाद लखनऊ 23 के करीब छोटे बड़े रजिस्टर्ड बिल्डरों में हड़कम्प मच गया है। कानपुर रोड, सुल्तानपुर रोड, हरदोई रोड, रायबरेली रोड, उन्नाव रोड, अयोध्या रोड पर प्लाटों एवं फ्लैटों की बिक्री करने वाले इन बिल्डरों में दहशत का माहौल हैं। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देशन में ही लखनऊ के सभी जोन में बिना नक्शा स्वीकृत निर्माण कार्यो, अवैध प्लाटिंग, नक्शे से विपरित भवन निर्माण एवं सरकारी जमीनों पर निर्माण कार्यो पर एलडीए के प्रवर्तन टीमें प्रतिदिन कार्रवाई कर रही हैं। जोन दो और पांच में अभी तक सर्वाधिक कार्रवाई हुई है।उप जिलाधिकारी शशि भूषण पाठक ने कहा कि एलडीए की सीमा में गड़बड़ी करने वाले बिल्डरों को ही घबराना चाहिए।

## कोल्ड फॉगिंग धुएं से 3 गुना ज्यादा फायदेमंद : अरुणा शंकर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पद के साथ भी और पद के बाद भी, मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर हमेशा अपने कार्यों की बदौलत काफी चर्चा में बने रहती है। लोगों में यह चर्चा है कि पद से हटते ही जहां अधिकांश जनप्रतिनिधि शिथिल पड़ जाते हैं, लेकिन मेदनीनगर के प्रथम महापौर अरुणा शंकर अपने पद से हटने के बाद भी अपने शहर की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए अपने निजी खर्च से कई कर्मियों को रखकर पैरेलल निगम चला रही है।उन्होंने अपनी टीम में दो इलेक्ट्रीशियन, तीन माली, दो पानी पटाने के लिए कर्मी, पानी हेतु टैंकर और ड्राइवर रखकर सारे चौक चौराहा डिवाइड, गांधी उद्यान,मरीन ड्राइव के लाइट एवं फूल पत्ती को मेंटेन कर रही है। जिसे आए दिन मेंटेनेंस कार्यों में लगे चौक चौराहा रोड पर देखा जाता है। वही अब वॉटर बेस्ड कोल्ड फागिंग मशीन नया खरीद कर पूरे शहर में फागिंग भी करवा रही है। इस मशीन की खूबी है कि इसमें धुआ नहीं होता। लेकिन मच्छर मारने की शक्ति वॉटर बेस्ड फॉगिंग होने के चलते धुआं वाले मशीन से तीन गुना ज्यादा होती है। साथ ही यह मशीन महंगी जरूर है पर स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है।

यह वॉटर बेस्ड मशीन दिल्ली, बंबई, इंदौर चंडीगढ़, रांची और प्रथम महापौर के निजी खर्चे से खरीद कर डाल्टनगंज में संचालित की जा रही है। इन दिनों यह भी चर्चा में है। कुछ दिन पूर्व शहीद चौक का डिवाइड एक ट्रक के टकराने से क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसे निगम टेंडर करा कर बनाने में महीनों लगाती। लेकिन प्रथम महापौर ने रातो रात राज मिस्त्री लगाकर उसे तुरंत बनवा दिया। और अब पूरे डिवाइडर का लाखों रुपया खर्च करते हुए रंग रोगन करा रही है द्य इस संबंध में जब हमारे जनप्रतिनिधि ने प्रथम महापौर से बात की तो उन्होंने कहा कि मुझे एक बार जब निगम की जनता ने नगर माता बना दिया तो मेरा फर्ज है कि मैं पद पर रहूं या ना रहूं, शहर की खूबसूरती को बनाए रखना मेरा और शहर के हर नागरिक का दायित्व है। प्रथम महापौर ने कहा कि अभी ओवर ब्रिज के लाइट भी बदले जाएंगे। मैं जयपुर से मंगवा रही हूं।ताकि हमारा शहर दुल्हन की तरह सजा लगे।

## ज्ञान ही आज के समय में सबसे सशक्त हथियारः विक्रमजीत



एजेंसी

**हिसार :** राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ व एंटी सेक्सुएल हेरेसमेंट सैल की ओर से संयुक्त रूप से 'महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता' विषय पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके लिए अधिवक्ता विक्रमजीत मित्तल मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुए। उनका स्वागत करते हुए महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका शाइना तहरिया ने बुधवार को बताया कि ज्ञान व जागरूकता ही आज के समय में सबसे सशक्त हथियार है और शिक्षा का असल उद्देश्य ना सिर्फ़ शिक्षित नागरिक बल्कि जागरूक नागरिक बनाना है। इसलिए महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना बहुत आवश्यक है।अधिवक्ता विक्रमजीत ने अपने व्याख्यान में महिला सशक्तीकरण से जुड़े हुए विभिन्न कानूनों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो न केवल उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि समाज की नैतिक और संवेदनशीलता को भी चोट पहुंचाती है। यौन उत्पीड़न के खिलाफ महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय कानून और समाज में कई महत्वपूर्ण उपायों की व्यवस्था की गई है।

## कृषि यंत्रों का किया गया वितरण



एजेंसी

**बेतिया :** गन्ना उद्योग विभाग के प्रधान सचिव बी कार्तिकेय धनजी, संयुक्त ईखायुक्त जे पी एन सिंह और सहायक ईखायुक्त रेमन्त झा ने संयुक्त रूप से बुधवार को शुगर इंडस्ट्रीज मझौलिया में 25 किसानों के बीच अनुदानित कृषि यंत्रो का वितरण किया। किसानों से रु ब रु हुए और उनकी समस्याओं का हाल जाना। किसान कारी प्रसाद ने मोटर चालित बोरिंग,डिस्क हेरो रोटर वेटर आदि यंत्रो को इस योजना में शामिल करने की मांग की।

इसपर उन्होंने ईखायुक्त और सहायक ईखायुक्त को दिशा निर्देश जारी किया।गन्ना मूल्य भुगतान के बारे में पूछे जाने पर किसानों ने कहा कि इस बार तीसरे दिन उनके खाते में भुगतान चला जा रहा है।उन्होंने किसानों को कृषि यन्त्रो के उठाव में तेजी लाने की बात कही और उनके प्रशिक्षण पर जोर दिया।मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना के अंतर्गत प्राप्त कृषि यन्त्रो को पाकर किसान बड़ी खुश हुए। इसके पूर्व उन्होंने चीनी मिल के सभागार में क्षेत्रीय किसानों के साथ बैठक कर गन्ना विकास योजना के तहत कृषि यांत्रिकरण वितरण की समीक्षा की। किसानों को कहा कि सूबे की सरकार 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र किसानों को दे रही है। उन्होंने किसानों को समुचित लाभ लेने की बात कही।समारोह की अध्यक्षता सुगर इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड डॉ. जे पी त्रिपाठी ने की।उन्होंने कहा कि कृषि यंत्र में रेजर,पावर वीडर,रैटून मैनेजमेंट डिवाइडर,सुगर केन कटर प्लांटर,इंजन ऑपरेट पावर आदि यंत्र उपलब्ध है। किसान गन्ना विकास विभाग से संपर्क कर यंत्र ले सकते है।

### भूस्खलन से अनिनी-रोइंग राष्ट्रीय राजमार्ग क्षतिग्रस्त

**इटानगर (एजेंसी):** अरुणाचल प्रदेश के दिबांग घाटी जिले के अनिनी-रोइंग क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 313 पर भूस्खलन के बाद जिला प्रशासन ने 6 मार्च तक सभी प्रकार के यातायात के लिए बंद कर दिया है।दिबांग घाटी की डिप्टी कमिश्नर पगली सोरा ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की दोपहर राष्ट्रीय राजमार्ग-313 पर एटलिन स्थित पांच किलो इलाके में बड़ा भूस्खलन हुआ। पहाड़ से बड़ी-बड़ी चट्टानें राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर पड़ीं।

## उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने बरगड़ प्रखंड का किया दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जिले के अति सुदूरवर्ती नक्सल मुक्त बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र का बुधवार को उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से दौरा किया। इस दौरान बूढा पहाड़ विकास परियोजना को लेकर बरगड़ प्रखंड अंतर्गत बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के टेहरी पंचायत समेत अन्य के विकास कार्यो की उपायुक्त ने समीक्षा किया तथा क्षेत्र के लोगों की समस्या सुनी एवं सरकार द्वारा संचालित सभी विकास योजनाओं से ग्रामीणों को आच्छादित करने की बात कही।

इस दौरान उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा उक्त क्षेत्रों के योग्य लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं मनरेगा, आवास, सर्वजन पेंशन, केसीसी, वन अधिकार पट्टा, बाल विकास, शिक्षा, स्किम कम्पलीसन, स्वास्थ्य, पोषण व आधार सीडिंग, पेयजल, विद्युत समेत अन्य योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादित करने की बात कही गई। बूढा पहाड़ क्षेत्र के पंचायतों में विद्युत, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा व सड़क आदि में पर्यास विकास कार्य कराने की बात कही गई। उपायुक्त श्री जमुआर ने बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में पहले के अपेक्षा अब के समय मे सतत विकास कार्य सम्पन्न होने की बात कही गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री पांडेय ने कहा कि बूढ़ा पहाड़ पूर्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आता था जिसे जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा सीआरपीएफ बलों द्वारा अब पूर्णतः नक्सलमुक्त कराकर भयमुक्त वातावरण की मिसाल दी गई है। उन्होंने आमजनों समेत वहां पर रह रहे सुरक्षा बलों (सीआरपीएफ बटालियन) की समस्याओं से भी अवगत होने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में सम्पूर्ण विकास कार्य के साथ-साथ इस सुदुरवर्ती क्षेत्र में विषम परिस्थितियों में रहकर सुरक्षा बलों द्वारा आम जनों को भय मुक्त वातावरण दिया गया है जिसमें सीआरपीएफ के जवानों की अहम भूमिका है। मौके पर सीआरपीफ कमांडेंट ऐन.के. सिंह, डीएफओ साउथ एबिन बेन्नी एब्राह्म, एसडीओ रंका रुद्र प्रताप सिंह, एएसपी राहुल कुमार बराईक, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विभाग धर्मेंद्र कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह, बरगड़ बीडीओ अमित कुमार तथा सीओ राकेश भूषण सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग में विराट कोहली चौथे स्थान पर पहुंचे




एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईसीसी की ताजा वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल कर लिया है। कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रनों की शानदार पारी खेली थी, जिसकी बदौलत उन्होंने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पीछे छोड़ते हुए यह स्थान हासिल किया।रोहित एक स्थान खिसककर पांचवें स्थान पर आ गए हैं, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं।ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ, जिन्होंने भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में हार के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी, भी छह स्थान की छलांग लगाकर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान के उभरते सितारे अज़मतुल्लाह ओमरजई ने आईसीसी वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने अपने हमवतन मोहम्मद नबी को पीछे छोड़ते हुए यह मुकाम पाया। 25 वर्षीय ओमरजई ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट हॉल और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतक शामिल था। उन्होंने कुल 126 रन बनाए, जिससे उन्हें बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी 12 स्थानों का उछाल मिला और अब वह 24वें स्थान (598 रेटिंग अंक) पर आ गए हैं।भारत के अक्षर पटेल भी ऑलराउंडर रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाकर 17 स्थान ऊपर चढ़े और अब 13वें स्थान (194 रेटिंग अंक) पर पहुंच गए हैं, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।


"यातायात नियम अपनायें सुरक्षित झारखण्ड बनायें "

सड़क सुरक्षा, परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार

परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार की अधिसूचना, गजट संख्या- 1171, दिनांक- 26.12.2018 एवं अधिसूचना गजट संख्या- 626, दिनांक -02.08.2019 द्वारा झारखण्ड राज्य के सभी जिलों के राष्ट्रीय मार्गों एवं राज्य मार्गों, नगर निगम क्षेत्र के अंदर एवं बाहर परिचालित होने वाले विनिर्दिष्ट सभी प्रकार के परिवहन यानों की अधिकतम गति सीमा निर्धारित की गई है।

सड़कें हों सुरक्षित सभी के लिए
हर दिन, सुरक्षा दिवस
क्योंकि हमें है आपकी "परवाह"

कृपया वाहन के प्रकार के अनुसार निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलायें।

वाहन को उनकी गति सीमा के अंदर ही चलाएं, इससे जरूरत पड़ने पर वाहन को रोकने तथा नियंत्रित करने का पर्याप्त समय मिलता है।

नियंत्रित गति सीमा से बाहर वाहन चलाने पर, मोटर यान (संशोधन) अधिनियम 2019 की धारा 183 के तहत आपको ₹1000-₹2000 तक दंड स्वरुप भरना पड़ सकता है।

सड़क पर स्पीडिंग या रेसिंग करते पकड़े जाने पर चालक को मोटर यान (संशोधन) अधिनियम 2019 की धारा 189 के तहत पहले अपराध के लिए ₹5000 या 3 महीने के कारावास या दोनों से दंडित किया जायेगा।

" एक्सिलेटर पर रखें कंट्रोल, आपकी जिन्दगी है अनमोल ।"

लीड एजेंसी, सड़क सुरक्षा, परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा जनहित में जारी...

www.jhtransport.gov.in    हमसे जुड़ें :- @jharroadsafety

PR NO-347624 (Transport) 24-25